WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, बुधवार, 26 नवंबर 2025
शुक्ल पक्ष- षष्ठी,
विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक-216 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

अयोध्या राम मंदिर पर फहराई धर्मध्वजा

मोदी भावुक हुए, बोले- अब मानसिक गुलामी से मुक्ति का लक्ष्य; इसने राम को भी काल्पनिक बता दिया

अयोध्या(वार्ता)। अयोध्या का राम मंदिर आज संपूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। सुबह 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में बटन दबाते ही 2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहरने लगी। पीएम भावविभोर हो गए। उन्होंने धर्मध्वजा को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। आज सदियों के घाव भर गए हैं। हम देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। यह मानसिकता इतनी हावी हो गई थी कि वर्षों तक भगवान राम को काल्पनिक बताया गया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के जरिए ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

राम मंदिर की ध्वजा पर तूफान-बारिश भी बेअसर

- ☐ ध्वजा की लंबाई -20 फीट
- ☐ ध्वजा की ऊंचाई -10 फीट
- ☐ ध्वज स्तंभ -42 फीट
- ☐ राम मंदिर का शिखर-161 फीट

- ध्वजा पर डबल-कोटेड सिंथेटिक लेयर लगाई गई है। इस पर नमी, गर्मी और तापमान में बदलाव का असर कम होगा।
- पैराशूट नायलॉन कपड़े से बनी इस ध्वजा पर 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने पर नुकसान नहीं होगा।
- ध्वजा फहराने की रस्सी स्टेनलेस स्टील कोर और नायलॉन से बनी है, जिससे मजबूती और बढ़ जाती है।
- ध्वज स्तंभ को एक 360 डिग्री घूमने वाले चेंबर पर रखा जाएगा, जिससे हवा का रुख बदलने पर ये आसानी से घूम जाए और नुकसान ना हो।

जैसा सपना देखा था, उससे भी भव्य और दिव्य राम मंदिर बना है: मोहन भागवत

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ श्रीराम मंदिर पर धर्म ध्वजारोहण के लिए पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 500 सालों का सपना साकार हुआ है। हमने जैसा सपना देखा था बिल्कुल वैसा ही या उससे भव्य मंदिर बन गया है इसके लिए सबको शुभकामनाए देता हूँ। आरएसएस प्रमुख ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया अदा किया और कहा, 'आज हम सबके लिए सार्थकता का दिवस है। इतने लोगों ने अपने प्राण न्योछावर किए उनको शांति मिली होगी। अशोक सिंघल जी को शांति मिली होगी। आज करोड़ों लोगों की आस्था साकार हुई। श्री भागवत ने कहा कि लोगों को लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा थी। आज धर्मध्वज को नीचे से ऊपर शिखर पर विराजमान होते हुए देखा है। मंदिर के रूप में हमने कुछ तत्वों को ऊपर पहुंचाया है। इससे सबका जीवन अच्छा चलेगा। यह धर्म ध्वज है। इसपर रघुकुल का प्रतीक चिह्न भी है। यह रघुकुल की छाया का प्रतीक है। आरएसएस प्रमुख ने ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

घर-घर से हिड़मा निकलेगा... का नारा लगाने वाली बारह लड़कियां और बाइस लड़के बड़े घर पहुंच गये हैं। उनके खिलाफ जो भी कड़ी कानूनी कार्यवाही होनी है वह तो होती ही रहेगी लेकिन उससे भी बड़ी और कड़ी कार्यवाही तो उन सफेदपोश शहरी नक्सलियों के खिलाफ की जानी चाहिए जो इन जेन-जी के दिमाग में जहर भरते हैं। ये पढ़े लिखे देशद्रोही ज्यादा खतरनाक है जो घर को आग लगवाना चाहते हैं घर के ही चिरागों से ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ सत्तारूढ़ दल के नेता बयान दे रहे हैं कि उनका इलाज होना चाहिए। तो करो न, किसने रोका है?

नारयणपुर पहुंचे 28 नक्सली, कमेटी मेंबर भी करेंगे समर्पण

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग के नारायणपुर जिला मुख्यालय में 28 नक्सली समर्पण करने के लिए पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि, ये सभी दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के मेंबर हैं। इनमें कई बड़े लीडर भी शामिल बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, इस सभी 28 नक्सलियों को बस से नारायणपुर एसपी कार्यालय लाया गया है। बस्तर आईजी समेत कई पुलिस अधिकारियों के सामने इनके आत्मसमर्पण करने की बात कही जा रही है। अबूझमाड़ में नक्सलियों के बड़े लीडर सहित एरिया कमांडर मुख्यधारा में लौटेंगे।

आयुक्त मिलेगे तृणमूल नेताओं से

नई दिल्ली (वार्ता)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में बढ़ते तनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से मिलने के लिए सहमति जतायी है।

दिल्ली में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट

6321.25 औद्योगिक और 505 करोड़ के पर्यटन निवेश के मिले प्रस्ताव

■ छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट शामिल होने पहुंचे सीएम विष्णु देव साय

नई दिल्ली/ रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी दिल्ली में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय भी शामिल होने पहुंचे हैं। जहां पर वे स्टील उद्योग, पर्यटन और निवेश जगत के उद्योगपतियों से मुलाकात की। वहीं साय ने स्टील- टूरिज़्म सेक्टर के दिग्गजों को संबोधित कर छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक संभावनाओं और प्रोत्साहनों को प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे भरोसेमंद, स्थिर और तेज़ी से उभरते हुए औद्योगिक गंतव्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य में ऊर्जा, खनिज, सक्षम मानव संसाधन और निवेशक-हितैषी नीति का ऐसा संयोजन मौजूद है, जो किसी भी उद्योग के लिए अत्यंत उपयुक्त वातावरण तैयार करता है।

एपीएल अपोलो इंडस्ट्रीज ने 1200 करोड़ के निवेश का दिया प्रस्ताव

एपीएल अपोलो इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन संजय गुप्ता ने अपनी टीम के साथ आज नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाक़ात की। मुलाक़ात के दौरान कंपनी ने राज्य में लगभग 1200 करोड़ के औद्योगिक निवेश का बड़ा प्रस्ताव सरकार के समक्ष रखा। कंपनी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि वह छत्तीसगढ़ में उत्पादन क्षमता बढ़ाने और नए औद्योगिक संयंत्रों की स्थापना पर गंभीरता से काम कर रही है। निवेश प्रस्ताव राज्य की नई औद्योगिक नीति और तेज़ी से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे को देखते हुए पेश किया गया है। बैठक में एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल की घोषणा भी की गई। एपीएल अपोलो ग्रुप ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ में 100 बिस्तरों का एक आधुनिक चैरिटी अस्पताल भी जल्द शुरू करेगा, जिससे आम जनता को किफ़ायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकेंगी।

निवेशकों से किया संवादः मुख्यमंत्री साय निवेशकों से सीधा संवाद किया। इस आयोजन में स्टील क्षेत्र, पर्यटन उद्योग ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

इन्विटेशन टू इन्वेस्ट लेटर देंगे सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय निवेशकों से सीधे बातचीत कर रहे हैं और उन्हें राज्य में उद्योग लगाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं, स्थिर नीति, तेज़ी से विकसित होते इंफ्रास्ट्रक्चर और सरल प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इन्वेस्टर कनेक्ट के दौरान सीएम साय प्रमुख उद्योग समूहों को इन्विटेशन टू इन्वेस्ट लेटर देंगे। कार्यक्रम में लखन लाल देवांगन भी शामिल होने के लिए पहुंचे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ को मिले प्रमुख निवेश प्रस्ताव

ग्रीन एनर्जी इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कचरे से बिजली उत्पादन करने वाले 50 मेगावॉट के वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना के लिए 3,769 करोड़ का निवेश प्रस्तावित किया है, जिससे 150 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ में कचरा प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

आईजी-डीजीपी कॉन्फ्रेंस रायपुर में एसपीजी ने संभाला मोर्चा

मॉडल-स्टेट चुनकर बनेगी गाइडलाइन, राष्ट्रीय सुरक्षा पर होगी चर्चा; 27 नवंबर को रिहर्सल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की मौजूदगी में 28 से 30 नवंबर तक नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में 60वां अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन होगा। स्पेशल प्रोटेक्शन गुरप की टीम आज (मंगलवार) रायपुर पहुंचेगी। इससे पहले सिविल लाइन स्थित सी-4 (डायल 112 कंट्रोल रूम) में अफसरों की बैठक चल रही है। 28 नवंबर से होने वाली 3 दिवसीय डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अहम मसलों पर चर्चा होगी। खास जोर साइबर सिक्योरिटी, आतंकवाद विरोधी प्रयास, ड्रग्स नियंत्रण, साइबर सुरक्षा, और सीमा प्रबंधन को लेकर रहेगा। पहले दिन 2, दूसरे दिन 4 और तीसरे दिन 2 सेशन होंगे। इसमें देशभर के डीजीपी और आईजी शामिल होंगे। शाह और डोभाल ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

शहीद दिवस पर पीएम ने सिक्का जारी किया, नया भारत न डरता न रूकता

कुरुक्षेत्र/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज, 25 नवंबर को हरियाणा के दौरे पर हैं। कुरुक्षेत्र में उन्होंने ज्योतिसर अनुभव केंद्र का लोकार्पण और पाञ्चजन्य शंख स्मारक का शुभारंभ किया। इसके बाद क्करू श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर हो रहे समागम में पहुंचे।

उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित किताब का विमोचन किया और सिक्का भी रिलीज किया। क्करू ने संबोधित करते हुए कहा- गुरु तेग बहादुर जी भी सत्य और न्याय को अपना धर्म माना और इसकी रक्षा के लिए अपने प्राण तक दे दिए।जब नौंवी पातशाही गुरु तेग बहादुर यहां आए, तो उन्होंने यहां अपनी साहसिक छाप छोड़ी।

हम न किसी को डराते हैं, न किसी से डरते हैं। यही मंत्र गुरुओं ने दिया। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करते। ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। ये पूरे विश्व ने देखा है। नया भारत न डरता है, न रुकता है, आज भारत पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके बाद प्रधानमंत्री इंटरनेशनल गीता जयंती महोत्सव में शामिल हुए। कुछ देर में वह ब्रह्मसरोवर पर संध्याकालीन आरती में हिस्सा लेंगे।

बड़ा एक्शन

वायरल वीडियों में मासूम को अमानवीय सजा देने पर पालकों में आक्रोष

स्कूल की मान्यता रद्द, 32 स्कूलों को बंद करने का आदेश

आदेश के बाद निजी स्कूल संचालक को में हड़कंप मचा

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से सोमवार को शिक्षकों का अमानवीय व्यव्हार सामने आया था। यहां के एक स्कूल के शिक्षिकाओं ने बच्चे को सजा देते हुए पेड़ पर कपड़े के सहारे ही लटका दिया था। मामले में प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए हंस वाहिनी विद्या मंदिर स्कूल की मान्यता रद्द कर दी है साथ ही जिले के कुल 32 निजी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया गया है। जांच के दौरान निजी स्कूलों में निम्न अनुसार मानकों में सही नहीं पाए जाने पर मान्यता रद्द कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 32 निजी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है। आदेश के बाद निजी स्कूल संचालक को में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने कहा- सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं,किया जाएगा ऐसी स्कूलों की सख्त जांच होगी।

☐ शेष पृष्ठ 6 पर

दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्यवाही

वहीं कई बच्चों ने शिक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा था कि, मैडम कुएं में लटका देती है। यह आरोप बेहद चिंताजनक है। वहीं घटना की वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल शिक्षा विभाग के अधिकारी को मौके पर भेजा। फिलहाल विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई थी। उन्होंने बताया कि, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

होमवर्क पूरा न करने पर पेड़ पर लटकाया था

बालक नर्सरी क्लास में पढ़ाई करता है, उसने अपना होमवर्क पूरा नहीं किया था। जिसके बाद शिक्षिकाओं ने रस्सी के सहारे सजा के तौर पर पेड़ में घण्टों तक लटका दिया। जिस वक्त बच्चे को पेट से लटकाया गया था किसी ग्रामीण ने इसका वीडियो बना सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा स्कूल पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण इक्कठा होकर विरोध जताया।

डॉ. हिमांशु द्विवेदी को पितृशोक

रायपुर/नवप्रदेश। हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी का 84 वर्ष की आयु में 25 नवंबर को देवलोक गमन हो गया है। वे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद रहे पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले सुपुत्र थे। वह लंबे समय तक मध्य प्रदेश शासन के कृषि विभाग में अधिकारी रहे। उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर, बुधवार को निज निवास 3, सिंधी कालोनी ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके बड़े सुपुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी और पुत्रवधु पूजा द्विवेदी हैं।

16 अफसरों का तबादला, प्रफुल्ल टोप्पो वित्त, स्नेहा संभालेगी गृह विभाग

रायपुर/नवप्रदेश। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए 16 अनुभाग अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 25 नवंबर को नवा रायपुर से जारी हुआ, जो तात्कालिक प्रभाव से लागू माना जाएगा। जारी सूची के अनुसार कई अधिकारियों को उनके वर्तमान विभागों से हटाकर अन्य महत्वपूर्ण विभागों में जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभिलाषा दास को जेल विभाग से स्थानांतरित कर त्रष्ठ (क-9) में पदस्थ किया गया है। वहीं मुकेश तांड़ी, जो अभी सामान्य प्रशासन (क-3) में पदस्थ थे, अब कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग में कार्यभार संभालेंगे। अंजू शर्मा को जीएडी(क-6) से ऊर्जा विभाग में भेजा गया है। आशीष कुमार ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

लाख उत्पादन में नंबर 1 बना नक्सल प्रभावित क्षेत्र कांकेर

नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बदली तस्वीर

कभी नक्सल गतिविधियों के कारण सुर्खियों में रहने वाला कांकेर अब लाख उत्पादन के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त कर रहा है और क्षेत्र की छवि बदल रहा है। कांकेर न केवल देश में सबसे उच्च गुणवत्ता वाले लाख का उत्पादन कर रहा है, बल्कि यहां से अब अन्य राज्यों को भी लाख के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

कांकेर। छत्तीसगढ़ का कांकेर जिला, जो कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। अब आधुनिक और उन्नत खेती के लिए पहचान बना रहा है। यहां के किसान धान जैसी पारंपरिक फसलों के साथ-साथ अब लाख की खेती भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छी कमाई हो रही है। लाख उत्पादन के मामले में कांकेर प्रदेश में नंबर वन बन गया है, जहां हर साल लगभग 7 हजार मीट्रिक टन लाख का उत्पादन होता है। पारंपरिक रूप से लाख का उत्पादन कुसुम और बेर के पेड़ों पर किया जाता है। हालांकि, अब किसान 'सेमियालता मॉडल' अपनाकर लाख का उत्पादन कर रहे हैं।

जिसे एक सफल मॉडल के रूप में विकसित किया गया है। कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के अनुसार, सेमियालता के पौधे पर लाख की खेती में शुरुआती लागत के बाद खर्च कम होता जाता है और प्रति एकड़ 1 लाख रुपए तक की आय प्राप्त होती है।

देश का सर्वोच्च गुणवत्ता वाला कुसुमी लाख उत्पादन



जिला कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि कांकेर में देश का सबसे उच्च गुणवत्ता वाला 'कुसुमी लाख' तैयार होता है। लाख के बीज की कमी को दूर करने के लिए सेमियालता में भी उत्पादन शुरू किया गया है। वर्तमान में, लगभग 60-70 एकड़ क्षेत्र में सेमियालता की फसल लगाई गई है।

अमित बघेल को सुप्रीम कोर्ट से मिली फटकार

रायपुर। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल की मुश्किलें अब और बढ़ने वाली है। अपने बयानों को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अमित बघेल को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है।

अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाने पर अमित बघेल को राहत नहीं मिली है। 24 नवंबर को कोर्ट ने साफकर दिया कि जहां-जहां एफआईआर दर्ज हुई है, आरोपी को वहां की कानूनी प्रक्रिया का सामना करना होगा। अमित बघेल की ओर से दर्ज सभी एफआईआर को क्लब करने की मांग पर कोर्ट ने कहा, आप अपनी जुबान संभालकर रखें। राज्य पुलिस आएगी, आपको अपने-अपने राज्यों में ले जाएगी। पूरे देश की सैर का आनंद लीजिए। बता दें कि अमित बघेल पिछले 26 दिनों से फरार है, उन पर 12 राज्यों में एफआईआर दर्ज है।

राजिम विधानसभा क्षेत्र की सभी खराब सड़कों का होगा कायाकल्प

■ विधायक रोहित साहू के प्रयास से 10 करोड़ रुपए से अधिक की मिली स्वीकृति

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र की बहुत पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग अब विधायक रोहित साहू के लगातार प्रयासों से पूरी होने जा रही है। लगातार अनेक विकास परियोजनाओं और वर्षों पुरानी समस्याओं का निदान करने वाले विधायक रोहित साहू ने जब से क्षेत्र के विधायक के रूप में बागडोर संभाली है, तब से ही विकास की एक नई लहर देखने को मिल रही है। उनका कार्यकाल महज पद नहीं, बल्कि जन-सेवा और चौतरफा विकास का पर्याय बन गया है। विधायक रोहित साहू अपने निरंतर प्रयास, सेवा और समर्पण भाव से क्षेत्र के विकास को एक नई पहचान दे रहे हैं। लंबे समय से सुदृढ़ीकरण की बाट जोह रहे राजिम विधानसभा क्षेत्र के मड़वाडीह - सिरीखुर्द सड़क (लंबाई 10.05) के बहुप्रतीक्षित सुदृढ़ीकरण (मजबूत बनाने) कार्य के लिए अंततः 01 करोड़ 71 लाख 63 हजार रुपये की स्वीकृति मिल गई है। साथ ही छुरा ब्लॉक के खरखरा से रसेला मार्ग (लंबाई 18.71 किमी) के मजबूतीकरण के लिए भी 03 करोड़ 18 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अनेक सड़कों के पेंच मरम्मत कार्य हेतु 05 करोड़ 10 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है जिससे क्षेत्र की सड़कों का मरम्मत कार्य भी तत्काल प्रारंभ हो गया है और आमजनों को गड्ढामुक्त सड़कें आवागमन के लिए उपलब्ध रहेंगी।

यह प्रगति का नया मार्ग, डबल इंजन में डबल गति से हो रहा विकास : विधायक रोहित

विधायक रोहित ने इस अवसर पर कहा, ÷यह सिर्फएक सड़क नहीं है, यह हमारे क्षेत्र के समृद्धि और प्रगति का मार्ग है। हमने जनता से जो वादा किया था, उसे पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। लगभग 10 करोड़ रुपए से अधिक की राशि यह सुनिश्चित करेगी कि आने वाले कई वर्षों तक हमारे क्षेत्र की जनता को आवागमन में कोई परेशानी न हो। विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्रीद्वय विजय शर्मा व अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। उन्होंने आगे कहा कि यह महत्वपूर्ण स्वीकृति 'डबल इंजन सरकार' की सौगात है जो सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। यह सौगात स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि जब केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार एक साथ काम करती हैं, तो विकास कितनी तेजी और पारदर्शिता से ज़मीन पर उतरता है।

फर्जी आबकारी अधिकारी बनकर उगाही कर रहे 4 आरोपी पकड़ाए

सक्ती। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां फर्जी आबकारी पुलिस बनकर छापा मारने पहुंचे पांच आरोपियों में से चार को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। यह मामला शक्ति थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, सक्ती के परसदा खुर्द गांव में एक ग्रामीण के घर पांच युवक सोमवार की रात पहुंचे थे। इनमें से एक युवक ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी, जिस पर आबकारी विभाग और पुलिस दोनों के मोनो लगे थे। बाकी चार युवक सिविल ड्रेस में थे। आरोपियों ने खुद को आबकारी विभाग का अधिकारी बताते हुए ग्रामीण को जेल भेजने की धमकी दी और 30 हजार रुपये की मांग करने लगे। ग्रामीणों को शक होने पर आसपास के लोगों ने घेराबंदी कर चार युवकों को पकड़ लिया और उन्हें सक्ती पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान एक आरोपी फरार हो गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेंद्र गोस्वामी, अजय गोस्वामी, रामनारायण धीवर और लोकेश राठौर के रूप में हुई है, जो सभी जांजगीर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से दो बाइक और तीन मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अवैध वसूली सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

रात में सूचना मिली कि कुछ युवक एक घर में घुसकर खुद को आबकारी अधिकारी बताकर वसूली कर रहे हैं। जिसके बाद थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे तो पाया गया।

बालिका छात्रावास की हालत बदतर : ठंड में जमीन पर सोने को छात्राएं मजबूर

पखांजुर। आदिवासी कन्या छात्रावास पखांजूर के पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास की छात्राओं ने अधीक्षिका पर गंभीर लापरवाही और उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। छात्राओं का कहना है कि यहां बिस्तर, सेनेटरी पैड और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ठंड के मौसम में बच्चियां बिना बेडशीट के ही जमीन पर सोने को मजबूर हैं। छात्रावास का नया भवन लाखों रुपये की लागत से बना, लेकिन सुविधाएं शून्य हैं। स्थिति इतनी खराब की छात्राओं के लिए बिस्तर और गद्दा भी नहीं है।

पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर पश्चिम-बंगाल के 3 मजदूरों की मौत

बेमेतरा/कवर्धा। ट्रक से टक्कर के बाद पिकअप सड़क से नीचे दूर फेंका गया। गाड़ी के सामने का हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया। ट्रक से टक्कर के बाद पिकअप सड़क से नीचे दूर फेंका गया। गाड़ी के सामने का हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क हादसे में पश्चिम बंगाल के 3 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए है। 24 नवंबर की रात सभी मजदूर कबीरधाम जिले से काम कर पिकअप में सवार होकर लौट रहे थे, तभी उनकी गाड़ी को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी। हादसे में 3 मजदूरों की जान चली गई। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। घायलों में अजय विश्वकर्मा (22) निवासी बेमेतरा और शुभाशीष चक्रवर्ती (42) निवासी पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल शामिल हैं। जिनका बेमेतरा जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, सभी मजदूर केरल फ्लावर्स बेमेतरा में फूलों का काम करते थे। रात में काम खत्म होने के बाद लौट रहे थे। हादसा इतना भयानक था कि पिकअप बुरी तरह से डैमेज हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने देर रात सड़क पर आवागमन रोककर इलाके में स्पीड कंट्रोल और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की।

प्राइवेट स्कूल के संचालक से मकान बिक्री के नाम पर 40 लाख की ठगी

बिलासपुर। बिलासपुर में प्राइवेट स्कूल के संचालक से धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है. प्रापर्टी बिक्री के नाम पर संचालक से 40 लाख रुपए की ठगी हुई है. शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पूरा मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, जहां सूर्या विहार निवासी प्राइवेट स्कूल के संचालक प्रार्थी अजीत शुक्ला का परिचय दिनेश प्रताप सिंह से हुआ था. दिनेश ने अप्रैल 2024 में उसे भास्कर प्रसाद त्रिपाठी से मिलवाया. भास्कर ने खुद को एसईसीएल कोरबा का कर्मचारी बताते हुए अपना मकान विवेकानंद नगर मोपका में बिक्री के लिए होना बताया. मकान देखने के बाद दोनों पक्षों के बीच 26 अप्रैल 2024 को इकरारनामा हुआ, जिसमें 3 माह में रजिस्ट्री करने की बात हुई। प्रार्थी ने भास्कर को 36 लाख रुपये ऑनलाइन भुगतान किए. लेकिन तय समय पूरा होने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं कराई गई. आरोपियों ने 40 लाख रुपये का फर्जी इकरारनामा तैयार कर लिया. बाद में पता चला कि, जिस मकान की बिक्री का सौदा हुआ था, वह पहले से ही बैंक में बंधक था. जिसकी जानकारी आरोपियों ने छिपाई और धोखाधड़ी की. शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर दोनों आरोपी भास्कर प्रसाद त्रिपाठी और दिनेश प्रताप सिंह ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है।

न्यायिक रिमांड पर जेल गए आरोपी

सिविल लाइन बिलासपुर के सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि सरकंडा थाना में प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके साथ 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है. जिसपर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था. मामले में दो व्यक्तिों की पुलिस ने गिरफ्तारी की है, जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया. दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

मुंगेली व्यापार मेला 2025 का आगाज़

संस्कृति, कला और कारोबार से सजेगा शहर

मुंगेली। स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली द्वारा प्रतिवर्ष मुंगेली व्यापार मेला का आयोजन किया जाता है। दसवें वर्ष का आयोजन 25 नवंबर से वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में शाम 05:30 बजे भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुभारंभ होगा। 7 दिवसीय मुंगेली व्यापार मेला 25 नवंबर से 01 दिसंबर तक आयोजित है। मुंगेली व्यापार मेला लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। लोग इसे मुंगेली का त्यौहार जैसे नाम से जानने लगे हैं।

स्टार्स ऑफ टुमारो टीम के संयोजक रामपाल सिंह ने बताया कि मेले की पूरी तैयारी हो चुकी है। इस बार मेला स्थल को नया रूप दिया गया है। मंच को ऑपरेशन सिंदूर, छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत वर्ष और हरिहर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली को मनमोहक स्वरूप में दिखाने का प्रयास किया गया है। मेला घूमने आने वाले लोगों को परेशानी से बचाने के लिए इसे थोड़ा विस्तृत किया गया है। हमें पूर्ण विश्वास है, लोगों को बहुत पसंद आएगा। हमारी टीम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर करने की कोशिश करती है।

स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित मुंगेली व्यापार मेला में जिले की प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की योजना की जाती है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुंगेली गॉट टैलेंट, मंच संचालन कौशल, भाषण प्रतियोगिता, स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, फूलों की रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, रंग भरो प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता जैसे आयोजन नियोजित किए गए हैं। कार्यक्रम के स्वरूप को विस्तारित करते हुए टीम के अध्यक्ष महावीर सिंह ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि को नागरिकों के लिए स्वस्थ मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक दिखाई देगी।

ब्याज वसूली से परेशान किसान ने किया सुसाइड

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 19 नवंबर की सुबह रामखिलावन साहू का शव (49 साल) सिंघोला धान खरीदी केंद्र के पास एक पेड़ से लटका मिला। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में राजनांदगांव के सर्राफा व्यापारी आरके ज्वेलर्स के संचालक, मंडी कारोबारी उमेश पालीवाल और रमेश पालीवाल के नाम लिखे गए हैं। जानकारी के मुताबिक आरके ज्वेलर्स के संचालक राजू गोलछा हैं।

परिजनों के अनुसार किसान ने इन लोगों से कुछ रकम उधार ली थी, जिस पर 5 प्रतिशत तक ज्यादा ब्याज वसूला जा रहा था। उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं, घटना के 6 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं होने से परिजनों ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं।

हल्की गर्मी से तेज ठंड का सफर, स्वास्थ्य पर हो रहा है असर

भाटापारा/नवप्रदेश। इन दिनो में प्रकृति का महत्वपूर्ण चक्र है मौसम जिसके जरिए प्रकृति के विभिन्न स्वरुपों का दर्शन होता है, सदाबहार मौसम वाले हमारे देश जहां सभी प्रकार के मौसम का समावेश है उपरोक्त परिभाषा यहां मायने रखती है दुनियां के कुछ ही में ऐसी परिस्थितियां है जहां हर तीन चार महिने में मौसम के बदलाव का दर्शन रोता है ऋतुओ से संबंधित मौसम को या करवट जीवन को भी नई करवट एवं एहसास देती है। बदलाव का समय संधिकाल सक्सेस महत्वपूर्ण होता है एक मौसम में दूसरे मौसम में बदलाव की बेला जिसे संधिकाल कहा जाता है। यह

समय विभिन्न दृष्टियों से प्रभावकारी होता है क्योंकि प्रकृति एक मौसम का आवरण छोड़ते हुए दुसरे मौसम का आवरण ग्रहण करती है। और यही बदलाव की बेला कई मायनों में प्रभावित करने वाली होती है खासकर मानव स्वास्थ्य के प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है, क्योंकि मनुष्य शरीर भी एक मौसम से दूसरे मौसम के एहसास में प्रवेश करता है लिहाजा प्रभाव स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। स्वास्थ्य जनक परेशानी की संभावनाः वात पित एवं कफशरीर के अहम तत्व होते है एवं इन्हों से शारीरिक संरचना का संचालन होता है तथा इसी का असंतुलन स्वास्थ्य जनक परेशानी भी खड़ी करता हुआ प्रतीत होता है। चूंकि मौसम का बदलाव शरीर की इन्ही प्रयुतियो को प्रभावित एवं असंतुलित करता है लिहाजा जनक परेशानी को संभावना तेजा है भी इसको नगी नजर आती है। कभी कभी मौसम के बदला उतने ज्यादा प्रभावित करते हुए प्रतीत नही होते है लेकिन कभी बदलाव का असर कुछ ज्यादा दिखाई देता है। जैसा की अभी नजर आ रहा है तथा संधिकाल की बेला ज्यादा प्रभावित करती हुई नजर आ रही है। सर्दी, खासी के बढ़ती हुई मरीज की तादाद बदलाव की परिस्थिति तब सहजता से स्वीकार्य हो जाती है। जब बदलाव की प्रक्रिया भी सहज एवं सरल हो लेकिन यदि बदलाव तेज आवेग एवं अनायास आता हुआ दिखाई दे तो प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती है। शीत ऋतु के प्रभावित होने की बानगी कुछ ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। गौरतलब है कि कार्तिक मास बीत जाने के बाद भी अभी तक ऐसी ठंडक का एहसास नही हुई थी तब जो मौसम की मांग है इसके उलट हल्की गर्मी का परिदृश्य ही नजर आ रहा था। कुलर एवं पंखे का उपयोग बदस्तूर जारी था, लेकिन अनायास एक दो दिन में ठंड का तेवर तेजी से बढ़ता हुआ नजर आ हा है, मौसम के तेवर में तेजी से और अनायास आए इस बदलाव ने जन जीवन को प्रभावित करना शुरु कर दिया है, तथा सर्दी खांसी जैसी समस्या की तादाद बढ़ती हुई नजर आ रही है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि ठंड का तेवर अभी और बढ़ेगा, लिहाजा स्वास्थ्य के जानकारों का कहना है कि इस परिस्थिति में विशेष सतर्कता की आवश्यकता है, तथा शीत से बचने की सलाह भी चिकित्सक दे रहे है।

सिम्स में हाइडेटिड सिस्ट का दूरबीन पद्धति से पांचवा सफल ऑपरेशन

लैप्रोस्कोपिक तकनीक से बड़ी सर्जरी को भी बनाया सुरक्षित व प्रभावी, 10 सेंटीमीटर व्यास के हाइडेटिड सिस्ट को निकालकर हासिल की उपलब्धि

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर के सर्जरी विभाग ने एक बार फिर जटिल सर्जरी में सफलता प्राप्त करते हुए दूरबीन (लैप्रोस्कोपिक) पद्धति से मरीज के लिवर में मौजूद 10 सेंटीमीटर व्यास के हाइडेटिड सिस्ट को सुरक्षित रूप से निकालकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह सिम्स में इस प्रकार का पाँचवाँ सफल लैप्रोस्कोपिक ऑपरेशन है।

मुंगेली निवासी 20 वर्षीय तीजन नेताम पिछले एक महीने से पेट में भारीपन, भूख में कमी और असहजता की समस्या से परेशान थी। सोनोग्राफी तथा गुणवत्ता पूर्ण सीटी स्कैन में मरीज के लिवर के दाहिने हिस्से में बड़ा हाइडेटिड सिस्ट होने का पता चला। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए इसे सिम्स प्रशासन के संज्ञान में लाया गया तथा अधिष्ठाता एवं अधीक्षक के

मार्गदर्शन में मरीज का ऑपरेशन दूरबीन पद्धति से करने का निर्णय लिया गया। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि 'लैप्रोस्कोपिक तकनीक से हाइडेटिड सिस्ट का सफल निष्कासन सिम्स की सर्जिकल क्षमता और कुशलता को दर्शाता है। बड़े सिस्ट का कम चीरे की पद्धति से सुरक्षित उपचार संभव होना आधुनिक चिकित्सा तकनीक का उत्कृष्ट उदाहरण है।' चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि 'सिम्स में लगातार बढ़ रही ऐसी सफल सर्जरियाँ हमारे संस्थान की गुणवत्ता, टीमवर्क और मरीजों के प्रति समर्पण को प्रमाणित करती हैं। हमारा प्रयास है कि हर मरीज को उन्नत उपचार सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।

विशेषज्ञ सर्जन टीम ने किया सफल ऑपरेशन

ऑपरेशन सर्जरी विभाग की विशेष टीम द्वारा किया गया, जिसमें शामिल थे- डॉ. ओ.पी. राज (विभागाध्यक्ष), डॉ. रघुराज सिंह, डॉ. बी.डी. तिवारी, डॉ. प्रियंका माहेश्वर। एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन, डॉ. मयंक आगरे एवं पीजी रेज़िडेंट्स का विशेष योगदान रहा। रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने सीटी स्कैन के माध्यम से बीमारी का सटीक रिपोटिंग कि। ओटी स्टाफ सिस्टर योगेश्वरी, संतोष पांडे और अश्वनी मिश्रा ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। लैप्रोस्कोपिक पद्धति से किए गए इस ऑपरेशन में कम चीरा लगा, रक्तस्राव बेहद कम हुआ, मरीज सामान्य दिनचर्या में जल्दी लौट सकता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत क्रीमनाशक दवाओं का सेवन, तथा स्वच्छ पानी/भोजन के उपयोग से इस रोग से बचाव संभव है। बड़े एवं गहरे सिस्ट लीवर की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं तथा फटने पर गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया (ऐनाफाइलैक्सिस) जैसी जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

हाइडेटिड सिस्ट क्या है?

हाइडेटिड रोग एक परजीवी संक्रमण है जो इकाईनोकोकस ग्रेन्यूलोसस (कुत्ता फीता कृमि) से फैलता है। यह आमतौर पर लीवर और फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों में भी हो सकता है। संक्रमण मुख्यतः दूषित पानी, संक्रमित भोजन, कुत्तों व भेड़ों के संपर्क से फैलता है। लक्षण में पेट दर्द, भारीपन, भूख कम लगना, जल्दी पेट भरने का एहसास।

न्यूज गैलरी

बिना हेलमेट व नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। 22, 23 एवं 24 नवंबर को सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बिलासपुर जिले में विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पूर्व से चिह्नित स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया चालकों तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुल 174 वाहन चालकों पर बिना हेलमेट वाहन चलाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार 46 प्रकरणों में धारा 185 एम.वी. एक्ट के तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की गई। बिलासपुर पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि स्वयं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमेशा हेलमेट पहनें एवं नशे की अवस्था में वाहन बिल्कुल न चलाएँ।

दीवार पर मिला लिपस्टिक से लिखा सुसाइड नोट, पत्नी की हत्या के बाद पति के सुसाइड की आशंका

दंपत्ति की संदिग्ध मौत से सनसनी, पत्नी की लाश बिस्तर पर, पति का शव पंखे से लटकती मिली

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत भूकंप अटल आवास में मंगलवार को एक दंपत्ति की मौत ने पूरे इलाके को दहलाकर रख दिया। घर के अंदर पत्नी की लाश बिस्तर पर और पति की लाश पंखे से लटकती मिली। प्राथमिक जांच में पुलिस इसे पत्नी की हत्या के बाद पति द्वारा की गई खुदकुशी का मामला मान रही है। घटनास्थल से दीवार पर लिपस्टिक से लिखा एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें पत्नी के चरित्र को लेकर पति ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस को सुबह सूचना मिली कि अटल आवास के एक कमरे में रहने वाले सफाईकर्मी दंपत्ति नेहा उर्फ शिवानी तांबे और राज तांबे कई घंटों से बाहर नहीं निकले। दरवाजा खोलने

पत्नी के गले पर खरोंच के निशान

पुलिस को कमरे की दीवार पर लिपस्टिक से लिखा सुसाइड नोट मिला है। इसमें राज ने पत्नी के चरित्र पर शक जताते हुए एक युवक का नाम लिखा है। पुलिस के अनुसार, यह नोट पति द्वारा मौत से पहले लिखा गया प्रतीत होता है। वहीं शिवानी के शव की जांच में पुलिस को गले पर खरोंच और दबाव के निशान मिले हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि राज ने गुस्से में उसकी हत्या की और फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी।

पर दोनों की लाशें संदिग्ध हालत में मिलीं। शिवानी की लाश कमरे के बिस्तर पर पड़ी थी। राज तांबे का शव पंखे से फांसी के फंदे पर लटके मिले। जांच में सामने आया कि राज और शिवानी ने करीब 10 साल पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों सफाईकर्मी के रूप में काम करते थे और उनके तीन छोटे बच्चे हैं। घटना के समय बच्चे घर पर नहीं थे। हालाँकि, पुलिस अभी इस कोण को प्राथमिक मानकर आगे की जांच में जुटी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दंपत्ति के परिजनों, पड़ोसियों और जान-पहचान वालों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डिजिटल-साक्ष्यों की जांच के बाद ही मौतों की असली वजह और घटनाक्रम स्पष्ट होगा।

शारीरिक भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए रघुराज सिंह स्टेडियम में अभ्यास करने कलेक्टर से की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को पुलिस, आर्मी एवं अन्य शारीरिक भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं ने आवेदन देकर जिला कलेक्टर से अभ्यास करने अनुमति मांगी। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि हम बिलासपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले वे युवा हैं जो पुलिस, आर्मी, फायरमैन, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएससी, एसआई, एनडीए सहित विभिन्न सेवाओं में भर्ती होकर अपने परिवार, समाज तथा देश की सेवा करने की इच्छाशक्ति रखते हैं। हम सभी सामान्य, मध्यम एवं निम्र आय वर्ग के परिवारों से संबंधित हैं, जहाँ हमारे माता-पिता दिन-रात मेहनत कर परिवार का जीवनयापन करते हैं।

आर्थिक स्थिति भले कमजोर हो लेकिन उनके मन में सिर्फ एक ही सपना है कि उनके बच्चे वर्दी पहने और भारत माता की रक्षा के लिए आगे बढ़ें। हमारी तैयारी का एकमात्र केंद्र वर्षों से राजारघुराज सिंह स्टेडियम, बिलासपुर रहा है, जहाँ हम प्रतिदिन सुबह-शाम दौड़, सॉन्ग जम्प, हाई जम्प, फिटनेस ड्रिल और अन्य शारीरिक परीक्षणों का अभ्यास करते थे।

पूर्व सरपंच पर अवैध कब्जे की शिकायत, सेवानिवृत्त सचिवों ने अंशदायी पेंशन के लिए लगाई गुहार

■ **कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। जनदर्शन में आज लगभग 50 आवेदन प्राप्त हुए। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज बेलगहना तहसील के ग्राम मोहली के मानसिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर पूर्व सरपंच रामलाल द्वारा किये गये अवैध कब्जे के विरूद्ध शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि श्री रामलाल ने पटवारी से सांठगांठ कर कई एकड़ शासकीय भूमि अपने नाम करवा लिया है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से

मुआवजा राशि की मांग

मस्तुरी ब्लॉक के हरवंश लाल जगत ने घर में आग लगने से हुए क्षति के लिए कलेक्टर से मुआवजा राशि प्रदान करने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि आगजनी की घटना से लगभग 1 से 2 लाख रूपये का सामान जल गया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। कलेक्टर ने एसडीओ मस्तुरी को इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में रकबा संशोधन, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे ज्यादातर आवेदन लोगों ने दिए।

लेते हुए एसडीओ कोटा को जांच करने के निर्देश दिए। बिलासपुर निवासी प्रतीक साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर कहा कि वे 70 प्रतिशत विकलांग है। आर्थिक रूप से वे कमजोर है और जीवन यापन के लिए उनके पास कोई स्थायी साधन नहीं है। उन्होंने शासन की विकलांग पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। कलेक्टर ने उनके ज्ञापन को समाज कल्याण विभाग को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। आज ग्राम पंचायत दर्रीघाट के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर दर्रीघाट पुराने पुल से नेशनल हाईवे तक रोड़ मरम्मत करने या नवीनीकरण कराए जाने की मांग की।

धान खरीदी सीजन में प्रशासन सक्रिय

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के विरूद्ध दनादन कार्रवाई की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जांच टीम ने आज आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। इनमें 5 दुकानों से 338 कट्टा अवैध रूप से रखा गया धान (135 क्विंटल) जब्त किया गया। जब्त धान की कीमत सवा 4 लाख रूपए से ज्यादा की है। मण्डी अधिनियम के तहत उपरोक्त मामलों में केस दर्ज किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि धान की आवक बढ़ने के साथ दलालनुमा लोग भी अपना धान खपाने के प्रयास में लगे हैं। प्रशासन ने ऐसे लोगों की सूची तैयार की है और उनकी हर गतिविधियों पर प्रशासन नजर गड़ाये हुए है। एसडीएम एवं राजस्व विभाग के नेतृत्व में बनी जांच टीम को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज ग्राम सेन्दरी (कोनी) के व्यापारी शत्रुघ्न साहू के संस्थान से 75 कट्टी धान जब्त किया। इसी प्रकार सलका (बेलतरा) निवासी रामकृष्ण कश्यप की संस्थान से 50 कट्टी धान बरामद किया गया। कोटा के थोक व्यापारी हरीश गोयनका के स्वस्तिक ट्रेडर्स फर्म 36 क्विंटल धान जब्त किया गया।

लिंगियाडीह में महिलाओं का धरना, कहा- मकान तोड़कर कॉम्प्लेक्स नहीं बनने देंगे

■ **पूर्व विधायक शैलेश पांडे धरने में शामिल**

बिलासपुर/नवप्रदेश। लिंगियाडीह क्षेत्र में नगर-निगम की संभावित तोड़फोड़ कार्रवाई और जमीन के उपयोग को लेकर महिलाओं का आक्रोश उभरकर सामने आया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएँ सड़क पर उतरीं और सांकेतिक धरना देकर नगर-निगम के खिलाफ विरोध जताया। इस आंदोलन को बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडे भी पहुंचे और महिलाओं की मांगों का समर्थन किया। धरने पर बैठी महिलाओं का आरोप है कि नगर-निगम उनके घरों को तोड़कर

उस भूमि पर गार्डन और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाना चाहती है। महिलाओं का कहना है कि वे वर्षों से इस भूमि पर निवास कर रही हैं और निगम की कार्रवाई गरीबों के निवास के अधिकार पर सीधा हमला है। वहीं नगर-निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में सिर्फ सर्वे कार्य कराया गया है। गार्डन अथवा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स निर्माण का कोई आधिकारिक प्रस्ताव अभी तक पारित नहीं हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं में गलतफहमी फैलाई जा रही है। धरना दे रही महिलाओं और रहवासियों ने स्पष्ट मांग रखी है। नगर-निगम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, गार्डन निर्माण एवं तोड़फोड़ की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाए। उनसे 10 रुपये प्रति वर्गफुट के प्रीमियम पर राशि ली गई है, इसलिए उसी स्थान पर उन्हें पट्टा दिया जाए। मोपका, खमतराई, मंगला, बहतराई आदि क्षेत्रों की तरह लिंगियाडीह के वासियों को भी इसी नियम के तहत पट्टा वितरण किया जाए। रहवासियों ने बताया कि रायपुर अटल नगर के निर्देश दिनांक 01-10-25 और कलेक्टर आदेश क्रमांक 235/भू.अ./2019 के आधार पर साल 2019 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत सर्वे कर 505 हितग्राही परिवारों की सूची तैयार की गई थी।

सुविचार

यदि अच्छे लोगों के साथ कभी कुछ बुरा हो भी जाता है तो यह तय मानिए कि उनके अच्छे के लिए ही होता है। - अज्ञात

तुम ही सो गये दास्तां कहते कहते

हरदिल अजीत अभिनेता धर्मेन्द्र का 89 की आयु में निधन हो गया। उनका निधन फिल्म जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में फैले उनके करोड़ो प्रशंसकों में शोक की लहर दौड़ गई है। हालांकि धर्मेन्द्र ने खुलकर अपनी जिंदगी जी जो भी उन्हें हासिल करना था चो उन्होंने हासिल किया था। दौलत, शेहरत, इज्जत और करोड़ो फैन की मोहब्बत सब उन्होंने हासिल की थी इसके बावजूद अपने अंतिम दिनों में उन्होंने एक रील बनाकर कहा था कि - सब कुछ पाकर भी हासिल-ए-जिंदगी कुछ नहीं....। इस एक पंक्ति में उन्होंने पूरे जीवन का सार कह दिया था। धर्मेन्द्र जितने अच्छे अभिनेता थे उससे कहीं बेहतर वे एक इंसान थे। फिल्मी दुनिया में उन्होंने कड़ी मेहनत और मस्सकत के बाद वह मुकाम हासिल किया था जो बड़े बड़े फिल्म स्टारों को भी हासिल नहीं होता। लगभग 4 दशकों तक उन्होंने अपने शानदार अभिनय से करोड़ो देशवासियों का दिल जीता और उनके दिलों में वे हमेशा जीवित रहेंगे। धर्मेन्द्र फिल्मी दुनिया में जगह बनाने के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ा था। कई कई दिन तक भूखे रहकर प्लेटफॉर्म पर ही सोया करते थे और मिलो पैदल चलकर काम के लिए स्टीडियो-स्टीडियो भटका करते थे। किन्तु उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और मुंबई में हुए एक टैलेन्ट सो में सफल होने के बाद फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे फिल्म से उन्हें ब्रेक मिला। हालांकि यह फिल्म ज्यादा सफल नहीं हुई लेकिन धमेन्द्र के काम को सराहा गया और उन्हें कुछ फिल्मों में अवसर मिला। किन्तु 1964 में आई ओपी रहल्न की फिल्म फूल और पत्थर से उन्हें नई पहचान मिली जो सुपरहिट रही थी। इसके बाद धमेन्द्र ने कभी पिछे मुड़कर नहीं देखा। हालांकि उन्हें कभी सुपरस्टार का दर्जा नहीं मिला और न ही फिल्म फेयर अवार्ड से नवाजा गया। जब धमेन्द्र ने फिल्मी दुनिया में अपने 42 साल पूरे कर लिये तब उन्हें लाइफ टाइम अचिवमेन्ट अवार्ड से नवाजा गया था। उस समय धर्मेन्द्र ने कहा था कि उन्हें सत्यकाम फिल्म के लिए अवार्ड मिलने की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। वे हर बार एक नया सूट सिलवाते थे कि इस बार उन्हें अवार्ड मिलेगा लेकिन वे अवार्ड से वंचित रह जाते थे। बहरहाल किसी आवार्ड से ज्यादा कीमती करोड़ो प्रशंसकों का प्यार होता है जो उन्हें भरपूर मिला। धर्मेन्द्र के आखिरी कुछ साल तन्हा बीते। उन्होंने फिल्मों से लगभग रिटार्यमेन्ट ले लिया था और मुंबई की चकाचौध से दूर वहां से 90 किलो दूर लोनावाला के पास एक फार्महाउस बनवा था जहां वे अपने परिवार से दूर अकेले रहते थे और खेती बाड़ी तथा गौ पालन में अपना समय लगाते थे। आखिर में उन्हें रील बनाने का भी शौक लग गया था और वे प्रयाः बनाकर अपने प्रशंसकों तक अपनी बात पहुंचाते थे। इसी कड़ी में उन्हें अंतिम समय में सब कुछ पाकर भी हासिल कुछ नहीं वाली पोस्ट की थी। धर्मेन्द्र ने हालांकि दो शादियां की थी इसके बावजूद वे अपने अंतिम दिनों में सबसे दूर अकेले रह रहे थे और बड़ी ही अच्छी जिंदगी जी रहे थे। जब वे अस्वस्थ हुए तो उन्हें एक पखवाड़े पूर्व अस्पताल में दाखिल कराया गया था और उनके निधन की झूठी खबर भी फैल गई थी किन्तु वे मौत को भी मात देकर अस्पताल से डिस्चार्ज हुए थे। ऐसा कहा जाता है कि किसी की मौत की झूठी खबर फैल जाये तो उसकी आयु बढ़ जाती है लेकिन धमेन्द्र की आयु बढ़ी भी तो कुछ दिनों के लिए अंततः वे अपने करोड़ो प्रशंसको को रोता बिलकता छोड़कर इस फानी दुनिया से चले गये। वैसे तो हर व्यक्ति जो इस दुनिया में आता है उसे एक न दिन जाना ही पड़ता है लेकिन धमेन्द्र जैसे कलाकार का जाना बहुत पीड़ा देता है। धमेन्द्र अपने प्रशंसको के दिलों में हमेशा बने रहेंगे और नए फिल्म स्टारों के लिए भी प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे। ही-मैन के रूप में जाने जाने वाले धर्मेन्द्र की अंतिम झलक अंतिम झलक न पाने वाले उनके प्रशंसकों को बड़ी निराशा हुई वे भी राजेश खन्ना और लता मंगेश्कर की तरह अंतिम यात्रा के हकदार थे लेकिन पता नहीं क्यों उनके परीजनों ने ऐसा नहीं किया। अंत में धर्मेन्द्र के लिए यही कहा जा सकता है - बड़े गौर से सुन रहा था जमाना तुम्हें तुम सो गये दास्तां कहते कहते।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ गुरु, महापुरुष, प्रकृति, परमात्मा अत्यंत जिज्ञासु कल्याणकामी पुरुषों के लिए, व्यक्तियों के लिए असंभव सा दिख पढ़ने वाले कार्य को इतना सहज और सरल बना देते हैं कि अन्य के विचारधारा में ये बात समाहित भी नहीं हो सकती की ये कैसे हो गया ? यद्यपि इसमें भी उस साधक के दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परम मूल्य है। साधक की दृढ़ इच्छाशक्ति रहे तो प्रकृति, परमात्मा, महापुरुष राह बना देते हैं; खड़े हो जाते हैं कुदाल लेकर। कंकड़ हो तो कंकड़ हटा देते हैं, कांटे हो तो कांटे हटा देते हैं लेकिन इसमें भी पहला स्टेप साधक की अपनी इच्छा शक्ति, अपने आत्म कल्याण का भाव उसके अंदर में सुदृढ़ रूप से हो, गहरे रुप से हो तो गुरु गोविंद बाकी काम कर देते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1865 - लुइस कैरोल की पुस्तक 'एलिस इन वंडरलैंड' अमेरिका में प्रकाशित. 1885 - पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी। 1932 - महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन बनाये। 1948 - नेशनल कैडेट कोर की स्थापना हुई। 1949 - आजाद भारत के संविधान पर संविधान सभा के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किया। 1960 - भारत में पहली बार कानपुर एवं लखनऊ के बीच एसटीडी सेवा शुरु हुई। 1997 - पाक सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने मुख्य न्यायाधीश को निलम्बित किया। 1998 - तुर्की के प्रधानमंत्री मेसुत यिल्माज ने संसद में अपनी सरकार के विश्वासमत हासिल नहीं कर पाने के बाद इस्तीफ़ा दिया।

एक जीवंत दस्तावेज है हमारा संविधान

डॉ.भूपेन्द्र करवन्दे

यह सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए देश को शक्ति व कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। बीते कई वर्षों में हमारी कई समस्याओं का समाधान संविधान के प्रावधानों के अनुरूप हुआ है यही कारण है कि इससे हमारा लोकतंत्र निरंतर मजबूत हुआ है। कई चुनौतियों के बावजूद सवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका ने अपने दायित्व का निर्वहन कुशलता से किया है और यही हमारे भारतीय लोकतंत्र और गणतंत्र की ताकत है। अदालती फैसले और राजनीतिक व्यवहार, बरताव दोनों ने संविधान के अमल में अपनी परिपकता और लचीलेपन का परिचय दिया है । इन्हीं कारणों से हमारा संविधान कानून की एक बंद और जड़ किताब न बन कर एक जीवंत दस्तावेज के रूप में विकसित हो सका है।

संविधान दिवस भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक सिद्धांतों और लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित करने के महत्व की याद दिलाता है, यह दिन न्याय, स्वतंत्रता समानता और बंधुता जैसे संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करता है स भारत का संविधान भारत को एक संप्रभुता, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतान्त्रिक, गणराज्य के रूप में स्थापित करता है स हमारा संविधान हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाए रखने और सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करने की प्रेरणा देता हैस भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष ने एक ऐसी शासन व्यवस्था के ढांचे की आवश्यकता को उजागर किया जो सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता और स्वतंत्रता सुनिश्चित कर सके और इस हेतु संविधान सभा का गठन 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के तहत किया गया, जिसमें 389 सदस्य शामिल थे, जो विभाजन के बाद घटकर 299 हो गए स भारतीय संविधान की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई और यहीं से संविधान बनाने का सिलसिला शुरू हुआ जो संविधान सभा की 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन की कठोर तपस्या के बाद परिपूर्ण हुआ

परिस्थितिगत बदलाव, सामाजिक परिवर्तन और कई बार राजनीतिक उठापटक के चलते विश्व के विभिन्न राष्ट्रों ने अपने संविधान को दोबारा तैयार किया । लेकिन जब हम भारत की ओर नजर दौड़ाते है तो पता चलता है कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया और 26 जनवरी 1950 को औपचारिक रूप से लागू किया गया। तब से लेकर आज तक 75 वर्ष बीत चुके है और हमारा यह संविधान लगातार काम कर रहा है । तो क्या यह मान लिया जाये कि हमारा संविधान इतना अच्छा है कि उसमें बदलाव की जरूरत नहीं है ? क्या हमारे संविधान निर्माता इतने दूरदर्शी थे कि उन्होंने समय के बदलावों और घटनाक्रम का अंदाजा पहले ही लगा लिया था ? एक अर्थ में दोनों ही बाते ठीक है, यह बात सही है कि हमें एक मजबूत संविधान विरासत में मिला है । इस संविधान की बनावट हमारे देश की परिस्थितियों के बेहद अनुकूल है । इसके साथ यह भी सही है कि हमारे संविधान निर्माता इतने दूरदर्शी थे कि उन्होंने भविष्य के कई प्रश्नों का समाधान उसी समय कर लिया था, लेकिन कोई भी संविधान सदा-सर्वदा के लिये ठीक नहीं हो सकता । ऐसा कोई भी

दस्तावेज नहीं होगा जिसे बदलाव की जरूरत न पड़े । हमारे संविधान में इस बात को स्वीकार किया गया है कि समय की जरूरत के अनुसार संविधान में अनुकूल संशोधन किये जा सकते है । हमारे संविधान के व्यवहारिक काम-काज में इस बात की पर्याप्त गुंजाइश होती है कि संविधान के किसी प्रावधान की एक से अधिक व्याख्या होती है ।

प्रत्येक देश के संविधान का अपना एक दर्शन होता है संविधान के दर्शन से अभिप्राय उन आदर्शो से है जिससे संविधान अभिप्रेरित होता है तथा उन नीतियों से है जिन पर संविधान और शासन प्रणाली आधारित होती है। 22 जनवरी 1947 को संविधान सभा ने जिस उद्देश्य प्रस्ताव को स्वीकार किया उसे पं. नेहरू ने 13 दिसंबर 1946 को प्रस्तुत किया था यही उद्देश्य प्रस्ताव में संवैधानिक सिद्धान्तो का शिलान्यास करते हुए संविधान की विचारधारा का निर्माण किया। भारतीय संविधान की अंतरात्मा न्याय, समता, अधिकार और बंधुत्व की भावना से अभिसिंचित है। सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय हमारे वर्तमान संविधान की नियामक महत्वकांक्षाओं में से एक है।

संविधान को अपनाने के ठीक एक दिन पहले 25 नवम्बर 1949 को संविधान सभा को अंतिम बार संबोधित करते हुए डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि ''यदि हम लोकतंत्र को बनाये रखना चाहते है तो मेरे विचार से हम अपने सामाजिक आर्थिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए संविधान के सुझाए रास्ते पर चले इसका मतलब यह कि हम क्रांति के खूनी रास्ते को छोड़ दे। इसके मायने यह भी है कि हम सत्याग्रह, असहयोग और सिविल नाफ़रमानी के रास्ते को भी छोड़ दे। जब सामाजिक आर्थिक उद्देश्य को पाने के लिए कोई संविधान सम्मत कोई रास्ता न बचा हो तो गैर संविधानिक तरीके के इस्तेमाल को न्याय संगत ठहराया जा सकता है, परंतु जब संविधान सम्मत रास्ते खुले हो तो गैर संविधानिक तरीको के लिए कोई कारण नही दिया जा सकता । ऐसे तरीके अराजकता के अलावा कुछ भी नही और जितनी जल्दी हम यह छोड़ देगें उतना ही हमारे लिए बेहतर होगा।''

डॉ. अम्बेडकर का लोकतंत्र के पक्ष में दिया गया यह भाषण संविधान लागू होने के इतने वर्षों बाद भी उतना ही प्रासंगिक है।

वर्तमान समय में भारतीय संविधान के समक्ष कई चुनौतिया है जिनसे कुछ हद तक हम निपटने में कामयाब हुए है, इन्ही चुनौतियों ने हमें सविधान में 106 संशोधन करने की प्रेरणा दी और हमारे संविधान की यह खूबसूरती है कि यह समय और परिस्थितियों के अनुरूप बदलता रहा है। हमारा संविधान सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह सक्षम है। यह संविधान सांस्कृतिक मूल्यों, संवेदनाओं व नैतिकता की दृष्टि से दुनियां के गणतंत्रात्मक देशों में सर्वोत्तम है। इसके अनेक उपबंध वक्त की कसौटियों पर खरे उतरे है।

संविधान दिवस : बदलते भारत की लोकतांत्रिक धड़कन

– महेन्द्र तिवारी

भारत में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है–एक ऐसा दिन जो केवल ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा से सीधा जुड़ा हुआ उत्सव है। यह वही तारीख है जब 1949 में संविधान सभा ने गहन विचार-विमर्श और लगभग तीन वर्षों की कठिन परिश्रमपूर्ण प्रक्रिया के बाद भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से स्वीकार किया। यह दस्तावेज़ मात्र क़ानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत की सामूहिक आकांक्षाओं, संघर्षों और भविष्य के सपनों का जीवंत घोषणापत्र है। संविधान का निर्माण उस दौर में हुआ जब देश औपनिवेशिक शोषण से निकलकर लोकतांत्रिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहा था, और इसके निर्माताओं ने यह सुनिश्चित किया कि यह संविधान न केवल तत्कालीन भारत की आवश्यकताओं को पूरा करे, बल्कि आने वाले समय की विषमताओं और चुनौतियों का भी सामना कर सके।

संविधान बनने की प्रक्रिया अपने आप में एक महान लोकतांत्रिक साहसिक कार्य थी। 9 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक हुई, और इसके साथ ही एक नए राष्ट्र की रूपरेखा लिखे जाने का दायित्व शुरू हुआ। लगभग 2 साल 11 महीने और 18 दिन–यानी 166 बैठकों के दौरान–इस सभा ने भारत की विविध भाषा, संस्कृति, विचारधाराओं और सामाजिक संरचनाओं को समझते हुए एक ऐसा दस्तावेज़ तैयार किया जो विश्व में सबसे विस्तृत और व्यवहारिक संविधानों में आज भी गिना जाता है। 26 नवंबर 1949 को इसे सदन ने अपनाया और दो महीने बाद, 26 जनवरी 1950 से लागू करते हुए भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। यही कारण है कि गणतंत्र दिवस का उत्सव भी इसी दिन मनाया जाता है।

संविधान दिवस का औपचारिक उत्सव 2015 में शुरू हुआ, जब भारत सरकार ने डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 125वीं जयंती को विशेष रूप से चिह्नित करने का निर्णय लिया। डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है। उन्होंने न केवल संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी विद्वता और दूरदर्शिता का परिचय दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि स्वतंत्र भारत की नींव सामाजिक न्याय, समानता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर टिकी रहे। उनका योगदान केवल विधिक नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी आधार था। संविधान के माध्यम से उन्होंने भारत को न केवल अधिकारों से समृद्ध किया, बल्कि नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति भी सजग किया। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–ये केवल शब्द नहीं, बल्कि भारतीय समाज के निर्माण के मूल स्तंभ हैं।

आज जब संविधान दिवस मनाया जाता है, तो यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। संविधान हमें लगातार यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल चुनावों या सरकारों तक सीमित नहीं होता, बल्कि नागरिक चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। हमारा संविधान 'जीवित दस्तावेज़' इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह समाज की बदलती आवश्यकताओं के साथ स्वयं को संशोधित करता है। इसके तहत अब तक अनेक संशोधन किए जा चुके हैं, जो यह दर्शाते हैं कि भारतीय लोकतंत्र संवाद, सुधार और विकास की प्रक्रिया से लगातार गुजरता रहता है। संविधान दिवस की सबसे बड़ी महत्ता इस बात में निहित है कि यह नागरिकों को उनके अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। मौलिक कर्तव्य केवल संविधान में लिखे शब्द नहीं, बल्कि नागरिक जीवन की नैतिक दिशा हैं, जो हमें राष्ट्र, समाज और अगली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। आज के समय में, जब डिजिटल मीडिया, सामाजिक संवाद और विचारों का प्रवाह बेहद तीव्र हो चुका है, संविधान के मूल्यों की प्रासंगिकता पहले से अधिक बढ़ गई है। यह मूल्य हमें सहिष्णुता, विवेक, समान अवसर और न्याय के मार्ग पर बनाए रखते हैं–चाहे राजनीतिक मतभेद हों, सांस्कृतिक विविधता हो या सामाजिक संघर्ष।

देश भर में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम–चाहे न्यायालयों में प्रस्तावना का पाठ हो, विद्यालयों में निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ हों, या सरकारी संस्थानों में जागरूकता अभियान–इनका उद्देश्य यही है कि नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, संवैधानिक नैतिकता को समझे और आत्मसात करे। यह अत्यंत आवश्यक भी है, क्योंकि लोकतांत्रिक समाज तभी मजबूत होता है जब उसके नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जितने सजग हों, उतने ही कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध भी हों।

भारत का संविधान कई बड़े देशों के संविधानों से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया, लेकिन इसका स्वरूप अद्वितीय है। इसमें संघीय ढांचे और एकात्मक प्रवृत्तियों का संतुलन रखा गया है, जो भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखकर चुना गया। संसद की संसदीय प्रणाली, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, कार्यपालिका का उत्तरदायित्व, नागरिक स्वतंत्रताओं की सुरक्षा और सामाजिक न्याय–ये सभी तत्व भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को सक्षम बनाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संविधान सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को खत्म करने की दिशा में राज्य को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

आज संविधान दिवस उस वचनबद्धता को याद करने का अवसर है जो हमारे पूर्वजों ने एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और स्वतंत्र भारत के निर्माण के लिए निभाई थी। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, संवेदनशीलता और नैतिकता से जीवित और शक्तिशाली रहता है। एक सशक्त राष्ट्र वही होता है जहाँ लोग अपने अधिकारों का संरक्षण करते हुए दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करें, और जहाँ कर्तव्य केवल औपचारिकता न रहकर जीवन का हिस्सा बन जाएँ। अंततः, संविधान दिवस हमें यह सीख देता है कि लोकतंत्र को जीवन्त रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि संविधान में निहित आदर्श आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित और सार्थक बने रहें।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क्या यही अब

क्या यही अब मेरी है सच्चाई, 'इक समंदर है मेरी तनहाई'। दिल की सीढ़ी पे कितने साए मिले, हर कदम पर मिली है रुसवाई। तू गया तो ये खामुशी बरसी, मैंने महसूस की है तन्हाई। मेरे अंदर की है हवा बोझिल, साँस लेना मुझे न रास आई। एक रस्ता था जहाँ तुम भी थे, अब वही मोड़ पर है परछाई। मैंने चाहा था कुछ कहूँ उनसे, पर जुबां ने खामुशी अपनाई। घर के हर कोने में था सन्नाटा, आज खुद से मैं कितनी बतियाई।

– **रूबी झा 'कमल'**

वक्त की कमसिन

वक्त की कमसिन अदा है बेवफ़ा है ज़िन्दगी गर मुहब्बत हो गई तो इक नशा है ज़िन्दगी। थी ये ख्वाहिश मिल ही जाएगी किसी एक मोड़ पर उम्र बीती पर अभी तक लापता है ज़िन्दगी। फूट कर हो जाएगा इक दिन फ़ना मिट्टी में ही सोच पानी का बना इक बुलबुला है ज़िन्दगी। ले पयामों को हवा के संग आती रोज है दर पे दस्तक दे मगर क्यों गुमशुदा है ज़िन्दगी। वो 'तनुज' समझाए पल पल साद रहने का हुनर मानते जिसको नहीं वो मशवरा है ज़िन्दगी। – **सतीश मैथिल तनुज**

यूँ तो जीते हुए मुद्दत हुई है मगर खुल कर

यूँ तो जीते हुए मुद्दत हुई है मगर खुल कर जिये मुद्दत हुई है ग़ज़ल उम्दा कहे मुद्दत हुई है कोई चेहरा पढ़े मुद्दत हुई है बहुत मशगूल हूँ मैं ज़िन्दगी में मुझे खुद से मिले मुद्दत हुई है मेरा मन, अनमना-सा हो रहा है कोई धड़कन सुने मुद्दत हुई है उसे इस बात की कोई ख़बर दे मुझे उसका हुए मुद्दत हुई है । – **अजय अज्ञात**

जिंदगी का सफ़र तो एक हसीन

जिंदगी का सफ़र तो एक हसीन सफ़र है, हर किसी को कमल किसी की तलाश है, किसी के पास मंजिल है तो राह नहीं, और किसी के पास राह है तो मंजिल नहीं।। – **कमलकांत डोंगरे**

मोर्चों पर लड़ते हुए योद्धा पहाड़ों पर

मोर्चों पर लड़ते हुए योद्धा पहाड़ों पर चढ़ते हुए पर्वता रोही अंधेरे में काम करते लेखक खुद मैले कुचैले रहकर सुंदर चित्र बनाते चित्रकार अपने शरीर से लड़ नहीं रहे होते हैं वे अपने संकल्प को अपनी तलाश

को दिशवान बना रहे होते है अर्थ की तलाश एक दिशा है प्रेणना हैं अग्रसरता है अभौतिकता है उन्नयन है संकल्पना हैं एक अर्थ में हम उसे मनुष्य की ससाधना भी कह सकते हैं। – **हेमा पांडेय**

स्ढ्क्रमामले मे झारखंड राज्य

SIR मामले मे झारखंड राज्य के मंत्री इरफान अंसारी का बयान देश के विरूद्ध बयान है ,भारतीय निर्वाचन आयोग को अंसारी पर मुकदमा दर्ज कराना चाहिए। अंसारी को यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नही हटाते है तो राज्यपाल उनको संविधान मे दिये गये नियमो के अनुसार अंसारी को बर्खास्त करना चाहिए। – **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

हैरान हूं परेशान हूँ ऐ जिन्दगी मौत तुझ

हैरान हूं परेशान हूँ ऐ जिन्दगी मौत तुझ में ऐसा क्या है जब चाहती है जिसे चाहती हूं तू अकारण खींच ले जाती है, खुद पर तो तोहमत तूझे बर्दाश्त नहीं तो कभी हार्ट अटैक कभी, ब्रेन हेमरेज, किडनी डैमेज और तो और कैंसर भी अचानक। – **सुनिता पुष्पराज पांडेय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन बीते कल से ठीक रहेगा। मन आध्यात्मिक कार्यो में रुचि लेगा कार्य करते हुए भी मन ही मन धार्मिक विचार चलते रहेंगे।

वृषः आज के दिन आपका गुस्सा आस पास रहने वालों को सहज नही बैठने देगा। सेहत में कोई न कोई समस्या बनी रहेगी जिससे कार्य करने के लिये पूरी तरह तैयार नही रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये सामान्य से अधिक शुभ रहेगा आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनायेगे आस पास वाले लोग उसके विपरीत राय देंगे।

कर्कः आज का दिन खर्चीला साबित होगा घर अथवा कार्य क्षेत्र पर ना चाहते हुए भी आवश्यकता से अधिक खर्च करना पड़ेगा।

सिंहः आज का दिन आपको राहत प्रदान करेगा बुद्धि विवेक का विकास होगा समाज मे आपकी अलग पहचान बनेगी किसी से काम निकालना भी आसान होगा।

कन्याः आज का दिन प्रतिकूल रहेगा आज आपको वाणी और व्यवहार संयमित रखने की सलाह है। जिसे आप अपना हितैषी समझकर व्यक्तिगत सुख दुख में शामिल करेंगे वही आपके साथ धोखा करेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिये शुभ फलदायी रहेगा आज आपको घर एवं बाहर अन्य दिनों की तुलना में कम परिश्रम करना पड़ेगा धन की आमद तो आज अनिश्चित रहेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आपका व्यवहार अन्य लोगो के प्रति लापरवाह रहेगा आज आप अपने मे ही मगन रहेंगे आवश्यक घरेलू कार्यो को भी बिना कलह के नही करेंगे। कार्य क्षेत्र पर भी ऐसा ही व्यवहार रहेगा स्वयं कुछ करेंगे नही कोई करेगा।

धनुः आज के दिन आप मध्यान तक किसी बहु प्रतीक्षित कार्यो को लेकर उलझन में रहेंगे स्वभाव में व्यवहारिकता थोड़ी कम रहेगी जिसके कारण अपने कार्य निकालने में परेशानी आएगी।

मकरः आज का दिन विपरीत फलदायी रहेगा जल्दबाजी में कोई कार्य ना करें अन्यथा हानि निश्चित है। दिन के आरंभ में स्वभाव में रूखापन रहेगा।

कुंभः आज के दिन आपका सार्वजनिक जीवन बेहतर बनेगा लेकिन दिखावे की मानसिकता रहने के कारण आवश्यकता से अधिक खर्च करेंगे जिसके फलस्वरूप बजट प्रभावित होगा। सेहत आज सामान्य रहेगी।

मीनः आज का दिन भाग दौड़ वाला रहेगा लेकिन परिश्रम का फल किसी न किसी रूप में शुभ ही मिलेगा। दिन के आरंभ से मन मे व्यवसाय वृद्धि को लेकर तरह तरह के विचार आएंगे मध्यान तक इसी उधेड़बुन में लगे रहेंगे ।

QUIZ TIME

1) गुप्त काल में हलिवकार क्या था?

2) हर साल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस किस दिन मनाया जाता है?

3) रणथंभौर टाइगर रिजर्व किस दो पर्वत श्रृंखलाओं के संगम पर स्थित है?

4) ब्लू घोस्ट मिशन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

5) भारत की पहली हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस सेवा कहां शुरू की गई थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कर का एक प्रकार (2) 21 अक्टूबर (3) अरावली और विंध्याचल (4) चंद्रमा के वातावरण को बेहतर समझना (5) एम्स ऋषिकेश

कार्टून

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से लुडेग क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

- **पूनापारा से लबनीपारा तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण को मिली मंजूरी**
- **ग्रामीण संपर्क मार्ग हेतु 5 करोड़ 41 लाख रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के पहल से ग्राम पंचायत लुडेग के पूनापारा से लबनीपारा मुख्य बस्ती तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल इस कार्य के लिए पाँच करोड़ इकतालीस लाख तेरह हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। वित्त विभाग ने इस पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

जिले के ग्रामीण अंचलों में सड़क सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए लुड़ेग क्षेत्रवासियों को सौगात दी है।

ग्रामीणों को कई स्तरों पर मिलेगा लाभ

लुडेग क्षेत्र की यह सड़क लंबे समय से कच्ची होने के कारण ग्रामीणों के दैनिक जीवन में कई बाधाएँ पैदा करती थी। वर्षा ऋतु में रास्ता खराब होने से आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता था। कृषि उपज को बाजार या मंडी तक पहुँचाने में अतिरिक्त समय और श्रम लगता था, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता था। विद्यालय और महाविद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों को भी प्रतिदिन असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाएँ समय पर ग्रामीणों तक नहीं पहुँच पाती थीं और आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने में भी विलंब होता था। सड़क निर्माण पूर्ण होने पर इन सभी समस्याओं का समाधान होगा तथा ग्रामीणों के जीवन में व्यापक सुधार आएगा। क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, जबकि सामाजिक जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील पहल

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की दूरदृष्टि और संवेदनशीलता लगातार सामने आ रही है। राज्य सरकार द्वारा सुदूर अंचलों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जा रहा है। लुडेग क्षेत्र के लिए स्वीकृत यह सड़क राज्य शासन की प्राथमिकता में ग्रामीण विकास को दिए जा रहे महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

ग्रामीणों में उत्साह, मुख्यमंत्री के प्रति आभार

पूनापारा, लबनीपारा और आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर खुशी व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्णय से उनके लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष और प्रतीक्षा का अंत हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि क्षेत्र की समग्र प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

संक्षिप्त खबरें

पीएम सूर्यघर से बैकुंठपुर निवासी शीतल गुप्ता का घर हुआ रोशन

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना से कोरिया जिले के बैकुंठपुर निवासी श्री

शीतल गुप्ता का घर रोशन हुआ है। वे इस योजना का लाभ लेकर अपने घर का ऊर्जा बचत और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ा है। पीएम सूर्यघर योजना के हितग्राही श्री गुप्ता बताते हैं कि उन्हें इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मिली। योजना के बारे में विस्तार से जानने के बाद वे निकटतम बिजली कार्यालय पहुँचे और वहां आवश्यक प्रक्रिया समझकर आवेदन किया। उन्होंने अपने घर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया, जिसके लिए उन्हें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से ऋण भी सहज रूप से उपलब्ध हो गया। सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार से मिलने वाली 78 हजार रुपए की सब्सिडी उन्हें समय पर प्राप्त हो गई। श्री गुप्ता का कहना है कि इस योजना से जुड़कर उन्हें अब महंगे बिजली बिलों से छुटकारा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, वे इसे एक ऐसा कदम मानते हैं जो न केवल परिवार पर आर्थिक बोझ कम करेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा।पीएम सूर्यघर योजना के माध्यम से शीतल गुप्ता जैसे लाभार्थी अब स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा की ओर बढ़ते नए भारत के प्रतीक बनते जा रहे हैं।

सोरो व्यपवर्तन और कोनपारा तालाब के कार्यों के लिए 6.93 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के की दो सिंचाई योजनाओं के लिए 6 करोड़ 93 लाख 35 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं स्वीकृत सिंचाई योजनाओं में विकासखण्ड-फरसाबहार की कोनपारा तालाब (दलटोली डेम) का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ 47 लाख 21 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 243 हेक्टेयर के विरूद्ध 201 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई उपलब्ध होगी। जशपुर जिले के विकासखण्ड-बगीचा की सोरो व्यपवर्तन योजना का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ 46 लाख 14 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 122 हेक्टेयर के विरूद्ध 86 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। सिंचाई योजनाओं के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

सरकार की संवेदनशील पहल से दिव्यांगजनों को तत्काल मिल रही ट्रायसायकल एवं बैसाखी

रायपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग की सहायक उपकरण वितरण योजना के तहत जनपद पंचायत गौरेला के गांगपुर निवासी श्री

हेमलाल भानु को उनके आवेदन पर तत्काल ट्रायसायकल और बैसाखी प्राप्त होने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हेमलाल ने कहा कि उन्होंने सोचा था कि केवल ट्रायसायकल मिलेगा, लेकिन साथ में बैसाखी भी मिलने से वे बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि कई बार वे अन्य विभागों में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जाते थे, पर उन्हें केवल आवेदन लेने की जानकारी ही मिलती थी और कोई त्वरित कार्रवाई नहीं होती थी, लेकिन 21 नवंबर 2025 को दिए गए आवेदन का समाज कल्याण विभाग ने तत्परता से जवाब देते हुए उन्हें तुरंत सहायक उपकरण उपलब्ध कराए। हेमलाल ने समाज कल्याण विभाग और सरकार को इसके लिए धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सशक्त नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने विकलांगजन सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सहायक उपकरण वितरण की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाया है। इस योजना से हेमलाल जैसे कई विकलांग जनों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है, जो समाज में उनकी भागीदारी को आगे बढ़ाने में सहायक है।

दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 7.48 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 7 करोड़ 48 लाख 58 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत सिंचाई योजना के कार्यों में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड शंकरगढ़ की खर्रानाला स्टापडेम निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ 74 लाख 19 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना से निस्तारी, भूजल संवर्धन, पेयजल, आवागमन एवं किसानों द्वारा स्वयं के साधन से 58 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा होगी। सरगुजा जिले के विकासखण्ड-उदयपुर की पण्डरीडांड जलाशय के बांध एवं नहर जीर्णोद्धार कार्य हेतु तीन करोड़ 74 लाख 39 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

प्रदेश के सभी किसानों को धान खरीदी केंद्र में दी जा रही है सभी बुनियादी सुविधाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश भर में चल रहा धान खरीदी अभियान पूरी तरह सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ रहा है। जशपुर जिले के सभी 46 धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि प्रत्येक पंजीकृत किसान बिना किसी परेशानी के अपने धान की बिक्री कर सके।

धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था अत्यंत संतोषजनक

प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों का धान प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जाए और किसी भी स्तर पर देरी या असुविधा न हो। इसी व्यवस्था के अंतर्गत पत्थलगांव विकासखण्ड के बागबहार धान खरीदी केंद्र में ग्राम मयूरनांचा के किसान सुशांत कुमार साहू ने आज अपना धान बेचा। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में व्यवस्था अत्यंत संतोषजनक थी। कर्मचारियों ने सहयोगपूर्ण व्यवहार किया और धान तौलने से लेकर रसीद प्राप्त करने तक पूरे प्रक्रिया में उन्हें कहीं भी कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि सोसायटी में उनके नाम से पंजीयन पहले से ही सही तरीके से दर्ज था, जिसके कारण खरीदी प्रक्रिया और भी सरल हो गई।

धान खरीदी की व्यवस्था को मजबूत

किसान सुशांत कुमार ने प्रशासन व सोसायटी की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र में पानी, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध थीं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। जिले में इस वर्ष धान खरीदी की व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव किसानों तक सीधे रूप से पहुंच रहा है।

धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी विशेष व्यवस्था

खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में 31 जनवरी तक होगा धान खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में धान उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए राज्य शासन द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। लगभग 50 कार्य दिवसों में खरीदी कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों की सुविधा के लिए पूर्व की भांति इस वर्ष भी टोकन जारी कर धान खरीदी की जा रही है।

टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन उपलब्ध

राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों की भूमि धारिता के आधार पर टोकन जारी किए जा रहे हैं। 2 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को एक टोकन, 2 से 10 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को अधिकतम 2 टोकन और 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को अधिकतम 3 टोकन जारी किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि किसान टोकन उपार्जन केंद्र से सीधे प्राप्त कर सकते हैं अथवा टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं भी टोकन ले सकते हैं। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध है।

शिकायतें एवं सुझाव खाद्य विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 पर

इसके अलावा धान खरीदी से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव खाद्य विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 पर दर्ज कराए जा सकते हैं। इसके साथ ही जिले में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तथा कॉल सेंटर का गठन किया गया है, जो धान की रीसाइक्लिंग पर रोक, कोचियों/बिचौलियों की गतिविधियों की निगरानी और धान के उठाव एवं परिवहन की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर रहा है।

प्रशासन ने अपील की है कि उपार्जन केंद्र में धान लाते समय किसान-धान को अच्छी तरह सुखाकर लाएं, जिसमें नमी 17 प्रतिशत से अधिक न हो, धान साफ-सुथरा एवं अशुद्धियों से मुक्त हो। साथ में टोकन, ऋण पुस्तिका एवं आधार कार्ड अवश्य रखें। जिला प्रशासन ने किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित निर्देशों का पालन करते हुए समय पर धान विक्रय करें, जिससे खरीदी कार्य सुचारू एवं बाधारहित पूर्ण किया जा सके।

डिजिटल सुविधाओं से धान खरीदी प्रक्रिया हुई आसान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में धान खरीदी ने रफ्तार पकड़ ली है धान विक्रय होने के बाद त्वरित रूप से किसानों के खाते में भुगतान भी किया जा रहा है, जिससे किसान काफी खुश हैं। बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड के धान उपार्जन केंद्र सेंदरी पहुंचे ग्राम अमतरा के किसान धनीराम देवांगन को धान बेचने के बाद त्वरित रूप से 1 लाख 91 हजार रूपए की राशि खाते में आ गई। उन्होंने बताया कि टोकन कटाने से लेकर भुगतान प्राप्त करने में उन्हें किसी तरह की समस्या नहीं हुई। इस त्वरित व्यवस्था से वे काफी खुश है, उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों का जीवन अब संवर रहा है।

5 दिन के भीतर उनके खाते में राशि का हस्तांतरण : बिल्हा विकासखंड के सेंदरी धान उपार्जन केंद्र पहुंचे ग्राम अमतरा के किसान श्री धनीराम देवांगन ने बताया कि वे 6 एकड़ में खेती करते हैं और इस वर्ष उन्होंने 140 क्विंटल धान बेचा।

मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया धान खरीदी केन्द्र डांडगांव का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत डांडगांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और केन्द्र के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे धान खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं त्वरित बनाएं। किसानों ने मंत्री श्री अग्रवाल से कहा कि प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद से हजारों किसानों को लाभ मिला है। वहीं 'टोकन तुंहर हाथ ऐप' के माध्यम से किसानों को घर बैठे आसानी से धान विक्रय का टोकन मिलने से उपार्जन केन्द्रों पर लंबी कतारों और देरी की परेशानी खत्म हो गई है।

17 व्यापारियों से 13 लाख रूपए का 622 क्विंटल पुराना धान जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देश पर प्रदेश में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मुंगेली जिले में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में अवैध धान के क्रय-विक्रय और भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले भर में थोक और चिल्हर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान अब तक कुल 17 व्यापारियों के यहां पुराने धान का प्रकरण दर्ज किया गया है। टीम ने इन प्रतिष्ठानों से कुल 622.80 क्विंटल धान जब्त किया है, जिसकी मंडी उपज अधिनियम के तहत आंकी गई कुल कीमत 13 लाख 02 हजार 120 रुपये है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि सभी प्रकरणों को मंडी अधिनियम के अंतर्गत विधिवत दर्ज किया गया है। यह जांच धान खरीदी पूर्ण होने तक जारी रहेगी, ताकि रबी फसल का पुराना धान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान में किसी भी स्थिति में मिश्रित न हो सके।

पहल... कोण्डागांव जिला बन रहा सौर ऊर्जा का नया हब

माकड़ी ब्लॉक में 100 पीएम सूर्य घर का सफल इंस्टालेशन

रायपुर/नवप्रदेश। सोलर उर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कोंडागांव जिले का माकड़ी ब्लॉक आज पूरे बस्तर संभाग में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक नया केन्द्र बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ÷हर घर सोलर÷ विज़न को वास्तविक रूप देने वाली पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने इस क्षेत्र में न केवल सुलभ ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित की है, बल्कि इससे ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलाव आया है। डिस्ट्रिब्यूशन सेंटर मॉकडी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 100 घरों में रूफ्टॉप सोलर सिस्टम को सफ्लतापूर्वक ग्रिड से सिंक्रोनाइज करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है, जो साबित करती है कि दूरस्थ और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी सौर ऊर्जा अपनाने की जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक जिले में कुल 284 घरों में सोलर पैनल लग चुका है, जिसमें 50 से अधिक इंस्टॉलेशन सिर्फग्राम माकड़ी में ही किए गए हैं।

उक्त योजना के तहत घरों की छतों पर स्थापित सोलर पैनल से घरेलू खपत की पूर्ति में सक्षम होते हैं और बिजली की अतिरिक्त उत्पादन से आय भी प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल की सबसे बड़ी बात यह है कि केंद्र और राज्य शासन की संयुक्त सब्सिडी ने ग्रामीण परिवारों के लिए सोलर सिस्टम लगवाना बेहद आसान कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली बड़ी सब्सिडी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य शासन भी अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान करता है। यह सब्सिडी सीधे डीबीटी के माध्यम से उपभोक्ता के बैंक खाते में जमा होती है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सरल और भरोसेमंद बन गई है।

माकड़ी ब्लॉक में सौर ऊर्जा अपनाने के बाद परिवारों के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन आए हैं। बिजली बिलों में भारी कमी आई है, कई घरों में मासिक बिल लगभग शून्य होने लगा है। ग्रिड-कनेक्शन होने की वजह से ग्रामीणों को दिन-रात स्थिर बिजली उपलब्ध हो रही है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के विज़न और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में की जा रही सक्रिय पहल का परिणाम है। जिला प्रशासन, बिजली विभाग और स्थानीय ग्रामीणों के सक्रिय सहभागिता ने माकड़ी ब्लॉक को सौर ऊर्जा का उभरता हुआ केन्द्र बना दिया है।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से जारी

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कार्य पूरे प्रदेश में सुचारू रूप से जारी है। इस क्रम में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना फॉर्मों को एकत्र कर रहे हैं। BLO आवश्यक दस्तावेजों के साथ गणना फॉर्म की एक प्रति अपने पास रखेंगे और आवेदक को दिए जाने के लिए गणना फॉर्म की दूसरी प्रति पर फॉर्म की प्राप्ति की पावती देंगे।

यदि कोई मतदाता भरे हुए फॉर्म को दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन अपलोड करता है, तो बीएलओ मतदाता के घर जाकर दस्तावेजों का सत्यापन करेगा। तत्पश्चात, बीएलओ इन फॉर्मों और संलग्न दस्तावेजों को बीएलओ/ईसीआईनेट मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपलोड करेगा। इसके बाद, बीएलओ रिकॉर्ड के उद्देश्य से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी /सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को एकत्र किए गए सभी गणना फॉर्मो को उनके दस्तावेजों के साथ जमा करेगा। AROĐAERO को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल नहीं है।

प्रारूप मतदाता सूची में उन सभी मौजूदा मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जिन्होंने बीएलओ को विधिवत भरा हुआ गणना फॉर्म जमा कर दिया है या जो घर-घर गणना अवधि के दौरान ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं और बीएलओ द्वारा सत्यापित किए गए हैं।

सीजी पीएससी में चयनित जिले के युवाओं का कलेक्टर ने किया मावा मोदोल कोचिंग संस्थान में सम्मान

■ **जिले के सात अभ्यर्थी हुए चयनित**

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा- 2024 की अंतिम चयन सूची जारी की गई है, जिसमें जिले के सात अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिले के कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर तथा सेंट्रल लाइब्रेरी कांकेर में सफलता प्राप्त करने वाले जिले की प्रतिभाओं का सम्मान आज किया गया। जिले से कुल सात अभ्यर्थियों का चयन सीजीपीएससी में हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकेर जिले से श्री कमल कुमार ठाकुर का चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है। इसके पहले वे पटवारी के पद पर जिले में ही पदस्थ थे। इसी तरह आशीष कुमार जुर्री और ग्राम सिदेसर की रीना कोमरा, नरहरपुर विकासखंड के श्री रिखीराम नेताम का चयन आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है। इसके अलावा श्रवण कुमार मेरिया जैसाकर्रा चारामा का चयन वाणिज्यिक कर निरीक्षक के पद पर हुआ है।

सम्मान समारोह के उद्बोधन कलेक्टर ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मावा मोदोल संस्थान के विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और आगामी परीक्षा हेतु कारगर रणनीति अपनाते हुए मेहनत, लगन और विषयवार अध्ययन करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि महाराष्ट्र पीएससी में पहले प्रयास में ही उनका भी चयन डिप्टी कलेक्टर के पर पर हुआ था तथा बाद में और अधिक मेहनत कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी ने भी सभी प्रतिभाओं एवं उनके पालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन निरंतर क्षेत्र के युवाओं को आगे लाकर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए मावा मोदोल के माध्यम से प्रतिबद्ध रूप से कार्य कर रहा है। अगली परीक्षाओं में मावा मोदोल के विद्यार्थियों को सफल होने के लिए टिप्स दिए।

व्यावसायिक शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

कांकेर/नवप्रदेश। हमर लक्ष्य अभियान के तहत जिला स्तर पर शहीद रामकुमार यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में जिले के व्यावसायिक शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। हमर लक्ष्य अभियान के तहत सत्र 2025-26 में जिले के 50 शालाओं में संचालित व्यावसायिक शिक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करना है। इसी कड़ी में व्यावसायिक शिक्षकों एवं प्राचार्या के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों एवं प्राचार्यों को व्यावसायिक शिक्षा की नवीनतम नीतियों और दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण के पद्धतियों, पाठ्यक्रम संरचना और मूल्यांकन प्रणाली पर चर्चा की गई। साथ ही उद्योगों की जानकारी और विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाने की रणनीति, ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों तक इस व्यवासायिक शिक्षा को पहुंचाने के उपायों को साझा कराया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों एवं प्राचार्यों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रति स्पष्ट समझ और दृष्टिकोण का विकास करने के साथ-साथ विद्यार्थियां का रोजगारोन्मुखीकरण पर जोर दिया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा डीएमसी नवनीत पटेल, एपीसी पेडागॉजी सहित प्रोग्रामर एवं सहायक उपस्थित रहे।

जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम जाटलूर पहुंचने वाली पहली कलेक्टर

नारायणपुर/नवप्रदेश। शासन की मंशा के अनुरूप नारायणपुर जिले के दूरस्थ व पहुंच-विहीन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किए जाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई और पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया ने जिले के अंदरूनी अंचलों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। कलेक्टर ममगाई ने जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कुड़मेल और जाटलूर का भ्रमण किया। कुड़मेल पहुंचकर उन्होंने बालक आश्रम छात्रावास का निरीक्षण किया और भोजन, पेयजल, कमरों की स्वच्छता, शौचालय व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बच्चों की संख्या, उपस्थिति, पोषक आहार उपलब्धता और दैनिक व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नियद नेल्लानार एवं जल जीवन मिशन के तहत स्थापित नलकूपों का भी अवलोकन किया। ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्होंने उनकी समस्याएँ सुनीं और कहा कि सभी मुद्दों का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। क्षेत्र में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश उन्होंने जनपद सीईओ ओरछा लोकेश चतुर्वेदी को दिए। इसके बाद कलेक्टर ममगाई जाटलूर पहुंचीं, जहां उन्होंने बालक आश्रम छात्रावास का निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने भोजन, पानी, कमरों, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का आकलन कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खालको, डीएफओ एमजी वेंकेटेशा, टीई धर्माराम टिर्की तथा अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कोड़ा उपार्जन केंद्र में सुव्यवस्थित धान खरीदी

एमसीबी/नवप्रदेश। खड़गवां ब्लॉक के कोड़ा उपार्जन केंद्र में इस बार समर्थन मूल्य पर शुरू हुई धान खरीदी ने किसानों के बीच विश्वास का नया अध्याय खोल दिया है। सुव्यवस्थित व्यवस्था और किसान-हितैषी प्रक्रियाएँ खेतों से उपार्जन केंद्रों तक एक सकारात्मक माहौल का निर्माण कर रही हैं। देवाडांड निवासी के प्रगतिशील किसान संदीप कुमार साहू पिता सालिक राम साहू इस परिवर्तन के चमकते उदाहरण बनकर उभरे हैं। संदीप का कहना है कि पिछले वर्ष के भाती इस वर्ष की खरीदी व्यवस्था ने वास्तव में यह साबित किया है कि सरकार की नीयत और नीति-दोनों जमीन पर मजबूती से दिखाई दे रही हैं।

उपार्जन केंद्र की बदली सूरत, किसानों को मिला आराम और सम्मान: संदीप कुमार साहू आज 100 क्विंटल धान लेकर कोड़ा उपार्जन केंद्र पहुँचे। प्रवेश की शुरुआत से लेकर अंतिम तौल तक एक ऐसी प्रणाली दिखाई दी, जिसमें कई सुधार साफझलक रहे थे। कर्मचारी सहयोगी, बारदाना पर्याप्त, तौल-कांटा सटीक और परिसर पूरी तरह व्यवस्थित था। किसान आराम से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और किसी को भी भीड़, अव्यवस्था या देर का सामना नहीं करना पड़ा। केंद्र में स्वच्छ पेयजल और क्रमबद्ध सेवा ने किसानों के विश्वास को नई मजबूती दी। संदीप खुशी से बताते हैं कि इस बार खरीदी व्यवस्था में किसान पहले से कहीं अधिक सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

चैनपुर उपार्जन केंद्र में पारदर्शिता और अनुशासन का नया मानक

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में इस वर्ष धान खरीदी की शुरुआत ने किसानों में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार किया है। जिले के चैनपुर उपार्जन केंद्र में मंगलवार को खरीदी के दौरान उत्साहजनक माहौल देखने को मिला। केंद्र में धान बेचने पहुंचे ग्रामीण अंचल के किसान इस बात को लेकर संतुष्ट दिखाई दिया कि खरीदी व्यवस्था इस बार न केवल व्यवस्थित है बल्कि पूरी तरह किसान-हितैषी भी है। इसी सकारात्मक माहौल के बीच 56 क्विंटल धान बेचने पहुंचे किसान सुरेश कुमार का अनुभव खास तौर पर ध्यान खींचता है। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों में पहली बार खरीदी केंद्र पर इतनी सुगमता और पारदर्शिता देखने को मिली है कि किसान निश्चिंत होकर अपना धान लेकर पहुँच रहे हैं।

दो स्विफ्ट कार की टक्कर, 7 घायल, 4 की हालत गंभीर

■ **यातायात पुलिस ने समय पर पहुंचकर हादसे में घायल को पहुंचाया अस्पताल रोड को किया गया क्लियर**

कांकेर/नवप्रदेश। बीती दरमियानी रात कांकेर के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ज्ञानी चौक में शहर के अंदर बने डिवाइडर रोड पर रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार से आ रही दो स्विफ्ट कार आपस में जबरदस्त भिंडत हो गया। हादसा इतना भयानक था कि दोनों स्विफ्ट कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह डैमेज हो गया। हादसे की पूरी घटना शहर के एक निजी ऑटो वर्क्स शॉप में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना इतना जबरदस्त था कि आसपास के लोग घरों से निकल आए। आसपास के लोगों के अनुसार हादसे के समय दोनों स्विफ्ट कार बहुत ज्यादा तेज रफ्तार से आने के बाद हादसा होने की जानकारी प्राप्त हुई है।हादसे में 7 लोग घायल हुए जिनमें 4 की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।घायलों को यातायात ट्रैफिक्र पुलिस और कोतवाली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस टीम की तत्परता से गंभीर रूप से घायल लोगों को समय रहते इलाज मिल पाया।

सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा

ज्ञानी चौक स्थित निजी वर्कशॉप और के बीच लगे सीसीटीवी कैमरे में हुए जबरदस्त हादसा साफतौर पर रिकॉर्ड हुआ है।जिसमें दोनों वाहनों को तेज रफ्तार में आमने-सामने टकराते देखा जा सकता है।

हादसे के दौरान यातायात पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घायलों को मिली बेहतर चिकित्सा

ज्ञानी चौक में रात में दो स्विफ्ट कार में हुए हादसे की सूचना मिलते ही कांकेर यातायात ट्रैफिक्र पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।जो तत्काल प्रभाव से सड़क को क्लियर करवाया गया। जिसके बाद हादसे में घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज़ शुरू हुआ।दुर्घटनाग्रस्त कारों को पिकअप वाहन की मदद से सड़क किनारे लगाया गया, जिससे यातायात प्रभावित न हो।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 04 बीएलओ को कलेक्टर ने किया गया सम्मानित

नारायणपुर/नवप्रदेश। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत मतदाता सूची के शुद्धिकरण तथा नए मतदाताओं के पंजीयन कार्य में गणना पत्र प्रदान करने एवं गणना पत्रों को डिजिटाइज़ करने जैसे उत्कृष्ट कार्य तथा समयपूर्व शतप्रतिशत कार्य करने वाले 04 बी.एल.ओ. को आज कलेक्ट्रेट कक्ष में सम्मानित किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाई ने विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर के मतदान केन्द्र सिंगोड़ीतराई क्रमांक 50 के बीएलओ हरेन्द्र कुमार, मतदान केन्द्र गोहड़ा क्रमांक 85 के बीएलओ सोमदेर पोटाई, मतदान केन्द्र पल्ली क्रमांक 114 के बीएलओ नारद राम निषाद एवं मतदान केन्द्र खड़ीबहार क्रमांक 64 के बीएलओ ललीत सुरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में इन्युमिरेशन फार्म भरने, सत्यापन करने तथा नामांकन प्रक्रिया में सक्रियता से कार्य करने वाले कार्मिकों की सराहना की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ममगाई ने कहा कि निष्पक्ष और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और इस महत्वपूर्ण कार्य को निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा करने वाले अधिकारी-कर्मचारी वास्तव में प्रशंसा के पात्र हैं।

भानुप्रतापपुर के तीन बाइक चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

कांकेर/भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। थाना भानुप्रतापपुर ने 24 नवंबर को वाहन चोरी करने वाले गिरोह के आरोपियों को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपी भानुप्रतापपुर के सम्बलपुर के बताए गए है। जिनके खिलाफ

इस्तगासा क्रमांक श1/2025 धारा 35(1+ड)बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में कार्तिक शेट्टी पिता वासुदेव शेट्टी उम्र 20 वर्ष निवासी बाजारपारा भानुप्रतापपुर हाल - कब्रिस्तान पारा संबलपुर नसरुद्दीन खान पिता अब्दुल गफ्फार खान उम्र 26 वर्ष निवासी शंकर नगर मुल्ला, वासुदेव शेट्टी पिता पड़वेलू सिटी उम्र 42 वर्ष निवासी बाजारपारा हाल- कब्रिस्तान पारा संबलपुर भानुप्रतापपुर जिला कांकेर है।

जानकारी अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण उमनि- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इन्दिरा कल्याण ऐलिसेला के दिशानिर्देशन में समय-समय पर थाना क्षेत्र के अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल दिशा निर्देश अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा गठित टीम दिनांक 3/11/2025 को जुर्म जरायम पतासाजी एवं कस्बा भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र अंतर्गत में ग्राम संबलपुर बस स्टैंड में तीन व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल मैं घूम रहे हैं एवं उक्त मोटरसाइकिलों को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश कर रहे है की सूचना पर थाना भानुप्रतापपुर पुलिस द्वारा संभावित स्थानों में दबिश देकर आरोपियो को घेरा बंदी कर पूछताछ करने पर आरोपियो अपना नाम (01)कार्तिक शेट्टी पिता वासुदेव शेट्टी उम्र 20 वर्ष निवासी भानुप्रतापपुर बाजार (02) नसरुद्दीन खान पिता अब्दुल गफ्फार खान उम्र 26 वर्ष निवासी शंकर नगर मुल्ला, (03) वासुदेव शेट्टी पिता पड़वेलू सिटी उम्र 42 वर्ष निवासी बाजारपारा भानुप्रतापपुर जिला कांकेर छत्तीसगढ़ होना पाया गया।

'जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

■ **शासकीय आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित**

नारायणपुर/नवप्रदेश। शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में आज दिनांक 25 नवंबर 2025 को 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत एतिहासिक,सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. एस.आर. कुंजाम द्वारा किया गया उन्होंने जनजाति की संस्कृति का व्याख्यान किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री बिंदेश पात्र (सदस्य वनवासी कल्याण समिति) द्वारा बिरसा मुंडा जी की बलिदानी की बात की गई साथ ही युवा पीढ़ी को इस कार्यक्रम के द्वारा प्रोत्साहित कर अपनी जनजाति को संरक्षित करने का समय है,यह बताया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता श्री मंगाऊ राम कावडे द्वारा बिरसा मुंडा की जय के नारे के साथ आग्रह किया गया कि वर्तमान का गौरव युवा पीढ़ी है,अतः युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे अपने जनजाति को संरक्षित रखने हेतु क्रांतिकारी जैसे तिलका मांझी का जिक्र करते हुए उनका इतिहास बताकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया ।हमारी जनजाति को संरक्षित रखने हेतु हमें सशक्त,एकजुट होकर कार्य करने एवं शिक्षा लेने की आवश्यकता है।इस कार्यक्रम के तहत जनजातीय समाज की गौरव गाथा को प्रदर्शित करते हुए मनमोहक नृत्य, भाषण, रंगोली,पोस्टर एवं वाद विवाद जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक श्री संतोष कुमार राव (सहायक प्राध्यापक) द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सह संयोजक श्री प्रदीप कुमार सलाम के द्वारा समस्त मुख्य अतिथियों,शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर हाई स्कूल मैदान से बखरूपारा तक यूनिटी मार्च का आयोजन

■ **वनमंत्री केदार कश्यप और सांसद महेश कश्यप के नेतृत्व में निकली गई भव्य पद यात्रा**

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर हाईस्कूल मैदान से बखरूपारा तक पैदल एकता मार्च का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र की पूजा-अर्चना किया गया। उक्त एकता मार्च में उत्साह के साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन और युवा शामिल होकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर भव्य पद यात्रा निकाली गई।

वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों को जोड़कर राष्ट्र निर्माण करने का कार्य विश्व इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि कश्मीर के भारत में विलय की परिस्थितियाँ बेहद चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन पटेल की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने इन जटिल परिस्थितियों को पार करते हुए राष्ट्र की एकता को सुरक्षित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित किया जाना आदिवासी समाज के लिए गर्व का विषय है और इससे नई पीढ़ी को उनके बलिदान और संघर्षों को जानने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति जहां है, वहीं से राष्ट्र सेवा कर सकता है। गांव में मिले दायित्व से लेकर राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी तक उत्कृष्ट कार्य राष्ट्र निर्माण का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति किसी भी देश को अजेय बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के आदर्शों और चरित्र को अपने जीवन में उतारकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने वर्तमान समय में सामाजिक और सांस्कृतिक प्रहारों से बचने के लिए अपनी परंपराओं, संस्कृति और सभ्यता से जुड़े रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रथम पेज का शेष

अयोध्या राम मंदिर पर फहराई धर्मध्वजा..

'संकल्प सिद्धि' के लिए रामनगरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। रोड शो और पूजा अर्चना के बाद उन्होंने संघ प्रमुख भागवत के साथ ध्वजारोहण का कार्य पूरा किया। इस दौरान जयश्रीराम, जय जय हनुमान के गगनभेदी नारों संग अयोध्यावासियों ने प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्पवर्षा भी की। श्रीराम की अयोध्या ने प्रधानमंत्री का पूरे रास्ते में अभूतपूर्व स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने सप्त मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुह्य और माता शबरी मंदिर में पहुंचकर प्रधानमंत्री ने शीश झुकाया। प्रधानमंत्री ने शेषावतार मंदिर व माता अन्नपूर्णा मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। श्री मोदी अयोध्या में साकेत विश्वविद्यालय हैलीपेड पहुंचे। यहां श्री योगी और राज्यपाल पटेल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की तरफप्रस्थान किया।

जैसा सपना देखा था, उससे भी ..

कहा कि इस देश में जन्म लेने वाले लोगों ने धर्म के रास्ते पर चलने की सीख दी है। सबके लिए समान सुख देने वाला भारत खड़ा करना है। जैसा सपना देखा था बिल्कुल वैसा ही या उससे भव्य मंदिर बन गया है इसके लिए सबको शुभकामनाए देता हूँ।

आईजी-डीजीपी कॉन्फ्रेंस ..

तीनों दिन, जबकि पीएम मोदी संभवतः 2 दिन शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस के लिए 26 और 27 नवंबर को रिहर्सल होगी।

कॉन्फ्रेंस में सभी राज्य प्रेजेंटेशन देंगे

कॉन्फ्रेंस में सभी राज्य अपराध नियंत्रण संबंधी प्रयासों पर प्रजेंटेशन देंगे। एक मॉडल स्टेट चुनकर कॉमन गाइडलाइन जारी हो सकेगी। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह का बंगला अस्थाई पीएमओ बनेगा।

6321.25 औद्योगिक..

और अन्य बड़े सेक्टरों के नामी उद्योगपति और कंपनियों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य देश भर के निवेशकों के सामने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति, नए अवसरों और निवेश-अनुकूल वातावरण को प्रस्तुत करना है।

पर्यटन क्षेत्र में मिले 505 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

- मार्स विवान प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा 217 कमरों वाले होटल के लिए 220 करोड़ निवेश इससे 522 लोगों को रोजगार प्राप्त होगी।
- हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट, तेलंगाना द्वारा वेलनेस रिसॉर्ट एवं शिक्षा केंद्र हेतु 200 करोड़ निवेश
- विद्या इन, जशपुर द्वारा 52 कमरों के होटल हेतु 25 करोड़ निवेश
- पीएसए रिज़ॉर्ट, जगदलपुर द्वारा 150 कमरों के एडवेंचर होटल एवं रिसॉर्ट हेतु 60 करोड़ निवेश, जिससे बस्तर में पर्यटन गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। इससे 200 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

स्कूल की मान्यता रद्द...

जानिए क्या है पूरा मामलाः मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला हंस वाहिनी विद्या मंदिर नारायणपुर, आमापारा का है। जहां का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि, एक बच्चे को शिक्षकों ने पेड़ पर कपड़े के सहारे लटकाकर सजा दी है। बच्चा बेचारा उसी हालत में घूम रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने रोका बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का काफिला

■ जमीन की सरकारी गाइडलाईन में वृद्धि से नाराज प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेताओं पर लगाया धक्कामुक्की का आरोप

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जमीन की सरकारी गाइडलाईन में बढ़ोतरी का विरोध करने वाले प्रॉपर्टी डीलर्स ने आज कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। इसी दौरान कलेक्ट्रेट के सामने से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव की कार गुजर रही थी। किरण सिंह देव ऋषभ कॉलोनी निवासी प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा के परिवारजनों से मुलाकात कर वापस लौट रहे थे।

प्रॉपर्टी डीलर्स, दस्तावेज लेखकों व जमीन की रजिस्ट्री कार्य से जुड़े लोगों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव की कार को ऋषभ कॉलोनी से आते देख कलेक्ट्रेट के सामने रोक लिया। प्रदर्शनकारी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को अपनी मांगो से अवगत कराना चाहते थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। इससे नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार से उतरकर प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया। इस दौरान भाजपा नेताओं व प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की होने लगी।

प्रदर्शनकारियों के हटने के बाद ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव की कार वहां से आगे बढ़ पाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे कलेक्ट्रेट के सामने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। भाजपा नेताओं ने धक्का मुक्की कर उन्हें सड़क से हटाने का प्रयास किया। भाजपा नेताओं के व्यवहार से प्रदर्शनकारी काफी आक्रोशित रहे।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन और महामंत्री चन्ना केशवलू सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उन्हें हटाने का प्रयास किया। इस दौरान उनके साथ धक्कामुक्की भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने मारपीट का प्रयास करने का आरोप भी लगाया है।

इधर जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का कहना है कि लोकतंत्र में प्रदर्शन करने का सभी को अधिकार है। प्रदर्शनकारियों को अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखना चाहिये। निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह के काफिले को रोका जाना सरासर गलत है। हमने प्रदर्शनकारियों को कार के सामने से हटाने का प्रयास किया है। मारपीट या धक्कामुक्की के आरोप सरासर गलत हैं। ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने जमीन की सरकारी गाइडलाईन में 5 प्रतिशत वृद्धि कर दी है। जिससे पूरे छत्तीसगढ़ में जमीन के रेट बढ़ गए हैं। रजिस्ट्री शुल्क में वृद्धि हुई है। स्टॉम्प की दर भी बढ़ गई है। जमीन की खरीदी-बिक्री पर इसका असर व्यापक रूप से पड़ रहा है। आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। प्रॉपर्टी डीलर्स, दस्तावेज लेखकों व जमीन की रजिस्ट्री कार्य से जुड़े लोग प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि राज्य सरकार जमीन की सरकारी गाइडलाइन में 5 प्रतिशत की वृद्धि के निर्णय को तत्काल वापस लें। इस संबंध में प्रदर्शनकारियों द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया है।

महिला पार्षद पर महिला ने लगाया लाठी से पीटने का आरोप, कहा- बेटी ने दबाया गला

भिलाई/नवप्रदेश। रिसाली नगर निगम की महिला पार्षद माया यादव पर वार्ड की एक महिला ने गाली गलौज करने और लाठी से पिटाई करने का आरोप लगाया है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। इस मामले को लेकर रुआबांधा सेक्टर की रहने वाली महिला संध्या सिंह (35 वर्ष) ने मारपीट किये जाने पर भिलाई नगर थाने में महिला पार्षद और उसकी बेटी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पार्षद ने संध्या सिंह के खिलाफ भिलाई नगर थाने में अपराध दर्ज कराया है। संध्या सिंह ने बताया कि सोमवार को सुबह वह रोज की तरह मंदिर से वापस लौटने पर पार्षद माया यादव और उनकी बेटी आंचल यादव ने उसे रोककर पुरानी रंजिश को लेकर उसे मां-बहन की अश्लील गालियां दी। गला पकड़कर मुंह दबाते हुए मारपीट की। पार्षद माया यादव ने घर में रखे बांस के डंडे से उस पर हमला कर दिया। उसके दोनों पैरों, दोनों भुजाओं, दाहिने कंधे, मुंह और सिर में चोट आई है। दरअसल, तीन महीने पहले स्थानीय लोगों ने पार्षद से सड़क पर जमा पानी के निकासी को लेकर शिकायत की, लेकिन पार्षद ने इसका समाधान नहीं किया। इससे परेशान होकर स्थानीय लोगों ने आयुक्त और महापौर को समस्या हल करने पत्र लिखा था। पीड़ित महिला संध्या का कहना है कि इसके बाद से पार्षद माया यादव नागरिकों से चिढ़ गई। सुबह उसी रंजिश की वजह से हमला किया गया। इस मामले में पार्षद ने संध्या सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा कि महिला ने उसके घर पर आकर मारपीट की है। वह घर के सामने बैठी थी। उसकी आंख का ऑपरेशन हुआ है। आए दिन लोग उससे लड़ाई करते थे। उसे पता नहीं था कि लोग हमला करेंगे। उन्होंने केवल अपनी सुरक्षा की है।

■ न्यूज गैलरी

पुलिस कस्टडी से भागा बलात्कारी तांत्रिक आरोपी, 3 आरक्षक लाइन अटैच

भिलाई। जामुल थाना क्षेत्र में तांत्रिक और बलात्कार का आरोपी पुलिस कस्टडी से 21 नवंबर को फरार हो गया था। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए प्रधान आरक्षक और दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। तीनों पुलिस कर्मी जामुल थाना में पदस्थ हैं। लाइन अटैच होने वाले पुलिसकर्मियों में प्रधान आरक्षक दिनेश कुमार, आरक्षक रत्नेश शुक्ला और आरक्षक चेतराम गुरूंग शामिल हैं। तांत्रिक हेमंत अग्रवाल को पकडऩे के लिए पुलिस ने दो दिनों तक बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा और रायपुर तक पीछा किया, लेकिन थाने पहुंचते ही वह तीन पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। इस लापरवाही पर एसएसपी ने तीनों आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया। जानकारी के अनुसार आरोपी हेमंत अग्रवाल को जामुल पुलिस ने भिलाई थाने लाकर रखा था, लेकिन यहां के स्टाफ को इसकी विधिवत जानकारी नहीं दी गई। रोजनामचा में भी कोई प्रविष्टि दर्ज नहीं की गई। पुलिसकर्मियों ने उसे थाने के बाहर ही बैठा दिया। इसी दौरान हेमंत मौका पाकर वहां से फरार हो गया। प्राथमिक जांच में तैनात पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया।

एसआईआर : आवश्यक होने पर ही नए फोटो लिये जाएंगे

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार बूथ लेवल अधिकारी द्वारा 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर मतदाताओं से विधिवत् भरा हुआ गणना पत्रक प्राप्त किया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा वितरित गणना पत्रक में अगर मतदाता अपने फोटो से संतुष्ट नहीं है या फोटो धुंधला है या अस्पष्ट है तो ऐसी स्थिति में मतदाता चाहे तो अपना नया फोटो बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। बूथ लेवल अधिकारी भी डायरेक्ट बीएलओ एप के माध्यम से फोटो खींचकर अपलोड कर सकते हैं। समस्त बीएलओ आयोग के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए जागरूकतापूर्वक आवश्यक होने पर ही मतदाताओं से फोटोग्राफ लेकर गणना पत्रक भराने का कार्य सम्पादित करें।

नारायणपुर में सेल खेल मेला संपन्न

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 19 वाँ सेल खेल मेला गत दिवस सम्पन्न हुआ। ग्रामीण व आदिवासी अंचल की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने आयोजित खेल मेला के दौरान विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं विभाग एवं निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व शिवराजन उपाध्यक्ष भिलाई महिला समाज आशा रानी उप महाप्रबंधक क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग राजेंद्र प्रसाद सहायक महाप्रबंधक रावघाट खदान सचिन रंगारी उपप्रबंधक, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व कमलकांत वर्मा और बीएसपी खेल विभाग प्रशिक्षक उपस्थित रहे। उद्बोधन में पवन कुमार ने रामकृष्ण मिशन नारायणपुर द्वारा सेल-बीएसपी के सहयोग से संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बीएसपी रावघाट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

200 यूनिट हॉफ बिजली बिल योजना का जोरदार विरोध, कांग्रेसियों ने ऊंट को खिलाया जीरा

साय सरकार की छूट आम जनता के लिए ऊंट के मुंह में जीरे जैसा : राकेश ठाकुर

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट के सामने आज कांग्रेसियों ने ऊंट को जीरा खिलाकर बिजली बिल हॉफ योजना को 200 यूनिट में सीमित करने का विरोध किया। कांग्रेस ने कड़े शब्दों में मांग करते हुए कहा है कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार की तरह 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया जाना चाहिये। साय सरकार द्वारा 2 सौ यूनिट तक छूट देना ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है।

प्रदर्शन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, महामंत्री दीपक दुबे, प्रदेश सचिव अय्यूब खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल सहित दुर्ग ग्रामीण व शहर के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पंचायत व जनपद सदस्य, पार्षद सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार ने प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए 400 यूनिट तक की बिजली खपत में हाफ बिजली बिल योजना लागू की थी। कुछ माह पूर्व वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना में कटौती करते हुए सिर्फ 100 यूनिट बिजली में हाफ बिजली बिल का निर्णय लिया। कांग्रेस के कड़े विरोध और आन्दोलन के बाद भाजपा सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना में मामूली बढ़ोतरी करते हुए 200 यूनिट किया गया। प्रदेश में महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए ऊंट के मुंह में जीरा के सामान है।

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना को बंद करना भाजपा सरकार का जनविरोधी निर्णय है। यह सरकार जनता के प्रति संवेदनशील नहीं है। किसानों को परेशान करने के बाद आम जनता पर बिजली बिल का अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। लगातार आंदोलन के बाद भी सरकार जनहित के निर्णय नहीं ले रही है।

प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना बंद करना, स्मार्ट मीटर लगाना और सौर ऊर्जा का प्रचार छत्तीसगढ़ की जनता नहीं केवल साहब के उद्योगपति मित्र अदानी को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। राज्य सरकार जंगल, जमीन, खदान सब अडानी को दे रही है। यहां की बिजली को अडानी दूसरे राज्य में 2 गुना 3 गुना में बेच रहा है। प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान ने कहा कि बिजली बिल योजना को भूपेश सरकार की तरह 400 यूनिट तक फ्री किया जाए। भाजपा सरकार का 200 यूनिट की खपत तक हॉफ योजना का लाभ देने का फैसला गरीब परिवारों और मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ छलावा है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने दुर्ग एसडीएम हितेश पिस्दा, बिजली विभाग के एई आलोक साहू को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता उमाकांत चंद्राकर, शिवकुमार वर्मा, राजीव गुप्ता, अलताफ अहमद, जिपं सदस्य दानेश्वर साहू, नासिर खोखर, परमजीत सिंह भुई, कैलाश नाहटा, ओनी महिलांग, अनूप वर्मा, सन्नी साहू, राजकुमार नारायणी, प्रेमलता साहू, पोषण साहू, राहुल शर्मा, शमशीर कुरैशी, विक्रांत अग्रवाल, करीम खान, संतोष बाफना, महेंद्र निषाद, लोकेश साहू, नागमणि साहू, सुमन साहू, हरीश ठाकुर, जितेंद्र वर्मा, लुमेश्वर पटेल, मंथिर सेन, प्रहलाद वर्मा, मुकेश साहू, सुरता सिंग, बीरेंद्र गोस्वामी, टीकम डोडे, हेमंत साहू, तारेंद्र ठाकरे, सुप्रिय टेंबुलकर, सरोजनी चंद्राकर, हीरा वर्मा, दया यादव, नेतराम, यशवंत यादव, विकास सापेकर, सुमित घोष, संजू धनकर, अनूप पाटिल, राजकुमार वर्मा सहित अन्य सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का मंत्री गजेन्द्र ने किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज सिकोला बस्ती वार्ड क्रमांक 15 में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। भवन निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोगिता की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सिकोला बस्ती वार्ड 15 में बन रहा भवन क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। सार्वजनिक कार्यक्रम, आयोजन, सामाजिक बैठकें और सामुदायिक गतिविधियों के लिए इस भवन की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार का उद्देश्य हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, जिससे नागरिकों को बेहतर वातावरण एवं सुचारू सेवाएँ मिल सकें। निरीक्षण के दौरान यादव ने स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से वार्ड के विकास संबंधी विस्तृत चर्चा की। सड़क, पानी, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यकताओं पर नागरिकों ने अपने सुझाव दिये। मंत्री ने सभी सुझावों पर गंभीरता से कार्यवाही करने और प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को वार्ड में चल रहे विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने कहा। निरीक्षण के दौरान निगम सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, युवराज कुंजाम, सरस निर्मलकर, मन्नू साहू, मौसमी ताम्रकार, जयश्री जोशी, जितेन्द्र ठाकुर सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

छग राज्य विधिक परिषद बिलासपुर के चुनाव में चुने गए दुर्ग के 4 अधिवक्ता

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद बिलासपुर के 25 सदस्यों का चुनाव प्रदेश के सभी बार संघ में 25 सितंबर को हो चुका है। इस चुनाव में दुर्ग अधिवक्ता संघ के 13 सदस्य चुनाव मैदान में किस्मत आजमा रहे थे। अंतिम परिणाम की घोषणा हुई।

जिसमें अधिवक्ता संघ दुर्ग के चार सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित सदस्यों में नरेन्द्र सोनी, संतोष वर्मा, उत्तम चंदेल, बादशाह प्रसाद सिंह शामिल हैं। नवनिर्वाचित सदस्यों को जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव राकेश यादव, ग्रन्थालय सचिव बजरंग श्रीवास्तव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव रविशंकर मानिकपुरी, सदस्य नितेश साहू, रविश राजपूत, अजय मिश्रा, विक्रम पारख, अजय शर्मा, दमयंती चंद्राकर, मीडिया प्रभारी दानिश परवेज सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

लगातार तीसरी बार परिषद के सदस्य बने बीपी सिंह

बादशाह प्रसाद सिंह लगातार तीसरी बार छत्तीसगढ़ अधिवक्ता बार काउंसिल में विजयी हुए हैं। उनकी विजय पर अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर की है। उनकी विजय पर एडवोकेट सत्यव्रत चौधरी, सुधाकर ने कहा सीनियर हम सभी के आदर्श व प्रेरणास्रोत हैं। जूनियर एडवोकेट टीम के अन्य अधिवक्ता नरेंद्र सिंह, एहफाज, सुधांशु, पीयूष, विद्याभूषण, वंदना, आकांक्षा, प्रियंका, आदि श्रीवास्तव ने स्वागत किया।

जिला समन्वयक आरजीएसए के संविदा पद की सूची जारी

दुर्ग। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के जिला समन्वयक आरजीएसए के संविदा पद पर भर्ती के लिये अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिला पंचायत के सीईओ बीके दुबे ने बताया कि सूची का अवलोकन दुर्ग जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

बीएसपी मेन गेट से जेपी सीमेंट चौक तक अनाधिकृत व्यवसाय पर प्रतिबंध

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी में उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ ट्रकों व भारी वाहनों की आवाजाही में बढ़ोतरी हुई है। ट्रकों और भारी वाहनों के प्रवेश के लिए निर्धारित बोरिया गेट से रोज लगभग 1000 से 1500 ट्रक संयंत्र परिसर में प्रवेश व निकास करते हैं। भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही के कारण यह क्षेत्र संवेदनशील और दुर्घटनाजन्य बन गया है। मार्ग से संयंत्र के हजारों कार्मिकों का मेन गेट तक आवागमन प्रतिदिन होता है। इसके बावजूद बोरिया गेट व आसपास के क्षेत्र में ठेले, चाइना मार्केट के आसपास सड़क पर लगने वाली अनाधिकृत दुकानें, सड़क व चौराहों पर अवैध रूप से संचालित अस्थायी दुकानों की व्यावसायिक गतिविधियों का फैलाव लगातार बढ़ रहा है। क्षेत्र में अव्यवस्थाएं भी हो रही है। ट्रैफिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर बाधाएं उत्पन्न होने के साथ ही विशेषकर पारंपरिक त्योहारों और उत्सवों के समय ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। मेन गेट से जेपी सीमेंट चौक तक का पूरा क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र घोषित है।

स्कूल भवन निर्माण के लिये विधायक रिकेश ने दी 67.05 लाख की सौगात

■ विधायक ने किया भूमिपूजन, ऑफिस, क्लास सहित दर्जन भर नए कक्ष का होगा निर्माण

भिलाई नगर/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल कैम्प-2 में 67.05 लाख रुपये के विकास कार्यों का वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भूमिपूजन किया। रिकेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को अपने मुख्य एजेंडा में शामिल कर हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना चाहती है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है और सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षकों के साथ अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई के लिए मेहनत करें। इससे शिक्षा का स्तर बढ़ेगा। सबसे बड़ा धन विद्या धन है। हमें शिक्षा को बेहतर करने के लिए लगातार काम करना है। गौरतलब है कि इसी स्कूल में रिकेश सेन ने प्रारंभिक शिक्षा पूरी की।

विधायक बनने के बाद विधानसभा क्षेत्र के सभी शासकीय स्कूलों, का कायाकल्प करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं।

आज इसी कड़ी में उन्होंने शासकीय स्कूल को लगभग 10 से अधिक नये कमरों की सौगात दी। सेन ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल कैम्प-2 में 3 आधुनिक क्लास रूम, प्राचार्य व ऑफिस कक्ष, दो विद्यार्थी कक्ष, बालक व बालिका वॉशरूम 2, प्रथम तल पर 2 क्लास रूम, लायब्रेरी रूम, कम्प्यूटर रूम, आर्ट रूम, दो नग बालक व बालिका वॉशरूम निर्माण किया जाएगा।

फार्मेसी, शिक्षा और स्वास्थ्य का उभरता हुआ केंद्र : कुलपति डॉ. सूरीशेट्टी

रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में फार्मेसी वीक का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। फार्मेसी, शिक्षा और स्वास्थ्य का उभरता हुआ ऐसा केंद्र है, जहां सभी की नजरें केंद्रित है। फार्मासिस्ट देश के लिए अहम रोल निभा रहे हैं। फार्मासिस्ट ने देश को भयंकर महामारी से बाहर निकालने में सहयोग किया।

कम्युनिटी हेल्थ में भी समाज के साथ मददगार बनकर डटे हुए हैं। ये बातें सोमवार को रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में फार्मेसी वीक समारोह के उद्घाटन के दौरान कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने कहीं।

उन्होंने फार्मेसी के विद्यार्थियों को इस फील्ड के जरिए समाज के साथ सीधे जुडऩे को सौभाग्य की बात कहा। फार्मेसी वीक का शुभारंभ विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताओं के साथ किया गया। फार्मेसी के विद्यार्थियों ने रस्साकशी, कबड्डी खेलों के जरिये अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आनंद मेला में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए। कोलकाता की झालमुड़ी से लेकर मॉर्डन जमाने के लिए परोसे जाने वाला वॉफल्स इसमें शामिल रहे।

समारोह के पहले दिन छात्रों ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर फार्मेसी की फील्ड के प्रति सम्मान दिखाया। कॉलेज के भवन में फार्मेसी वीक के बैनर का विमोचन किया गया। विद्यार्थियों के लिए फार्मेसी की थीम पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज, डिबेट और पोस्ट मेकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया, स्कूल ऑफ फार्मेसी की डायरेक्टर डॉ. मधुलिका प्रधान, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. आशीष पनत, रजिस्ट्रार डॉ.एजाजुद्दीन और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश शर्मा शामिल रहे। समारोह तीन दिन चलेगा, जिसमें छात्रों के लिए कई प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

जिले में अब तक साढ़े 3 लाख क्वि. धान खरीदी

दुर्ग। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में तेजी आई है। 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत सभी 102 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जा रही है। 15 नवम्बर से अब तक 345822.80 क्विंटल की धान खरीदी की गई है। जिसमें धान मोटा की मात्रा 117042.40 क्विं, धान पतला की मात्रा 83571.60 क्विंटल और धान सरोना की मात्रा 145208.80 क्विंटल शामिल है। शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य धान पतला 2389.00 प्रति क्विंटल, मोटा 2369.00 प्रति क्विंटल तथा धान सरोना 2369.00 प्रति क्विंटल दर से खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर ने की एसआईआर की प्रगति की समीक्षा

■ गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य तेज करने के दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तेज गति से जारी है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं और भरे हुए प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर विधानसभा क्षेत्रों– 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर व 66 वैशाली नगर में डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कम डिजिटाइजेशन प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों को चिन्हांकित कर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आगामी 3 से 4 दिनों में डिजिटाइजेशन प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा को ध्यान रखते हुए सभी गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।

किसी विशेष रंग की स्याही से फार्म भरना अनिवार्य नहीं

बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के बीच यह गलत जानकारी प्रसारित की जा रही है कि गणना पत्रक केवल विशेष रंग की स्याही या पेन से ही भरे जाने पर स्वीकार किए जाएंगे। इस सूचना के कारण मतदाताओं में भ्रम की स्थिति है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि गणना पत्रक भरने के लिए किसी भी विशेष रंग की स्याही या पेन का उपयोग अनिवार्य नहीं है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

तंत्र मंत्र के नाम पर कैश और सोना चांदी की धोखाधड़ी, तीन गिरफ्तार

तीन आरोपियों को पकड़ने में बालोद पुलिस को मिली सफलता

- नगदी रकम सहित सोने चांदी के आभूषण कीमती 2,72,000 रू की की गई थी ठगी
- आरोपियों से नगदी रकम 92,000रू, सोने चांदी के आभूषण सहित मोबाइल को किया गया जप्त

ये हैं तीनों आरोपीगण

(1) रवि नेताम पति नरेश नेताम उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कनेरी मनेरीपारा थाना पुरूर।
(2) श्रीमति रीना नेताम पिता जयमल मण्डावी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कनेरी मनेरीपारा हाल पुरूर आंनदपुर राइस मिल के पास थाना पुरूर।
(3) श्रीमति पदमा मण्डावी पति जयमल मण्डावी उम्र 50वर्ष निवासी ग्राम कनेरी मनेरीपारा थाना पुरूर जिला बालोद

बालोद/नवप्रदेश। प्रार्थीया धनेश्वरी ठाकुर ग्राम खैरवाही हाल निवास झलमला गंगानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसके पति का शरीर का बाया अंग लकवा ग्रस्त हो गया है। इलाज के लिए झलमला गंगानगर में किराये के मकान में रहते है। इस वर्ष तीज के समय एक महिला इसके घर तिखुर बेचने के नाम से आई थी। जो प्रार्थीया के पति को देखकर तुम्हारे पति को जादू टोना किया है। हमारे पास बैगा है जो पूजा पाठ कर ठीक कर देगा बोलकर चली गई । कुछ दिन बाद अज्ञात दो महिला एक पुरूष प्रार्थीया के घर आकर पूजा पाठ के लिए नारियल, अगरबत्ती, दिया रखवाकर पूजा पाठ किया। पूजा में पैसा रखोगे तब पूजा फलित होगा, नहीं तो सब अनर्थ हो जायेगा बोलने पर प्रार्थीया ने घर में रखे 1,67,000/-रूपये को रखवाकर पुनः पूजा में सोना चांदी का जेवरात रखोगे तब पूजा फलित होगा नहीं तो सब अनर्थ हो जायेगा बोलने पर प्रार्थीया ने पहने मराठी मंगल सूत्र, एक अन्य मंगल सूत्र, चॉदी का साटी जुमला कीमति 1,05,000/- रूपये को पूजा स्थल में रख दिया। तब आरोपिगण पूजा पाठ कर नगदी रकम एवं सोना चांदी के जेवरात को घर के माता में छूवाकर वापस कर देंगे कहकर, अपनी बातों में उलझाकर अज्ञात दो महिला एवं एक पुरूष ने 2,72,000/- रूपये को ले जाकर धोखाधड़ी कर दिया। उक्त रिपोर्ट पर 480/2025 धारा 318(4),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बालोद देवांश राठौर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षण शिशुपाल सिन्हा द्वारा थाना स्तर पर आरोपियों की पता साजी हेतु विशेष टीम तैयार कर संदेही रवि नेताम, आरोपिया रीना नेताम, पदमा मण्डावी को हिरासत में लेकर पुछताछ किया। जिन्होने प्रारंभ में गोल मोल जवाब देकर अपराध कारित करने से इंकार किया फिर कड़ाई से पुछताछ करने पर अंततः टूटकर बताये कि तीनो मिलकर तिखुर बेचने झलमला, सिवनी बालोद की ओर गई थी। तिज के समय तिखुर बेचने धनेश्वरी ठाकुर के घर गई थी। धनेश्वरी के पति लकवा बीमारी से पीडित था, उसे देख कर तुम्हारे पति को जादू टोना कर दिया है परिचित का बैगा है पुजा पाठ से तुम्हारे पति को ठीक कर देंगें कहकर झांसा दिया और प्रार्थीया के पति को शीघ्र शारीरिक लाभ दिलाने पूजा पाठ की सामग्री क्रय करने के नाम से ?10000 मांग लिए । धनेश्वरी ठाकुर को पूजा करने के लिए चावल, नारियल, अगरबत्ती, रखवाकर पूजा पाठ किया। पूजा पाठ में घर का पुरा पैसा रखोगे तब पूजा फलित होगा नहीं तो अनर्थ हो जायेगा बोलने पर धनेश्वरी ठाकुर ने अपने घर में रखे 1,57,000/रूपये को निकालकर दे दी । तब तीनों पूजा पाठ करने के बहाने से अपनी बातों में उलझाकर सोना चांदी का जेवरात चढाओगे तब पूजा फलित होगा नहीं तो पति के साथ कोई अनहोनी घटना हो जायेगी डराने से प्रार्थीया अपने पहने सोने चांदी के जेवरात को निकालकर रख दी, यह तीनो उक्त रकम एवं सोने चांदी को अपने घर में पुजा करके वापस कर देगें बोलकर प्रार्थीयां से 2,72,000 रू धोखाधड़ी कर चले जाना बताये। आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों की कब्जे से नगदी रकम 92000 एवं सोना चांदी के आभूषण सहित मोबाइल को जप्त कर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, सउनि सुरज साहू, आरक्षक 339 संजय सोनी, आरक्षक 175 लिखन आर्य, आरक्षक 68 भुवन धुव्र, म.आर. 430 ममता ठाकुर, म.आर. 01 पूर्णिमा ठाकुर का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

शिक्षक संवर्ग का पदनाम बदलकर मल्टी-टास्किंग स्टाफ रखना चाहिये !

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के नाम पर राज्य सरकार ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया था। लेकिन सरकार ने स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की जानकारी संकलित कर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा निगम को देने का अजीबोगरीब फरमान जारी किया है ! छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे ,जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पी .आर.झाड़े, पी.एल. साहू, जितेंद्र बघेल,सी. एल.चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार रंगारी, बृजभान सिन्हा, पुष्पेंद्र साहू, शिरीष कुमार पांडे, हेमंत पांडे, उत्तम डड़सेना ,अब्दुल कलीम खान,सुधांशु सिंह, सोहन निषाद, संजीव मिश्रा, सी. आर.वर्मा, श्रीमती संगीता ब्यौहरे ,नीलू झाड़े, सीमा तरार, स्वाति वर्मा, अभिशिक्ता फंदियाल,शीतल कुमार टंडन एवं अनिल साहू ने सरकार से पूछा है कि क्या स्कूलों में बच्चों को विषय ज्ञान देना अत्यावश्यक सेवा नहीं है ? क्या आवारा कुत्तों की सूचना देने का कार्य,शिक्षकों से कराने का आदेश माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिया है ?

फेडरेशन का कहना है कि अधिकांश स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं है। यदि है तो जीर्णोद्धार की स्थिति में है। ऐसे में शाला प्रमुख/शिक्षक आवारा कुत्तों का शाला में प्रवेश के रोकथाम हेतु प्रबंध कैसे करेंगे ?आवारा कुत्तों से क्या शिक्षकों को खतरा नहीं है ? बाउंड्रीवाल नहीं होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देर रात स्कूलों में होता है।जिसके कारण शालेय वातावरण दूषित होता है,बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है!शाला प्रमुख/शिक्षक को इसके रोकथाम के लिये जिला प्रशासन एवं जनमानस से सहयोग नहीं मिलता है।अनेक शाला भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। लेकिन शासन-प्रशासन को सूचना रहने के बावजूद प्रबंधन का अभाव है।लेकिन दुर्घटना होने पर शिक्षकों पर जिम्मेदारी तय किया जाता है।

उन्होंने बताया कि अनेक शिक्षकों की ड्यूटी स्ढ्क्र में बतौर बी एल ओ (बूथ लेवल अफसर) में लगाया गया है। बड़ी मुश्किल से दो-तीन महीने बोर्ड/अन्य परीक्षाओं के लिए बचे हैं। पदोन्नति के फलस्वरूप अनेक शाला विषय शिक्षक विहीन होने वाले हैं। भारत में पिछला जनगणना रिपोर्ट 2011 में तैयार किया गया था। अगली जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन ष्टह्रङ्क्षढ्ढ-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। जोकि निकट भविष्य में संभावित है।फेडरेशन का कहना है कि विषय शिक्षक स्कूलों में अपना कार्य नहीं कर पा रहें हैं।लेकिन विभाग कमजोर परीक्षाफल के लिये संस्था प्रमुख/शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही करता है। आखिर दोषी कौन है ?

ग्राम पंचायत छाटा झा में मितानिन दिवस धूमधाम से मनाया गया

कवर्धा/छाटा झा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत छाटा झा में मितानिन दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव की मितानिन बहनों के स्वागत से हुई। इस दौरान ग्राम पंचायत की सरपंच उर्मिला चंद्रकुमार मैहर तथा सचिव बलदाऊ कौशिक ने सभी मितानिनों को श्रीफल एवं कपड़ा भेंट कर सम्मानित किया। ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने मितानिनों द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि मितानिनें ही गांव की पहली स्वास्थ्य प्रहरी हैं, जो हर परिस्थिति में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में अग्रणी रहती हैं।

सरपंच उर्मिला मैहर ने कहा कि मितानिनों का समर्पण व सेवाभाव ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत बनाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगे भी मितानिन बहनें इसी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियां निभाती रहेंगी। सचिव बलदाऊ कौशिक ने भी मितानिनों के कार्यों को प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन बहनों ने अपने अनुभव साझा किए और ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें अपने कार्य को और बेहतर ढंग से करने की प्रेरणा मिली है।

मितानिन दिवस का यह आयोजन सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

किसानों को दी गई 'पीला प्रपंच' तकनीक की लाभकारी जानकारी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, राजनांदगांव के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा रावे कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम धामनसरा में कृषि संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन तथा रावे कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शिवाजी लिमजे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पौध रोग विज्ञान विभाग के डॉ. नितिन कुमार तूरे और कीट विज्ञान विभाग के डॉ. मनोज चन्द्राकर मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे।

दिनांक 20 नवंबर 2025 को विद्यार्थियों ने ग्राम के कृषकों को समन्वित कीट प्रबंधन के अंतर्गत सब्जियों में लगने वाले चूसक कीटों से बचाव हेतु पीला प्रपंच तकनीक के उपयोग की जानकारी दी। प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया कि टमाटर, मिर्च, बैंगन, लौखी सहित अन्य सब्जियों में सफेद मक्खी, माहू, जैसिड, पर्ण-सुरंगक जैसे चूसक कीटों का अधिक प्रकोप देखा जाता है, जो पीले रंग की ओर आकर्षित होते हैं।

इसी विशेषता का उपयोग करते हुए खेतों में पीले चिपचिपे कार्ड लगाने से इन कीटों की संख्या को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने किसानों को कार्ड लगाने की विधि, समय और इसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। यह तकनीक सस्ती, पर्यावरण-अनुकूल होने के साथ ही रासायनिक दवाओं के अनावश्यक छिड़काव को भी कम करती है।

कृषकों ने इस विधि को सरल, सुरक्षित और उपयोगी बताते हुए इसे अपनाने में विशेष रुचि दिखाई।

धमधा में मास्टर प्लान लागू न होने से करोड़ों का नुकसान

- पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव ने जताई चिंता

धमधा/नवप्रदेश। धमधा नगर में अब तक मास्टर प्लान (हाउसिंग) लागू न होने के कारण नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई गई है। नगर पंचायत के *पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव* ने इस संबंध में अधिकारीगण को ज्ञापन सौंपकर तत्काल मास्टर प्लान लागू करने की मांग की है।

रमन लाल यादव ने बताया कि मास्टर प्लान के अभाव में नगर में अव्यवस्थित रूप से छोटे-छोटे प्लॉट बेचे जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिना हाउसिंग अनुज्ञा के बढ़ रहे अवैध निर्माणों के कारण नगर का व्यवस्थित विकास बाधित हो रहा है। इसके चलते भविष्य में करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान न होने की वजह से न तो शहर का सुनियोजित विस्तार हो पा रहा है और न ही नागरिकों को आवश्यक सुविधाएँ मिल पा रही हैं। यदि स्थिति यही रही तो आने वाले समय में नगर अव्यवस्थित कॉलोनियों और ट्रैफिक अव्यवस्था का केंद्र बन सकता है।रमन लाल यादव ने जिला प्रशासन और नगर पंचायत से मांग की है कि नगर के हित में शीघ्र ही मास्टर प्लान लागू कर वर्षों से लंबित विकास कार्यों को गति दी जाए।

कुरुद कांग्रेसियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भव्य स्वागत

कुरूद/नवप्रदेश। धमतरी के मितानिन सम्मान समारोह में हिस्सा लेने के लिए प्रवास के दौरान सांधा चौक पास कांग्रेसीयो ने उनका भव्य स्वागत किया।स्वागत पश्चात जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर के हनुमान एग्रो शो रूम में कार्य कर्ताओं से भेंट किये।श्री बघेल ने कहा कि एस आई आर को सभी को बहुत गंभीरता पूर्वक लेते हुए कार्य करना है। ताकि कोई भी वास्तविक मतदाता वंचित नहीं रहे।फर्जी वोटर का बाहर होना आवश्यक है। श्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार कोराना काल व अपेक्षा कृत केन्द्र सरकार सहयोग नहीं मिलने पर भी किसान, मजदूर,गरीब, कर्मचारी, व्यापारी सभी वर्गो को लाभ पहुंचाये।400 युनिट बिजली बिल हाफ हुए,गोठान,आत्मनंद स्कूल, सहित अनेक जनहितकारी योजना लागू किये।विगत वर्षो में डबल इंजन की सरकार से जनता त्राहि-त्राहि है। कानून व्यवस्था पूर्ण तौर चरमरा गया है। छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है।हमारे समय को जनता याद कर रही है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने एस आई आर प्रशिक्षण,जोन बैठक,एस आई आर आ रही परेशानियां से अवगत कराया। कार्यकर्ताओ ने भी अपनी अपनी बात रखकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया ।इस अवसर पर प्रमुख तौर पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम,बिंदानवगढ विधायक जनक राम धुव ,पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव तारिणी चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुरूद आशीष शर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भखारा राजू साहु, रमेश्रर साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी रवि शर्मा,कामराय साहू, शत्रुघन साहू, नरेंद्र ढीढी , गोकुल साहू, मुकेश यादव,भानू प्रताप बैस, मोती राम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद उत्तम साहू,रजत चन्द्राकर, अर्जुन धुव, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव हितेंद्र केला,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जानसिंह यादव, पूर्व जनपद सदस्य रविन्द्र साहू, मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस प्रशासनिक महामंत्री चन्द्र प्रकाश देवांगन, महिम शुक्ला, उमाशंकर साहू, पंकज जोशीसहित अनेक कांग्रेसी गण उपस्थित थे।

नपा अध्यक्ष ज्योति ने किया मितानिनों का सम्मान

- मातृ-शक्तियों का सम्मान हमारे लिए गर्व की बात - ज्योति

कुरूद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मितानिन दिवस के अवसर पर कुरूद में मितानिन बहनों को सम्मानित किया गया। अपने सेवा कार्य से समाज में अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं की टीम का सभी ने सराहना की। नगरपालिका कुरूद अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने मितानिन बहनों को अपने निवास में आमंत्रित कर उनका मान बढ़ाया, शाल श्रीफल और नगरपालिका द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सभी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने कहा कि अपने अथक परिश्रम से नगर के सभी सुचना और सेवा कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने वाली बहनों का हम नगरवासियों की सम्मानित कर रहे हैं। मातृ-शक्तियों का सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने स्थानीय शासन-प्रशासन और नागरिकों की ओर से मितानिनों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि मितानिन केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि हर घर की भरोसेमंद साथी हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी जन-स्वास्थ्य की सेवा में कभी पीछे कदम नहीं रखा। नगर पंचायत सदैव मितानिनों के साथ है और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।एमटी पुष्पा साहू ने मितानिनों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि टीकाकरण, पोषण कार्यक्रम, गर्भवती की देखभाल संभव हो पाई है।

इस अवसर पर सभी मितानिनों को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। मितानिनों ने अनूठे आयोजन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर को धन्यवाद दिया और कहा कि इस सम्मान से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है, हम आगे भी अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ काम करेंगी।

मर पुरोधा दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार जयंती समारोह 27 नवंबर को गुंडरदेही में

बालोद/नवप्रदेश। गुंडरदेही विश्राम गृह प्रतिमा स्थल के सामने हमर पुरोधा दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार जयंती समारोह का आयोजन 27 नवंबर गुरुवार को रखा गया है। आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष एवं दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा अध्यक्ष योगेश्वर कुमार देशमुख करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में दुर्ग ग्रामीण विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के महामंत्री मोरध्वज चंद्राकर, जिला पंचायत बालोद के अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, चन्हूदड़ो कुर्मी क्षत्रिय समाज अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, यशवंत दिल्लीवार, केशव बंटी हरमुख, ललित देशमुख, दिलीप देशमुख, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, प्रीतपाल बेलचंदन, प्रीती देशमुख, हेमंत देशमुख, समाज सेवी प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख होंगे। इसी तरह विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत गुंडरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, भिलाई नगर के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, डॉ राजेंद्र हरमुख, सुरेंद्र देशमुख, प्रेमलाल पिपरिया, जगदीश देशमुख, समाजसेवी भूपेंद्र दिल्लीवार , तेजराम देशमुख, विमल गौतम, पुखराज बेलचंदन सहित समस्त सर्किल एवं नगर इकाई अध्यक्ष एवं सचिव होंगे। कार्यक्रम के संयोजक योगेश्वर कुमार देशमुख और कमलेश देशमुख हैं। मंच संचालन कोमल देशमुख, दिलीप देशमुख और कुलेश्वर देशमुख के द्वारा किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा संगठन, दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़, दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई भिलाई जुटे हुए हैं। आयोजन के तहत सुबह 10 बजे नगर भ्रमण रैली और कलश यात्रा, 12 बजे से मंचासिन अतिथि स्वागत और मंचीय कार्यक्रम होंगे। इस दौरान राउत नाचा, झांकी, कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र रहेगी।

कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट में मनाया गया एनसीसी दिवस

महासमुंद/नवप्रदेश। कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट में महाविद्यालय और विद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर और थर्ड ऑफिसर कमलेश चंद्राकर के नेतृत्व में एनसीसी दिवस मनाया गया। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय और सेजेस महासमुंद के लगभग 125 एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए।

कार्यक्रम में कैडेट्स महासमुंद शहर स्थित ग्राम बेलसोंडा में कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट में निवासरत बच्चों, जिनके माता-पिता शहीद हुए हैं या आर्थिक रूप से कमजोर हैं के साथ मिलकर उनका उत्साहवर्धन किए। साथ ही परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। वहां स्थित कैंपस में पौधरोपण कर प्रकृति के महत्व को बताते हुए एक पेड़ मां के नाम की योजना को साकार किया। एनसीसी कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति गीत एवं सेना के जवानों का देश के लिए त्याग एवं बलिदान को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना ने एनसीसी दिवस पर सभी कैडेटों को राष्ट्रहित और सच्चे देशभक्त बनने की प्रेरणा देते हुए करियर मार्गदर्शन किया। लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर ने बताया कि अच्छे नागरिक की पहचान तब होगी जब हम खुद सच्चे रहेंगे और अपने समाज को भी अच्छे विचारों से अवगत कराएंगे।

आज छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ी गीतों पर सामूहिक नित्य की प्रस्तुति देंगी, कल 27 को देशभक्ति गीतों पर समूह नृत्य देखने को मिलेगा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव के आतिथ्य में मुंगेली व्यापार मेला का रंगारंग शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। स्टार्स आफटुमारो वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रतिवर्ष मुंगेली व्यापार मेला का आयोजन किया जाता है। दसवें वर्ष का आयोजन 25 नवंबर से वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में सायं 05:30 बजे भव्य व रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुभारंभ होगा । 7 दिवसीय व्यापार 25 नवंबर से 01 दिसंबर तक आयोजित है। मुंगेली व्यापार मेला लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। लोग इसे मुंगेली का त्यौहार जैसे नाम से जानने लगे हैं। स्टार्स आफ टूमारो टीम के संयोजक रामपाल सिंह ने बताया कि- मेले की पूरी तैयारी हो चुकी है। इस बार मेला स्थल को नया रूप दिया गया है। मंच को ऑपरेशन सिंदूर, छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत वर्ष और हरिहर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली को मनमोहक स्वरूप में दिखाने का प्रयास किया गया है। मेला घूमने आने वाले लोगों को परेशानी से बचाने के लिए थोड़ा विस्तारित किया गया है। हमें पूर्ण विश्वास है, लोगों को बहुत पसंद आएगा। हमारी टीम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर करने की कोशिश करती है। स्टार्स ऑफटुमारो वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित मुंगेली व्यापार मेला में जिले की प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की योजना की जाती है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुंगेली गाट टैलेंट, मंच संचालन कौशल, भाषण प्रतियोगिता, स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, फूलों की रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, रंग भरो प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता जैसे आयोजन नियोजित किये गए हैं। कार्यक्रम के स्वरूप को विस्तारित करते हुए टीम के अध्यक्ष महावीर सिंह ने बताया-वहीं प्रतिदिन रात्रि को नागरिकों के लिए स्वस्थ मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक दिखाई देगी। जिसके अंतर्गत 25 नवंबर को

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जसगीत गायक दुकालू यादव, 26 नवंबर को छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों पर सामूहिक नित्य की प्रस्तुति होगी। 27 नवंबर को देशभक्ति गीतों पर समूह नृत्य देखने को मिलेगा। 28 नवंबर को देश के सुप्रसिद्ध हास्य कवियों की उपस्थिति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित है। 29 नवंबर को छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका आरू साहू की मनमोहक प्रस्तुति होगी। 30 नवंबर को पूनम विराट तिवारी रंग छत्तीसा की अनुपम प्रस्तुति देखने को मिलेगी। मुंगेली व्यापार मेला का समापन सैफएंड सोहेल लाइव रॉक बैंड एंड ब्लिस ट्रूप कोलकाता की रंगारंग प्रस्तुति के साथ होगा। इसके माध्यम से शहर की प्रतिभा को मंच तक लाने का एक नया प्रयास किया गया है। शहर की प्रतिभाओं से लोग स्टार्स ऑफटुमारो के मुंगेली व्यापार मेला के मंच से रूबरू होंगे। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी। मुख्यतः लघु कुटीर मध्यम दर्जे के उद्योग धंधों का विकास, उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को आम जनता तक पहुंचाने तथा व्यवसायिक गतिविधियों के विस्तार हेतु वातावरण तैयार करना है। स्टार्स ऑफटुमारो के सचिव विनोद यादव ने बताया कि- इस वर्ष मेले में 200 से अधिक स्टॉल लग रहे हैं। कुछ लोग स्टॉल के लिए अभी भी संपर्क कर रहे हैं। इस बार फिश टनल, ऑटोमोबाइल, फूड जोन, इलेक्ट्रिक, बैंक, रियल स्टेट, हैंडीक्राफ्ट, शैक्षणिक संस्थान, सौंदर्य प्रसाधन, फर्टिलाइजर्स, कृषि उपकरण, जनरल स्टोर, उद्योग उपकरण, टेराकोटा, क्लॉथ (सूती,ऊनी,खादी), हर्बल प्रोडक्ट, बस्तर आर्ट, महिला गृह उद्योग के अलावा बच्चों के लिए खिलौने और विभिन्न प्रकार के नये-नये झूले ने लोगों को आकर्षित किया। छत्तीसगढ़ के यशस्वी उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी की गरिमामय उपस्थिति और उनके जन्मोत्सव पर मुंगेली व्यापार मेला 2025 का दीप प्रज्वलन के साथ रंगारंग शुभारंभ होगा। पहले दिन सायं 7:00 बजे सुप्रसिद्ध जसगीत गायक दुकालूराम यादव व उनकी टीम द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज होगा । व्यापार मेला 2025 के दूसरे दिन 26 नवंबर को दोपहर में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 2:00 बजे से किया जा रहा है। 27 नवंबर सायं 6:00 बजे विद्यालयीन छात्र-छात्राओं (छत्तीसगढ़ी जूनियर) द्वारा समुह नृत्य प्रतियोगिता संपन्न होना है।

न्यूज गैलरी

कोदवाबानी में मितानिनों का किया गया सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। आज मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोदवाबानी में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे के द्वारा मितानिन दिवस का में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत कोदवाबानी में कार्यरत मितानिन बहनों को ग्राम पंचायत कोदवाबानी के सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे के द्वारा साड़ी श्रीफल देकर उनका सम्मान करते हुए सभी मितानिन दीदियों को अंतर्राष्ट्रीय मितानिन दिवस पर बधाई एवं शुभकामनायें दिया। इस दौरान ग्राम सचिव विष्णु सिंह राजपूत, मितानिन प्रमिला डहरिया, माधुरी जायसवाल, नंदिनी साहू साथ ही हेमकुमार डहरिया सहित ग्राम के सम्मानितजन उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत कोदवाबानी सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे ने कहा कि हमारे गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं सहित शासन के योजनाओं को लेकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता हैं उनके कार्यों को धन्यवाद देते हुए सभी को बधाई दिया।

जनपद पंचायत सामान्य सभा की बैठक

स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं: परिहार

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद पंचायत मुंगेली की सामान्य सभा का आयोजन सुसज्जित जनपद सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं एवं विभागीय प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। मुख्य रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माण कार्य, पेंशन, पीएम सूर्य घर योजना, ग्रामों में विद्युत व्यवस्था पेयजल, स्वच्छता तथा पंचायतवार प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएं। योजनाओं के लाभार्थियों को समय पर लाभ सुनिश्चित किया जाएं। पंचायतों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिम्मेदार

अधिकारी नामित किए जाएं। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यकर्ता व सहायिका भर्ती की गड़बड़ी का मामला उठाया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे। जिसके कारण इन विभागों की समीक्षा नहीं हो सकी। सीईओ राकेश साहू ने इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अगली बैठक में दोनों विभागों की विस्तृत समीक्षा अनिवार्य रूप से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जनपद उपाध्यक्ष पुष्पलता मोहले, राजेश कुमार अंचल, राणाप्रताप सिंह, गोविंद प्रसाद मोहले, खोरबहरीन लालाराम साहू, वेदमण्डल ध्रुव आदि सदस्य एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

समझाइश देकर छोड़ा था, आज हुई कार्रवाई, धुमाल जब्त

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। प्रतिबंधित क्षेत्र में तेज आवाज में धुमाल बजाने के मामले में पुलिस ने दूसरे दिन कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर बारात के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में तेज ध्वनि के साथ बज रहे धमाल को पुलिस ने मौके पर जप्त कर लिया था। उस समय व्यापारी और चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी पुलिस थाना पहुंचे और मध्यस्थता करते हुए आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने समझाइस देकर धमाल वापस कर दिया था। मंगलवार को मामले में पुलिस ने संचालक को

थाने बुलाया निर्धारित नियमों के विपरीत कार्य करने पर पुलिस ने उसके विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत जप्ती की कार्रवाई की। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में तेज ध्वनि बजाने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

लापरवाह दो सहायक शिक्षक बर्खास्त

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। पंचायत चुनाव के दौरान शराब सेवन कर निर्वाचन स्थल पर पहुँचने के आरोप में दो सहायक शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। ग्राम लालपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 19 फरवरी को निर्वाचन सामग्री वितरण के दौरान सहायक शिक्षक अशोक कुमार सिंह और अभय कुजूर मद्यपान की स्थिति में पाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई चिकित्सीय पुष्टि के बाद कलेक्टर ने तीनों संबंधित शिक्षकों को निलंबित किया तथा 4 मार्च को विभागीय जांच शुरू कराई। जांच में दोनों शिक्षकों पर लगाए गए आरोप सिद्ध पाए गए, साथ ही 23 जुलाई को वे न्यायालय में भी शराब के प्रभाव में पहुंचे, जिसकी दोबारा पुष्टि हुई। प्रस्तुत जवाब असंतोषजनक होने और आचरण नियमों के उल्लंघन पर कलेक्टर के आदेशानुसार 14 नवम्बर को दोनों की सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 24 नवम्बर को नियम के अंतर्गत दोनों को पदच्युत कर दिया गया।

कृषि भूमि में डंप कर रहे हैं राखड, पर्यावरण हो रहा प्रदूषित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर के आश्रित ग्राम कनकपुर परसापाली व कपिस्दा में अवैध ईंट भट्टो और कृषि भूमि में राखड की अवैध तरीके से सप्लाई किया जा रहा है लोगों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बंसुला में राखड माफिया सक्रिय हैं वहीं कनकपुर परसापाली और कपिस्दा में बिना शासकीय अनुमति के इन गांवों में अवैध तरीके से राखड की सप्लाई कर रहा है और ईंट भट्टा संचालको से मोटी रकम ले रहा है बताया जा रहा है की इन गांवों में सैकड़ों की संख्या में अवैध ईंट भट्ठे संचालित है जिसके राखड की सप्लाई की जा रही है जिसके चलते यहां के लोगों का जितना मुश्किल हो गया है लोग राखड और अवैध ईंट भट्ठो के धुंए से कापी परेशान हैं साथ ही इसका असर सीधे लोगों की सेहत पर पड़ रहा है और लोग इसकी चपेट में आकर मौत के आगोश में समाने को मजबुर है तो वहीं जिम्मेदार पर्यावरण राजस्व विभाग को अपने कमिशन से मतलब है कनकपुर परसापाली कपिस्दा के लोगों का सीधा आरोप

है की पर्यावरण विभाग आज तक निरीक्षक तक करने नहीं पहुंचा है। ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर कपिस्दा के सरपंच सचिव ने आंख मुद कर यहां राखड माफियाओं को बीना जांचें परखे पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है लोगों से मिली जानकारी के अनुसार जिस जमीन पर राखड गिराने की पंचायत ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी की है उस जगह को छोड़ छोड़ कर अन्य जमीन पर दर्जनों जमीन पर बिना अनुमति के राखड पाटा जा रहा है जिसे रोकने में प्रशासन पुरी तरह से राखड माफियाओं के सामने नतमस्तक नजर आ रहा है ग्राम पंचायत बंसुला के एक राखडा माफिया के कहने पर राखड ट्रांसपोर्ट प्लांट से राखड निकाल कर कनकपुर परसापाली कपिस्दा में बिना अनुमति के राखड डाल रहे हैं जो लोगों के जी का काल बनता जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी हैं की राखड माफियाओं को पुरा संरक्षण देने में लगे हुए है जिसके चलते यहां के लोग गंभीर बिमारी के आगोश में समा रहे हैं।

> दो वाहनों को पकड़ कर पर्यावरण विभाग को जानकारी दी गई है जल्द ही कनकपुर कपिस्दा परसापाली में अवैध रूप से डंप राखड पर भी कार्रवाई की जायेगी।
>
> **अविनाश चौहान**
> तहसीलदार, बम्हनीडीह

बस चालक के साथ असामाजिक तत्वों ने की मारपीट

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र में असमाजिक तत्वों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हौसला बुलंद सामाजिक तत्वों द्वारा आये दिन लखनपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से बदसलूकी और मारपीट किये जाने जैसी घटनाएं नित्य प्रति सामने आ रही है। असामाजिक तत्वों के द्वारा नवापारा चौक, हंसडांड, कुंवरपुर बस स्टैंड पार्क लखनपुर सहित अन्य स्थानों में मारपीट की घटनाओं को बेखौफ अंजाम दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग भयाक्रांत है। गुड़ागर्दी के वजह से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बनता जा रहा है।

अवैध निर्माण पर वन विभाग की कार्रवाई

खड़गवां/नवप्रदेश। हाल ही में वन विभाग द्वारा रतनपुर क्षेत्र में अवैध निर्माण पर की गई कार्रवाई के बाद विवादों का दौर शुरू हो गया था। आरोप लगाए गए कि आदिवासी परिवारों के घर और पीएम आवास तोड़े गए तथा पट्टे की जमीन को बिना नोटिस जमींदोज कर दिया गया। लेकिन स्थानीय निवासियों के बयान ने कई दावों को गलत साबित कर दिया। वन विभाग के अनुसार राजेंद्र प्रधान, सुलेमान/नागेंद्र और रामप्रसाद को तीन-तीन

बार नोटिस जारी किए गए थे, जिनकी रिसीविंग भी उपलब्ध है। जांच में यह भी सामने आया कि सुशीला नाम की महिला जिस जगह को पट्टे की जमीन बता रही थी, वह वास्तव में वन विभाग की भूमि है। वहीं सुलेमान सहित संबंधित व्यक्तियों के अपने पक्के मकान दूसरे पंचायतों में मौजूद हैं, जिससे बेघर किए जाने का दावा भी निराधार साबित हुआ। रतनपुर के सरपंच नरेंद्र सिंह ने भी स्पष्ट किया कि जिनके मकान तोड़े गए वे क्षेत्र के मूल निवासी नहीं हैं और न ही उनके नाम से कोई पीएम आवास स्वीकृत था। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ लोग सरकारी भूमि पर अवैध रूप से मकान बनाकर बेचने का काम करते थे। वन विभाग ने चेताया है कि आगे भी इसी तरह की अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

न्यायालय तहसीलदार, कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.-ब-121/2025
ग्राम- कोटा

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं हितबद्ध पक्षकार ग्राम .... प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. कोटा तहसील कोटा जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक ठाकुर पिता श्री विनोद सिंह निवासी कोटा द्वारा अपने पिता विनोद सिंह की जन्म/मृत्यु दिनांक 26.09.2025 को ग्राम कोटा में होने का प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 02.12.25 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

आज दिनांक 18.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर द्वारा जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कोटा

बाल सुरक्षा सप्ताह का सिटी कोतवाली में समापन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 14 नवंबर से प्रारंभ हुआ 'बाल सुरक्षा सप्ताह 2025' सिटी कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में आयोजित इस सप्ताह भर चलने वाले अभियान का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षा, जागरूकता, आत्मरक्षा, साइबर सतर्कता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति शिक्षित करना था। समापन समारोह में 60 विद्यार्थियों उपस्थित रहे।

समापन कार्यक्रम में कन्या विद्यालय, नगर पालिका स्कूल तथा बिआरसाव स्कूल के 20-20 विद्यार्थियों सहित कुल 60 बच्चे शामिल हुए। बच्चों के आगमन पर पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल को बाल सुरक्षा से जुड़े संदेशों, पोस्टरों एवं रंगोली से सजाया गया, जिससे समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। बच्चों को चार प्रमुख प्रतियोगिताओं रंगोली, कविता, निबंध और पेंटिंग में भाग लेने का अवसर दिया गया।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
'मिनी रत्न कम्पनी'
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)
सूचना
एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी, मामला दर्ज

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लटोरी साप्ताहिक बाजार से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मनोज कुमार महिलागे पिता रामरतन महिलागे उम्र 26 साल साकिन ग्राम कोरजा थाना लखनपुर बीते 23 नवम्बर दिन रविवार को अपने मोटरसाइकिल हीरो एच एफ डिलक्स क्रमांक सीजी 15 डीसी 1654 में लटोरी साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने गया था बाजार के समीप पुलिया के पास मोटर साइकिल खड़ी थी। सब्जी खरीद कर जब वापिस आया तो देखा बाइक अपने स्थान पर नहीं था काफी खोजबीन करने के बाद भी मोटरसाइकिल का पता नहीं चला। कोई अज्ञात चोर मौका देख चोरी कर ले गया। प्रार्थी ने चोरी घटना की एफआईआर दर्ज लखनपुर थाने में कराया है पुलिस मामले में धारा सदर 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DIVISION, SURAJPUR (C.G.)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(2nd CALL)
System Tender No: 180224 NIT No.: 06/SAC/2025-26 Dated: 24.11.2025
Online Tenders are invited for the following works up to 11.12.2025, (17.30 hours IST).
Name Of Work : REPAIR OF SAWARAWA TANK SCHEME INCLUDING REPAIR OF BUND AND HEAD SLUICE, CONSTRUCTION OF C.C. LINING, 150 M. C.C. CHANNEL, 02 NOS. V.R.B., 02 NOS FOOT BRIDGE, 01 NO. C.D., 01 NO. SUPER PASSAGE, 01 NO. HEAD REGULATOR AND 01 NO. OUTLET.
Probable Amount Of Contract : Rs. 136.00 Lakhs
The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 01.12.2025, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**
NOTE:-1. All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.
2 . Probable Amount of Contract (P.A.C.) is as per S.O.R. 01.08.2010. (As Amendments 22.08.2022)
(Arun Kumar Mishra)
Executive Engineer
Water Resources Division Surajpur (C.G.)
For, Superintending Engieer, Syam Barnai Project Circle
Ambikapur, Distt.Sarguja (C.G.)
G-252605007/4

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
HASDEO BARRAGE W/M DIVISION, RAMPUR/KORBA DISTT.-KORBA (C.G.)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(FOURTH CALL)
System Tender No. 180146 NIT No.: 06/SAC/2025-26, Dated: 24-11-2025
Online Tenders are invited for the following works up to 11-12-2025 at 17:30 Hour
Name of work: REPAIR OF C.C. LINING OF HASDEO RIGHT BANK CANAL FROM R.D. 5 K.M TO R.D. 10 K.M. UNDER HASDEO BANGO PROJECT AT KORBA DISTRICT.
Probable Amount of Contract: Rs. 286.45 Lakhs
(Rates are inforced as per S.O.R. Dated 01-08-2014 and rates Amendment dated 22-08-2022)
The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 01-12-2025 at 17:31 Hours. (IST) onwards.**
NOTE: All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Other terms and condition of this tender visit WRD website https://eproc.cgstate.gov.in under Live Tender available.
EXECUTIVE ENGINEER
HASDEO BARRAGE W/M DIVISION
RAMPUR / KORBA (C.G.)
G-252604995/4

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन से 32 स्टार्टअप जुड़े

'गार्बेज-फ्री सिटीज' के नए युग का शुभारंभ, 'मिशन अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण, सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल और अनुसंधान व नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली स्थित ताज विवांता, द्वारका में आयोजित स्टार्टअप शोकेस एवं डेमो डेः स्पेशल सेशन ऑन स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन (एसबीएम-यू) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह कार्यक्रम आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सोशल इनोवेशन लैब 2.0 (एसआईएल 2.0) का प्रदर्शन किया गया, जो सिटी इंडिया और आईआईटी कानपुर की साझेदारी में विकसित सीएसआर पहल है और स्वच्छ प्रौद्योगिकी तथा कृषि-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में 100 नवाचार आधारित स्टार्टअप का समर्थन कर रहा है। अपने संबोधन में श्री साहू ने भारत के वैश्विक स्टार्टअप नेतृत्व को रेखांकित करते हुए कहा, 'भारत आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब है। देश में 100 से अधिक यूनिकॉर्न कार्यरत हैं और तकनीक व नवाचार की मजबूत संस्कृति महानगरों से आगे बढ़कर टियर-2 एवं टियर-3 शहरों तक पहुंच चुकी है।' उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में कार्यरत 5,000 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत किए जा चुके हैं। श्री साहू ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 द्वारा कचरा-रहित शहरों की दिशा में किए गए परिवर्तनकारी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'मिशन अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण, सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल और अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देते हुए शहरी स्वच्छता को नई दिशा दे रहा है। मिशन में सफाई कर्मियों की सुरक्षा, गरिमा और कल्याण सर्वोपरि है।' राज्य मंत्री ने स्मरण कराया कि एसबीएम-यू के पिछले एक दशक ने पारंपरिक अपशिष्ट प्रबंधन से तकनीक-संचालित समाधानों की दिशा में तेज प्रगति की है। उन्होंने आर्क रोबोटिक्स, रीसर्कल, इकोकारी, यूनेको, पैडकेयर, मडल आर्ट, कबाड़ीवाला आदि स्टार्टअप द्वारा विकसित नवाचारों की विशेष उल्लेख किया, जो शहरी अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री साहू ने बताया कि 2022 में आयोजित स्वच्छता स्टार्टअप चैलेंज ने इस क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और इकोसिस्टम निर्माण को गति दी है। स्टार्टअप गेटवे के प्रथम चरण के 30 स्टार्टअप ने अब तक 300 लाख लीटर अपशिष्ट जल का उपचार, 63,000 मीट्रिक टन से अधिक अपशिष्ट का प्रबंधन, 15,000 मीट्रिक टन सड़क कचरे का संग्रह, 200 मीट्रिक टन जैव अपशिष्ट का प्रसंस्करण किया है। साथ ही 50 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व उत्पन्न किया तथा 2,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया।

युवाओं और महिला उद्यमियों की उल्लेखनीय भागीदारी

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अंतर्गत स्टार्टअप गेटवे फॉर गार्बेज-फ्री सिटीज के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत 32 नए स्टार्टअप को ऑनबोर्ड किया गया। इनमें युवाओं और महिला उद्यमियों की उल्लेखनीय भागीदारी है। चयनित स्टार्टअप को तकनीकी मार्गदर्शन, आईआईटी कानपुर में इन्फ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच, निवेशक एवं सीएसआर कनेक्ट और शहरी स्थानीय निकायों (शहरी स्थानीय निकायों) के साथ पायलट परीक्षण के अवसर प्रदान किए जाएंगे। अपने समापन वक्तव्य में श्री साहू ने अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र के लिए एक राष्ट्रीय विनिमय मंच (राष्ट्रीय एक्सचेंज प्लेटफ़ॉर्म) की स्थापना की घोषणा की, जिसके माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों अपनी आवश्यकताएँ साझा कर सकेंगे और स्टार्टअप समाधान प्रस्तुत कर सकेंगे। इस मंच से सहयोग, निवेश और नवाचार को गति मिलेगी। शहरी स्थानीय निकायों में स्टार्टअप ऑनबोर्डिंग को आसान बनाने के लिए नीतिगत सुधार भी विचाराधीन हैं।

न्यूज गैलरी

पुलिस से शिकायत करने पर ग्रामीण से मारपीट और चाकू से हमला

रतनपुर/नवप्रदेश। ग्राम बेलतरा शिव चौक में रहने वाले कीर्तन कुमार सूर्यवंशी ने गांव के ही मेंगो सूर्यवंशी पर चाकू से मारपीट व गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में आरोपी मेंगो सूर्यवंशी के खिलाफ धारा 118(1)-बीएनएस, 296-बीएनएस व 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी कीर्तन कुमार, जो रोजी-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है, उसने शिकायत में बताया कि 23 नवंबर 2025 को दोपहर लगभग 1 बजे गांव में आरोपी मेंगो सूर्यवंशी उसकी बेटी स्वाती सूर्यवंशी को धक्का-मुक्की कर रहा था। जब प्रार्थी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे भी गाली-गलौज कर धक्का दिया। इसी घटना को लेकर वह थाना रिपोर्ट लिखाने पहुँचा था। शाम करीब 5.30 बजे प्रार्थी अपने घर के पास था, तभी आरोपी मेंगो सूर्यवंशी आया और कहा कि वह उसके खिलाफ थाना रिपोर्ट करने गया था। इस बात को लेकर आरोपी ने मां-बहन की अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का तथा सब्जी काटने वाले चाकू से हमला किया। हमले में प्रार्थी को दाहिने हाथ के अंगूठे और कोहनी में चोटें आई।

राज्यपाल, उच्च शिक्षा सचिव से की शिकायत, उग्र आंदोलन की तैयारी

दीक्षांत समारोह के नाम पर अनियमितता के खिलाफ एनएसयूआई का शंखनाद

■ **करोड़ों के दुरुपयोग पर उठाई आवाज**

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल व उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ के सचिव को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपकर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह के नाम पर हो रहे अत्यधिक व्यय, अनियमितताओं एवं भंडार क्रय नियमों के उल्लंघन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

उन्होंने अपने पत्र में कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा हर वर्ष लगभग 60 लाख से अधिक राशि केवल दीक्षांत समारोह में खर्च की जाती है, जबकि राज्य के अन्य विश्वविद्यालय–पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग–कम खर्च में गरिमापूर्ण आयोजन करते हुए यह राशि शैक्षणिक विकास में लगाते हैं। उन्होंने कहा कि आज तक विश्वविद्यालय कैंपस में छात्रावास जैसी बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, और इसी अव्यवस्था का परिणाम है कि विश्वविद्यालय अब तक नैक मान्यता भी प्राप्त नहीं कर सका। एनएसयूआई ने दीक्षांत समारोह सहित सभी प्रकार की खरीद-बिक्री, भुगतान और अन्य कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु भंडार नियमों के सख्त पालन की मांग की है, ताकि किसी विशेष व्यक्ति/संस्था को लाभ पहुँचाने या भ्रष्टाचार जैसी स्थिति बनने से रोका जा सके।

दीक्षांत समारोह बजट के लिए सहमति से पहले ही टेंडर जारी

रंजेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का बजट नियमानुसार व मुख्य रूप से छात्रहित कार्यों पर खर्च होना चाहिए। अनावश्यक कार्यक्रमों में मोटी रकम खर्च होने का सीधा प्रभाव छात्रों की जेब और उनके अधिकारों पर पड़ता है। बजट की कमी के कारण विद्यार्थी अनेक आवश्यक सुविधाओं से वंचित हैं। इस सन्दर्भ में प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय एवं अन्य पदाधिकारियों से गंभीरता से चर्चा भी हो चुकी है और उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उच्च शिक्षा विभाग ने इस गंभीर विषय में तत्काल प्रभावी निर्णय नहीं लिया, तो एनएसयूआई सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए मयंक का चयन

सीपत/नवप्रदेश। ताइक्वांडो के क्षेत्र में सीपत ने एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। डिफेंस ताइक्वांडो क्लब मोपका के होनहार खिलाड़ी मयंक यादव का चयन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक अरुणाचल प्रदेश में आयोजित होगी, जिसमें देशभर के चयनित खिलाड़ी अपने कौशल और ताकत का प्रदर्शन करेंगे। मयंक यादव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का माहौल है। मयंक की इस सफलता को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत माना जा रहा है। डिफेंस ताइक्वांडो क्लब मोपका के संचालक सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने मयंक की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि मयंक यादव ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत की है। उसका अनुशासन, समर्पण

और लगन काबिल-ए-तारीफ है। सीमित संसाधनों के बावजूद उसने कभी हार नहीं मानी। हमें पूरा विश्वास है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्लब और जिले का नाम रोशन करेगा। यह सफलता अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि डिफेंस क्लब मोपका निरंतर ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने का कार्य कर रहा है और भविष्य में और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि मयंक यादव काफी समय से कठिन प्रशिक्षण और अनुशासित अभ्यास में जुटे हुए थे। नियमित अभ्यास, फिटनेस और तकनीकी कौशल के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

कलेक्टर ने गहन पुनरीक्षण को लेकर ली राजनीतिक दलों की बैठक

■ **शंकाओं के समाधान होने पर जताई संतुष्टि**

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ राज्य में अर्हता तिथि 1जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामवलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उपस्थित प्रतिनिधियों को मतदाताओं का नवीन फोटो उपलब्ध कराना वैकल्पिक होने के सबंध में आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया गया। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी एवं छत्तीसगढ़ जनता कांगेस (जे) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि बूथ लेवल अधिकारी वितरित किए गए गणना पत्रक घर-घर जाकर 4 दिसंबर तक प्राप्त करेंगे और इसे आन लाइन दर्ज करेंगे। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए को फील्ड में उपस्थित होकर बीएलओ के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित करने कहा गया। जिन मतदान केंद्रों के लिए अभी तक बीएलए नियुक्त नहीं हुए हैं, वहां पर भी बीएलए की नियुक्ति अभी की जा सकती है। लेकिन इसकी सूचना से जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराना होगा।

शंकाओं का बैठक में समाधान

बैठक में सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से प्राप्त शंकाओं का बैठक में समाधान किया गया, जिस पर सभी ने संतोष प्रकट किया। बताया गया कि गणना पत्रक भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं है और बीएलओ किसी भी मतदाता से मोबाईल ओटीपी की मांग नहीं करता है। इस प्रकार बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाताओं को उक्त निर्देशों से अवगत कराने की अपील की गई।

जिले में अब तक 12,262 मीट्रिक टन धान की आवक

बिलासपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। अब तक जिले में 12 हजार 262 मीट्रिक टन से ज्यादा धान की खरीदी हो चुकी है। खरीदे गए धान की कीमत 38 करोड़ रुपए से ज्यादा है। एक ही दिन में आज 6911 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। कल मंगलवार के लिए 7807 मीट्रिक टन धान का टोकन कटा है।

कोटा विधानसभा क्षेत्र में 25 लोंगो ने ली आजाद युवा संगठन की सदस्यता

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आज़ाद युवा संगठन द्वारा चलाए जा सदस्यता अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुरदर में सदस्यता अभियान चलाते हुए 25 लोंगो को संगठन की सदस्यता ग्रहण करवाई गई द्य संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा बताया गया की ग्राम पंचायत कुरदर बेलगहना से लगभग दस किलोमीटर की दुरी पर पहाड़ की घाटी के ऊपर बसा गांव है और यहाँ बैगा जनजाति के लोग निवास करते है शासन प्रशासन इनके विकास एवं सुधार के लिए अनेकों

प्रकार की योजनाएँ चला रही है किन्तु इन लोंगो तक पूर्ण रूप से योजनाओं का लाभ नहीं पहुँच पा रहा है शासकीय विभाग से लेकर व्यपारी तक इनका शोषण करने से नहीं चूक रहे है जिसकी जानकारी संगठन को बैगा जनजाति के लोग साझा करते हुए बातलाया गया संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा इन लोंगो की समस्यायों एवं शोषण को शासन प्रशासन तक पहुंचाते हुए जन आंदोलन करें की बता कही गई द्य इस अभियान में मुख्य रूप से संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी एवं चंद्रपाल बैगा संगठन ब्लाक उपाध्यक्ष के आलवा ममता बाई बैगा, शिवकुमारी बैगा, लक्ष्मीन बाई बैगा, जलेश्वरी बाई, बैगा, प्रमिला बाई बैगा, देव कुंवर बाई बैगा, सुनीता मेश्राम, धन बाई बैगा, राजकुमारी बैगा, श्याम कली सारथी, रामकली बाई बैगा, धन कुँवार बाई बैगा, सुशीला बाई बैगा, संतरा बाई बैगा, मीना बाई बैगा, नान बाई बैगा, सुनीता बाई बैगा, राधा बाई बैगा, कृष्णा बाई बैगा, फूल बाई बैगा, शशिकला बाई बैगा, संतोषी बाई बैगा राजू मानिकपुरी आदि लोंगो ने संगठन पर विश्वास जताते हुए संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

संगठन की सेवा करना ही पहली प्राथमिकताः सुनील

सीपत/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस के नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुनील पटेल के पहली बार सीपत आगमन पर नवाडीह चौक देशभक्ति और संगठनात्मक जोश से सराबोर नजर आया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत करते हुए पटाखे फोड़कर जोशीले नारों के साथ सुनील पटेल का ऐतिहासिक अभिनंदन किया। कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद और एनएसयूआई जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सुनील पटेल की नियुक्ति से युवा कांग्रेस संगठन में जबरदस्त उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

कार्यकारी जिलाध्यक्ष का यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोशीला स्वागत

कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर साफ तौर पर देखने को मिली। स्वागत के बाद कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताते हुए सुनील पटेल ने कहा कि यह पद मेरे लिए सम्मान नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। युवा कांग्रेस को मजबूत करना, हर बूथ तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करना और युवाओं को सामाजिक व राजनीतिक रूप से जागरूक करना मेरा प्रमुख उद्देश्य है। मैं सभी साथियों के विश्वास पर खरा उतरूंगा और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का हरसंभव प्रयास करूंगा। सीपत और मस्तूरी क्षेत्र के युवाओं में असीम ऊर्जा है, जिसको सही दिशा देकर हम कांग्रेस को अभेद्य ताकत बनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की विचारधारा गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के हित में काम करती आई है और युवा कांग्रेस इस मिशन को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर निकली रैली

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु जी का अतुलनीय साहस, अद्भुत त्याग और अपरिमित मानव सेवा भाव सदैव सम्पूर्ण मानव जाति के लिए मार्गदर्शक प्रकाश रहेगा। आज इस पावन शहीदी दिवस पर, सेंट्रल गुरुद्वारा गोडपारा महिला स्त्री सत्संग के द्वारा सदर बाजार करोना चौक में पुष्प वर्षा कर बाइक रैली का आभार व्यक्त किया आइए हम संकल्प लें कि गुरु जी के आदर्शों–सत्य, करुणा, भाईचारा और समरसता–को अपने जीवन में धारण करेंगे, ताकि समाज में प्रेम, शांति और एकता की सुगंध फैलती रहे। डिंपल उपवेजा, परमजीत उपवेजा, चंचल सलूजा, बॉबी छाबड़ा, चंचल उपवेजा, बलवीर सिंह सलूजा, प्रीतम सलूजा, सुरजीत सलूजा, महिला स्थिति सत्संग की अध्यक्ष मीना सलूजा, साधसंगत उपस्थित थी।

लापरवाही

तबियत बिगड़ने पर परिजनों को दी सूचना, इलाज के दौरान हुई मौत

नवोदय विद्यालय मल्हार में प्रबंधन की लापरवाही से गई एक छात्र की जान

मल्हार/नवप्रदेश। पीएमश्री नवोदय विद्यालय मल्हार में स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से एक मासूम छात्र की जान चली गई है, मृतक छात्र के पिता ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके बेटे की मौत के लिए उन्हें जिम्मेदार बताया है। दरअसल सोमवार की दोपहर बेलगहना निवासी जयप्रकाश यादव के पुत्र हर्षित यादव जो 10 वी कक्षा में पढ़ाई कर रहा था उसकी ईलाज के दौरान बिलासपुर में मौत हो गई।

घटना के बाद हर्षित के पिता ने बताया कि उनके बेटे की मौत के पीछे नवोदय विद्यालय मल्हार प्रबंधन की बड़ी लापरवाही है, जिन्होंने आगे बताया कि बीते शनिवार को हर्षित के पिता जयप्रकाश को फोन से स्कूल के शिक्षकों ने सूचना दी कि उनके बेटे की तबियत खराब है, जब हर्षित के पिता बेलगहना से स्कूल पहुँचे तो देखा उनके बेटे की हालत बहुत खराब है जिस पर पिता ने प्रबंधन से कोई वाहन उपलब्ध कराकर बिलासपुर हॉस्पिटल ले जाने की मदद मांगी लेकिन उन्हें यह कहा गया कि चार पहिया गाड़ी प्रिंसिपल ले गए है, लिहाजा वह अपनी व्यवस्था करें, जिस पर पिता उन्हें अपनी व्यवस्था से बिलासपुर हॉस्पिटल पहुँचे जहाँ शनिवार, रविवार हर्षित का उपचार कराया फिर भी हालत में सुधार नही होने पर दूसरे हॉस्पिटल लेकर पहुँचे, जहाँ ईलाज के दौरान सोमवार की दोपहर 2:30 बजे के लगभग छात्र हर्षित की मौत हो गई। इस घटना ने पिता जयप्रकाश को तोड़ दिया, जिन्होंने नवोदय विद्यालय प्रबंधन पर छात्र हर्षित के तबीयत खराब होने की पहले सूचना नही देने और न ही ईलाज कराने का आरोप लगाया है, पीड़ित पिता अब किसी अन्य बच्चे के साथ ऐसा न हो इसे लेकर प्रशासन से जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे है।

नवोदय विद्यालय में बदहाली के बीच बच्चे

परिजनों के अनुसार नवोदय विद्यालय के आवासीय परिसर पर बदहाली का आलम है, जगह जगह सीलन टूटे फूटे खिड़की दरवाजे, यहाँ तक कि बीमार करने वाले कैंटीन और बाथरूम से बच्चों को रोजाना सामना करना पड़ रहा है, शिकायतों के बाद भी कोई बदलाव नहीं किया गया है, जबकि शासन से लाखो रुपए फंड में जारी किए जाते है, बावजूद इसके बच्चो को बदहाली में ही रहकर अपनी पढ़ाई करनी मजबूरी है। नवोदय विद्यालय में नियमो की बड़ी लिस्ट है जिसे अनुशासन के लिए बच्चो और परिजनों पर लाद दिया गया है, लेकिन प्रबंधन की जो जिम्मेदारी है और कर्तव्य है उन्हें कूड़े में फेंक कर संस्थान का संचालन किया जा रहा है, व्यवस्थाएं केवल कागजों तक सीमित है और वास्तविकता सामने है, अब इस घटना के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय होंगे और बच्चों को उचित व्यवस्था मुहैय्या होगी, साथ ही जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है यह अभी अपेक्षित है।

दिल्ली-एनसीआर पहुंची इथियोपिया के ज्वालामुखी की राख, कई उड़ानें रद्द, एडवाइजरी जारी

नई दिल्ली। इथियोपिया में हुए ज्वालामुखी विस्फोट का असर फ्लाइट्स के ऑपरेशन पर भी पड़ा है। हेली गुब्बी विस्फोट से निकली ज्वालामुखी की राख मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों में फैल गई है। इससे मस्कट फ्लाइट इन्फॉर्मेशन रीजन से गुजरने वाले रूट पर असर पड़ा है। इस कारण KL रू रॉयल डच एयरलाइंस ने अपनी दिल्ली-एम्स्टर्डम फ्लाइट रद्द कर दी है।

10 हजार सालों में पहली बार फटे इस ज्वालामुखी से राख का एक बड़ा गुबार उठा और फिर आगे पूरब की ओर बढ़ गया।

टूलूज वोल्केनिक ऐश एडवाइजरी सेंटर ने यह भी बताया है कि ज्वालामुखी से राख का एक बड़ा गुबार उत्तरी भारत की ओर बहने लगा है। यह राख अब दिल्ली एनसीआर पहुंच चुकी है। डीजीसीए ने इस संबंध में एयरलाइंस को एडवाइजरी जारी की है।

अकासा, इंडिगो की फ्लाइट रद

राख के घने बादल पहुंचने से दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी और गिरने की संभावना है। अकासा एयर ने राख के कारण 24 और 25 नवंबर को जेद्दा, कुवैत और अबू धाबी आने-जाने वाली उसकी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इंडिगो ने भी अपनी कुछ फ्लाइट कैंसिल की है। इंडिगो ने कहा है कि 'इथियोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी के हाल ही में फटने के कारण राख के बादल भारत के कुछ हिस्सों की ओर बह रहे हैं। हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि आपकी सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।'

रूटिंग को एडजस्ट करने की सलाह

अपनी एडवाइजरी में, डीजीसीए ने एयरलाइंस से कहा कि वे ज्वालामुखी राख के प्रोसीजर पर अपने ऑपरेशनल मैनुअल को रिव्यू करें और उसी के अनुसार कॉकपिट और केबिन क्रू को जानकारी दें। साथ ही एयरलाइंस को लेटेस्ट एडवाइजरी के आधार पर फ्लाइट प्लानिंग और रूटिंग को एडजस्ट करने को भी कहा गया है।

अगर राख का पता चले तो तुरंत रनवे, टैक्सीवे और एप्रन की जांच करें और कंटैमिनेशन साफ होने तक ऑपरेशन रोक दें। ऑपरेटरों को इंटरनल सेफ्टी रिस्क असेसमेंट प्रोसेस को एक्टिवेट करने और सैटेलाइट इमेजरी, डस्ट बुलेटिन और राख के मूवमेंट के अनुमान की चौबीसों घंटे मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं एयरलाइंस की तरफ से यात्रियों को भी अपडेट जारी किए गए हैं। स्पाइसजेट ने कहा है कि दुबई से आने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ान की स्थिति पर नजर रखें। अकासा एयर ने कहा है कि वह इंटरनेशनल एविएशन एडवाइजरी और सेफ्टी प्रोटोकॉल के हिसाब से स्थिति का आकलन करते रहेंगे।

एअर इंडिया की ये उड़ानें रद

25 नवंबर
एआई 2822 - चेन्नई-मुंबई
एआई 2466 - हैदराबाद-दिल्ली
एआई 2444/2445 - मुंबई-हैदराबाद-मुंबई
एआई 2471/2472 - मुंबई-कोलकाता-मुंबई'

हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा', देश नहीं करेगा बर्दाश्त

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' हैं और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा, 'देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं।' वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता। लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपना अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा 'केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है?' इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया।

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 और 2020 में आदेश दिया था कि, सभी पुलिस थानों, सीबीआई, ईडी, एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दफ्तरों में फुल कवरेज वाले सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाएं।

ममता बनर्जी की केंद्र सरकार को खुली चेतावनी, पूरे देश को हिला दूंगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर मंगलवार को भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल में मतदाता सूची से वैध मतदाताओं का नाम कटने पर केंद्र सरकार भी गिर जाएगी। एसआईआर के खिलाफ बांग्लादेश की सीमा से सटे उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में मतुआ समुदाय के गढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 2024 में इसी वोटर लिस्ट के हिसाब से वोट मिले।

अब अगर एसआईआर की आड़ में आप नाम हटवा देंगे, तो केंद्र सरकार भी गिर जाएगी। ममता ने फिर सवाल उठाया कि एसआईआर इतनी जल्दी में क्यों किया जा रहा है?

ममता ने हाल में बिहार में हुए चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार के विपक्षी नेता 'बेचारे' भाजपा का खेल नहीं समझ पाए। हम उनका खेल समझते हैं, और हम बंगाल में उनका खेल सफल नहीं होने देंगे। अगर उन्होंने बंगाल को छूने की कोशिश की, तो हम पूरे देश को हिला देंगे। रैली के बाद ममता ने एसआईआर के खिलाफ दूसरी बार सड़क पर उतरकर मतुआ के गढ़ ठाकुरनगर में तीन किलोमीटर लंबे पैदल मार्च का भी नेतृत्व किया। इससे पहले ममता ने इस माह की शुरुआत में चार नवंबर को राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के दिन इसके खिलाफ तृणमूल द्वारा कोलकाता में आयोजित तीन किलोमीटर लंबे पैदल मार्च का नेतृत्व किया था।

चुनाव आयोग को बताया 'भाजपा आयोग'

चुनाव आयोग भी तीखा प्रहार करते हुए ममता ने उसे भाजपा आयोग बताया। ममता ने शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जब तक मैं यहां हूं, मैं उन्हें आपका नाम मतदाता सूची बाहर नहीं निकालने दूंगी। ममता ने कहा कि अगर बांग्लादेशी समस्या है, तो आप मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एसआइआर क्यों कर रहे हैं? मैं भाजपा से नहीं डरती।

ममता ने वोटर लिस्ट से नाम हटाने पर दी चेतावनी

ममता ने कहा कि ट्रेनें, प्लेन, बार्डर सब सेंट्रल एजेंसियों के नियंत्रण में हैं। पासपोर्ट, कस्टम और एक्साइज सब सेंट्रल सरकार देखती है। फिर हमने बंगाल में बांग्लादेशियों की घुसपैठ कैसे कराई ?

ममता ने मतुआ समुदाय की ओर इशारा करते हुए यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सीएए कार्ड (नागरिकता दिलाने) के नाम पर कार्ड बेच रही है और पैसे इकट्ठा कर रही है। उन्होंने आगाह किया कि भाजपा के झांसे में आने पर आपको और मुश्किल में डालेगा।

सीएए कार्ड के नाम पर पैसे उगाहने का आरोप

ममता ने आगे दावा किया कि एसआईआर की वजह से बंगाल में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। ममता ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा डुप्लीकेट वोटर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर रही है। यह भाजपा का नया प्लान है।

500 वर्षों में कई साम्राज्य बदले लेकिन आस्था टिकी रही : सीएम योगी

अयोध्या। अयोध्या ध्वजारोहण कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है। प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान व आत्मगौरव का प्रतीक है। सीएम योगी ने भव्य मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का भी अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आज का पावन दिन उन पूज्य संतों, योद्धाओं, श्रीरामभक्तों की अखंड साधना-संघर्ष को समर्पित है, जिन्होंने आंदोलन व संघर्ष के लिए जीवन को समर्पित किया। विवाह पंचमी का दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है।

मुख्यमंत्री-गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज के आरोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत की उपस्थिति में अपने विचार रखे। सीएम योगी समेत सभी विशिष्टजनों ने झुककर भगवा ध्वज को प्रणाम निवेदित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत को स्मृति चिह्न भी प्रदान किया।

सरहद पार कर पाक से भारत आया प्रेमी जोड़ा...

■ बॉर्डर पार करते समय बीएसएफ ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास एक पाकिस्तानी लड़के और उसकी गर्लफ्रेंड को पकड़ा गया है। सीमा पर देखे जाने के बाद सिक्योरिटी फोर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार ये दोनों घर से भागकर यहां पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने सोमवार को इंटरनेशनल बॉर्डर पार करने के बाद पोपट (24) और गौरी (20) को हिरासत में लिया।

बालासर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि पोपट और गौरी रविवार रात को इंटरनेशनल बॉर्डर से 8 किलोमीटर दूर पाकिस्तान में अपने गांव से भाग गए थे। उन्होंने पैदल ही यह दूरी तय की थी। उन्होंने बताया कि पिलर नंबर 1016 के पास पट्रोलिंग कर रहे बीएसएफ जवानों ने दोनों को हिरासत में लिया।

अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान कपल ने बताया कि वे इसलिए भागे थे क्योंकि उनके परिवार उनकी शादी के खिलाफ थे। पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि संबंधित एजेंसियां आगे की जांच करेंगी। फिलहाल पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस के मुताबिक पिछले दो महीने में इस तरह की यह दूसरी घटना है। इससे पहले, 8 अक्टूबर को बॉर्डर पर दो लोगों को इसी तरह हिरासत में लिया गया था।

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर फिर किया हमला,10 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच छिड़ा संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर शांति समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। दूसरी ओर पाकिस्तान आए दिन अफगानिस्तान के नागरिकों को निशाना बनाकर बमबारी करने में लगा हुआ है। पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान में घुसपैठ कर सोमवार की देर रात को हमले को अंजाम दिया। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने मंगलवार को बताया कि इन हमलों में नौ बच्चों और एक शख्स की मौत हो गई। अफगान सरकार के प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'बीती रात करीब 12 बजे खोस्त प्रांत के गोरबुज जिले के मुगलगई इलाके में पाकिस्तानी हमलावर सैन्यबलों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में एक स्थानीय नागरिक वलीयत खान की मौत हो गई। साथ ही पांच लड़के और चार लड़कियों की मौत हो गई।' जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि कुनार और पक्तिका इलाकों में भी पाकिस्तान की ओर से एयरस्ट्राइक की गई है। इन हमलों में चार नागरिक घायल हुए हैं। अफगानिस्तान में अमेरिका के पूर्व राजदूत जालमे खलीलजाद ने पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया। खलीलजाद ने कहा कि नागरिकों की हत्या और व्यापक युद्ध का जोखिम उठाना पाकिस्तान और अफगानिस्तान की दिक्कतों का हल नहीं है। उन्होंने कहा कि धैर्यपूर्ण और यथार्थवादी कूटनीति एक बेहतर विकल्प है। पूर्व राजदूत जालमे खलीलजाद ने बताया कि ऐसी खबरें हैं कि तुर्किए का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद और काबुल का दौरा करेगा, ताकि दोनों देशों के बीच समझौता कराया जा सके।

'तमिल विशिष्टता में केवल हिंदी नहीं, तेलगू-कन्नड़-मलयालम के लिए भी घृणा': आरएन रवि

चेन्नई। तमिलनाडु के सियासी गलियारों में तमिल बनाम हिंदी का मुद्दा हमेशा ही सुर्खियों में रहता है। इस बीच तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि का बड़ा बयान सामने आया है। राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रवाद नहीं है, बल्कि यह अनिवार्य रूप से तमिल 'विशिष्टता' है, जो इस बात पर जोर देता है कि तमिल अन्य भाषाओं से अलग है।

तमिलनाडु के राज्यपाल के तौर पर आर.एन. रवि का एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार के साथ गतिरोध का लंबा इतिहास है। राज्यपाल ने कहा, 'यह तमिल विशिष्टता अन्य भाषाओं के प्रति घृणा से व्यक्त होती है, यहां तक कि द्रविड़ परिवार से संबंधित तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम जैसी भाषाओं के प्रति भी। यह केवल हिंदी तक ही सीमित नहीं है।'

उन्होंने तमिल राजनेताओं की आलोचना करते हुए यह भी कहा कि वे वास्तव में तमिल से प्रेम नहीं करते, क्योंकि उन्होंने तमिल भाषा या तमिल संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए कुछ भी नहीं किया है।

दोबारा चालू होगी बिहार की सबसे पुरानी चीनी मिल

पटना। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार में बंद चीनी मिलों को फिर से चलाने करने का वादा किया था. अब जब नई सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में राज्य की बंद नौ चीनी मिलों को फिर से चालू करने की घोषणा की है तो इससे बिहार की सबसे पुरानी चनपटिया चीनी मिल में एक बार फिर प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीदें जगी है।

खेल व्यापार एवं मनोरंजन

आईटी-मीडिया शेयरों में बिकवाली; सेंसेक्स 313 अंक गिरा, निफ्टी 25900 के नीचे पहुंचा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में इस हफ्ते लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। मीडिया और आईटी शेयरों में बड़ी बिकवाली के साथ मंगलवार सेंसेक्स 313.70 (0.36त्न) अंक टूटकर 84,587.01 पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान, यह 363.98 अंक या 0.42 प्रतिशत गिरकर 84,536.73 अंक पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 93.91 (0.36त्न) अंक टूटकर 25,865.60 पर पहुंच गया। इस दौरान अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में तीन फीसदी और ट्रेंट के शेयरों में दो फीसदी की गिरावट देखी गई। रुपया भी चार पैसे टूट गया।

रुपया चार पैसे टूटकर 89.20 पर बंद हुआ

घरेलू शेयर बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच मंगलवार को रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवा दी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे कमजोर होकर 89.20 (अनंतिम) पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 89.02 पर खुला और कारोबार के दौरान 89.27 के निचले स्तर तक गया। विश्लेषकों के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने रुपये को सहारा दिया, लेकिन विदेशी फंडों की निकासी और मजबूत डॉलर ने दबाव बनाए रखा।

एफवाई 26 में भारतीय अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर को पार कर सकती है'



नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार ट्रिलियन डॉलर को पार करने की उम्मीद है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह दावा किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक भू-राजनीति एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। ऐसे में तेजी से आर्थिक वृद्धि भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति और वैश्विक प्रभाव बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मार्च 2025 के अंत तक देश की जीडीपी 3.9 ट्रिलियन डॉलर थी।

किसान की बेटी और अस्मिता साइक्लिस्ट पूजा बिश्नोई ने इतिहास रचा

जयपुर(वार्ता)। मंगलवार की एक हवादार सुबह जयपुर-आगरा हाईवे पर, सुबह के ट्रैफिक की जानी-पहचानी शांति की जगह रेसिंग टायरों की आवाज और दर्शकों का बढ़ता उत्साह ले रहा था। यह खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का रोड साइक्लिंग इवेंट था, और ठंडी हवा में साइकिल चला रहे राइडर्स में एक युवा महिला भी थी, जिसका स्टार्ट लाइन तक का सफर उन 30 किलोमीटर से कहीं ज़्यादा लंबा और मुश्किल था, जिन्हें वह दौड़ने वाली थी। बीकानेर के एक छोटे से गांव की 22 साल की पूजा बिश्नोई, जो एक किसान की बेटी हैं और बिब नंबर-44 पहने हुए हैं, लाइनअप में सिर्फ़ एक और एथलीट नहीं थीं। वह हिम्मत और हिम्मत की कहानी थी-कोई ऐसा जिसने खड़ी सड़कों या तंग मोड़ों से कहीं ज़्यादा बड़ी मुश्किलों को पार किया था। इवेंट के आखिर तक, वह महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते हुए, गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई।

भारत सीरीज गंवाने और क्लीन स्वीप झेलने के संकट में

गुवाहाटी (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी चौथे दिन मंगलवार को पांच विकेट पर 260 रन पर घोषित कर भारत के सामने जीत के लिए 549 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए भारत ने स्टंप्स तक तक दो विकेट पर 27 रन बना लिए हैं। भारत अभी लक्ष्य से 522 रन पीछे है।

टूटी जय वीरू की जोड़ी...

मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में धर्मेंद्र की गिनती होती थी। धर्मेंद्र ने अपनी एक्टिंग और स्मार्टनेस से सभी को दीवाना बना लिया था, लेकिन कल कुछ ऐसा हुआ जिसे देख हर एक फैन ने आंसू बहाए। 89 वर्ष की उम्र में धर्मेंद्र ने आखरी सांस लेकर हमेशा हमेशा के लिए हमारे बीच से चले गए। काफी समय से धर्मेंद्र बीमार चल रहे थे और अस्पताल से डिस्चार्ज मिलने के बाद वो घर पर ही थे। कल 24 नवंबर को उनका निधन हो गया। अब हाल ही में धर्मेंद्र के बेस्ट फ्रेंड अमिताभ बच्चन ने पोस्ट शेयर कर दिवंगत एक्टर को श्रद्धांजलि दी।

एक्स पर अमिताभ बच्चन अपने दोस्त धर्मेंद्र के लिए लिखते हैं, 'एक और बहादुर दिग्गज हमें छोड़कर चला गया.. मैदान छोड़कर.. अपने पीछे एक ऐसी खामोशी छोड़ गया जिसे सहा नहीं जा सकता। धरम जी, महानता की मिसाल, जो न सिर्फ़ अपनी मशहूर शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और सबसे प्यारी सादगी के लिए भी हमेशा याद किए जाते है। वे अपने साथ पंजाब के उस गाँव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहाँ से वे आए थे, और उसी के स्वभाव के सच्चे रहे। अपने शानदार करियर में बेदाग रहे, एक ऐसी बिरादरी में जिसने हर दशक में बदलाव देखे। हालांकि बिरादरी में बदलाव हुए उनमें नहीं। उनकी मुस्कान, उनका चार्म और उनका अपनापन, जो उनके आस-पास आने वाले सभी लोगों तक फैला हुआ था। इस प्रोफेशन में एक दुर्लभ चीज। हमारे आस-पास की हवा खाली है और एक खालीपन जो हमेशा खाली रहेगा।'

स्ट्रगल कर रही फरहान अख्तर की '120 बहादुर'

साल 2025 में अब तक बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों ने दस्तक दी है। 21 नवंबर के दिन फरहान अख्तर की वॉर ड्रामा '120 बहादुर' को भी मेकर्स ने बड़े परदे पर पेश किया। खास बात यह है कि फिल्म क्रिटिक्स और जिन लोगों ने भी इस मूवी को बड़े परदे पर देखा, उन सभी ने इसकी खूब तारीफ की। दमदार परफॉर्मेंस और शानदार कहानी होने के बाद भी '120 बहादुर' बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में संघर्ष कर रही है। पहले सोमवार को इस मूवी के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली है।

धोखाधड़ी के आरोपी ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 28.09.2024 को प्रार्थी महावीर यादव पिता बहुर राम यादव उम्र 24 साल साकिन वार्ड क्रमांक 03 सांकरा थाना पाण्डुका जिला गरियाबंद छ.ग. से आरोपी हाफीज खान पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में भृत्य के पद पर नौकरी लगाने के नाम 2,30,000/रूपये लिया था। नौकरी नही लगाने तथा दिये गये रकम को वापस नही कर नौकरी लगाने के नाम से धोखाधडी करने की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद में अपराध क्रमांक 265/2025 धारा 318(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लिया गया जो अपने कथन में नौकरी लगाने के नाम पर रकम लेकर तीन महीने तक पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास गरियाबंद में काम कराना तथा नियुक्ति पत्र मांगने पर नही देना व दिये हुए रकम को वापस नही करना बताये।

प्रकरण मे विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ है कि आरोपी हाफीज खान के द्वारा आवेदक महावीर यादव के अलवा अन्य आवेदक खोमेन्द्र साहू से भी नौकरी लगने के नाम पर झांसा देकर पैसा लिया है। आवेदक खोमेन्द्र साहू के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आकर आरोपी हाफीज खान के विरूद्ध शिकायत आवेदन दिया गया। उक्त शिकायत आवेदन में आवेदक से नौकरी लगवाने के नाम पर 3,10,000/रूपये ले कर ठगी किया है। साथ ही यह भी तथ्य सामने आया की पाण्डुका निवासीं दिग्विजय ध्रुव के पास से भी नौकरी लगवाने के नाम पर 2,30,000/रूपये आरोपी हाफीज खान के द्वारा रकम लिया गया है। इस प्रकार आरोपी हाफीज खान के द्वारा अलग-अलग लोगों से नौकरी लगवाने के नाम पर 07 लाख 70 हजार कर धोखाधड़ी किया है। विवेचना के दौरान आरोपी हाफीज खान निवासी मालगांव के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेष किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना सिटीकोतवाली गरियाबंद पुलिस टीम की विषेष भूमिका रही।

गिरफ्तार आरोपी –

हफीज खान पिता अब्दुल हमीद खान उम्र 45 साल साकिन मालगांव थाना व जिला गरियाबंद छ0ग0।

मारपीट के मामले में महिला को डंडे से पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम रेमड़ा में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में दो महिलाओं के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को सरस्वती बंछोर ने बताया कि 23 नवंबर को वह घर पर अकेली थी, शाम करीब सात बजे उसकी भाई बहू चंपा ने घर मेरा है और तुम घर से चले जाओ कहते हुए गाली-गलौज कर हाथ मुक्का एवं हंसिया से मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोट आई है। इस दौरान मां धनबाई ने भी उसके साथ डंडे से मारपीट की। जिससे बांये हाथ की कलाई पर चोट आई है। इसके बाद फिर रात 12 बजे उसकी मां धनबाई व भाई बहू चंपा ने घर से भाग जाओ कहकर सब कपड़ों को बाहर फेंक दिया। प्रार्थिया ने मामले की जानकारी ग्राम कोटवार को देने के बाद बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने प्रतिभावान छात्रों को किया पुरस्कृत

धरसीवा / कूंरा/नवप्रदेश। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) गतिविधियों के सामाजिक सरोकार अंतर्गत जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्पित है । जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस के स्वेन के निर्देशन में निको द्वारा आसपास गांव के 500 से अधिक प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष पुरस्कृत करता है इसी कड़ी में आज कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा माल्यार्पण ,सरस्वती वंदना पश्चात स्कूल की छात्राओं द्वारा अतिथि स्वागत गीत ,नृत्य के माध्यम से किया गया तत्पश्चात स्कूल का प्रतिवेदन प्रधान पाठक संजय वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अकोली ने दिया तत्पश्चात

प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री देकर पुरुस्कृत किया जिसमें कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 वीं तक के 32 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अपने कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के अलावा एक विशेष बालिका को भी पुरुस्कृत किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जायसवाल निकों इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मानव संसाधन विभाग के अध्यक्ष आलोक पांडे ,सरपंच उमा वर्मा,ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आप बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं आगे चलकर देश की उन्नति में आपकी भागीदारी होगी इसके लिए शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है

जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड से उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन विभाग मोहम्मद मोहिबुल्लाह खान राम स्नेही गौराहा ,राजेंद्र राठौड़ , अमित सिंह, सुधांशु नायक, एवं ग्राम से सरपंच प्रतिनिधि राहुल वर्मा , शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरक राम वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार दीवान, शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक आशा वर्मा एवं स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं ग्रामवासी एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com